दैनिक नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक K & K RNI No.61546/95


क्षितिज किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-32 अंक-241 नर्मदापुरम (होशंगाबाद) गुरूवार 05 नवम्बर 2026 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना

गांधी जी के अनमोल वचन



गुलाब को उपदेश देने की आवश्यकता नहीं होती है। वह तो केवल अपनी खुशी बिखेरता है। उसकी खुशबू ही उसका संदेश है।

चुनाव आयोग का बड़ा फैसला : फॉर्म-6 से हटाया एसआईआर घोषणा का कॉलम, अब भरने होंगे अलग-अलग फॉर्म

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारतीय चुनाव आयोग ने स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन को लेकर अपने फैसले में एक बार फिर बदलाव किया है। आयोग ने नए मतदाताओं के पंजीकरण के लिए इस्तेमाल होने वाले फॉर्म-6 से एसआईआर से संबंधित घोषणा वाले विवादित कॉलम को हटा दिया है। अब नए मतदाताओं को वोटर रजिस्ट्रेशन और एसआईआर की प्रक्रिया के लिए ईसीआईनेट पोर्टल पर अलग-अलग फॉर्म भरने होंगे। यह फैसला उन राज्यों में भी लागू होगा, जहां फिलहाल SIR की प्रक्रिया जारी है। पिछले छह हफ्तों में यह तीसरी बार है, जब आयोग ने फॉर्म-6 को लेकर अपना रुख बदला है। दरअसल, आयोग ने ऑनलाइन फॉर्म-6 में SIR से जुड़ा एक अतिरिक्त कॉलम जोड़ा था, जिसे भरना अनिवार्य था। इसमें आवेदक को तीन विकल्पों में से एक चुनकर बताना होता था कि क्या उसका नाम वर्ष 2000 के बाद हुई एसआईआर की मतदाता सूची में था, क्या उसके माता-पिता या दादा-दादी का नाम उस सूची में था या फिर इनमें से किसी



का नाम पिछली मतदाता सूची में नहीं था। इस घोषणा के बिना आवेदन की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ सकती थी। अब इस कॉलम को हटाकर SIR के लिए अलग फॉर्म उपलब्ध करा दिया गया है। फॉर्म-6 में SIR घोषणा जोड़ने के फैसले पर चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी ने आपत्ति जताई थी। रिपोर्ट के मुताबिक, विवेक जोशी ने 16 मई को कहा था कि निर्धारित फॉर्म में बदलाव के लिए कानूनी संशोधन जरूरी है। वहीं, सुखबीर सिंह संधू ने 13 अगस्त को इस बदलाव को अनधिकृत और अवैध बताते हुए इसे हटाने की मांग की थी। इसके बावजूद जुलाई में ऑनलाइन फॉर्म-6 में यह कॉलम जोड़ दिया गया था। दरअसल, फॉर्म-6 का प्रारूप मतदाता पंजीकरण नियम, 1960 के तहत निर्धारित है और इसमें संशोधन का अधिकार केंद्र सरकार के पास है। ऐसे में आयोग द्वारा अपने स्तर पर बदलाव किए जाने पर सवाल उठे थे। चुनाव आयोग ने 26 अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट में दाखिल जवाबी हलफनामे में बताया था कि उसकी इलेक्टोरल रोल डिवीजन ने 21 अक्टूबर को फॉर्म-6 और SIR घोषणा को अलग करने का फैसला लिया था। आयोग के अनुसार, दोनों प्रक्रियाओं को एक फॉर्म में रखने का उद्देश्य आवेदकों की सुविधा था, ताकि उन्हें दो बार ओटीपी और ई-सिग्नेचर की जरूरत न पड़े। हालांकि, आयोग ने माना कि ऑनलाइन फॉर्म में घोषणा को जिस तरह शामिल किया गया।



कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, पंजाब कांग्रेस प्रमुख परगट सिंह और अन्य कांग्रेस नेता पंजाब के संगरूर में इंसाफ रैली में शामिल हुए।

राहुल गांधी का भगवंत मान पर निशाना, बोले- उनके मुंह से शराब की बदबू आती थी



संगरूर (आरएनएस)। कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान पर शराब पीने को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं। पंजाब के संगरूर में आयोजित इंसाफ रैली को संबोधित करते हुए राहुल ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने सत्ता में आने से पहले प्रदेश से नशे की समस्या पूरी तरह समाप्त करने का वादा किया था, लेकिन वह इस वादे को पूरा करने में विफल रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि जब भगवंत मान लोकसभा के सदस्य थे, तब सुबह-सुबह उनके मुंह से शराब की बदबू आती थी।राहुल गांधी ने रैली में कहा कि पंजाब की जनता ने भगवंत मान और आम आदमी पार्टी पर भरोसा जताकर उन्हें सत्ता सौंपी थी।

गुवाहाटी होटल गोलीकांड का मुख्य आरोपी पुलिस मुठभेड़ में मारा गया

-पांच लोगों की हत्या के आरोपी घनकांत गोगोई ने पुलिस अधिकारी की पिस्तौल छीनने की कोशिश की, जवाबी गोलीबारी में हुई मौत

गुवाहाटी, (आरएनएस)। असम की राजधानी गुवाहाटी के एक होटल में 26 अक्टूबर को हुई गोलीबारी में पांच लोगों की हत्या के मुख्य आरोपी घनकांत गोगोई की बुधवार को पुलिस मुठभेड़ में मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, असम के शिवसागर जिले में तलाशी और पूछताछ के लिए ले जाते समय गोगोई ने कथित तौर पर एक पुलिस अधिकारी की सरकारी पिस्तौल छीनने की कोशिश की। इस दौरान हुई हाथापाई और गोलीबारी में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई। घटना में एक उपनिरीक्षक भी घायल हुआ है, जिसकी हालत स्थिर बताई गई है।शिवसागर जिले की वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पापोरी चेतिया ने बताया कि वर्ष 2024 के बैंक धोखाधड़ी मामले में गोगोई को गुवाहाटी केंद्रीय जेल से शिवसागर लाया जा रहा था। पुलिस दल जब फुलपानीचिगा के पास पहुंचा तो गोगोई ने शौच के लिए वाहन से बाहर निकलने की इच्छा जताई। वाहन से उतरते ही उसने कथित तौर पर उपनिरीक्षक देबाशीष शर्मा की सरकारी पिस्तौल छीनने का प्रयास किया। शर्मा बैंक धोखाधड़ी मामले में जांच अधिकारी भी हैं।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक चेतिया के अनुसार, गोगोई पेशेवर निशानेबाज था और उसने अचानक पुलिस अधिकारी की पिस्तौल छीनने की कोशिश की। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच हाथापाई हुई और दो से तीन राउंड गोलियां चलीं।

राहुल गांधी की एसआईआर के खिलाफ मुहिम को जनता का समर्थन मिल रहा है : सीएम सुक्खू

शिमला ,(आरएनएस)। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित रैली को लेकर कहा कि विपक्ष का काम जनता की आवाज उठाना है और लोकतंत्र में रैलियों व आंदोलनों के जरिए अपनी बात रखना इसकी महत्वपूर्ण विशेषता है। मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा कि रामलीला मैदान में आयोजित रैली में लाखों की संख्या में लोग शामिल हुए। उन्हें खुशी है कि जनता यह समझ रही है कि राहुल गांधी एसआईआर के जरिए कथित धांधली को रोकने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस रैली में शामिल होने के लिए हिमाचल प्रदेश से भी बड़ी संख्या में लोग दिल्ली पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता की आवाज को उठाना विपक्ष की जिम्मेदारी है और लोकतंत्र में ऐसे आयोजनों के जरिए लोगों को अपनी बात रखने का अवसर मिलता है।

राजस्थान में भारत-पाक सीमा के पास रेलवे पटरी पर जोरदार धमाका, ट्रैक पर हुआ गड्ढा

-अनूपगढ़-सूरतगढ़ रेल मार्ग पर छह ट्रेनें रद्द, आईबी, सीआईडी और आतंकवाद निरोधक दस्ते ने शुरू की जांच

श्रीगंगानगर (आरएनएस)। राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले में भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास रेलवे पटरी पर बीती रात जोरदार धमाका होने से हड़कंप मच गया। धमाके की आवाज करीब 200 मीटर दूर तक सुनाई दी। विस्फोट के कारण रेलवे पटरी के नीचे लगे दो सीमेंट के खंड क्षतिग्रस्त हो गए और ट्रैक पर बड़ा गड्ढा बन गया। घटना के बाद एहतियातन अनूपगढ़ और सूरतगढ़ के बीच रेल यातायात रोक दिया गया। इस मार्ग पर चलने वाली छह ट्रेनों को रद्द करना पड़ा। सीमावर्ती और संवेदनशील क्षेत्र में हुई इस घटना के बाद कई जांच एवं सुरक्षा एजेंसियां मौके पर पहुंच गई हैं।

जानकारी के अनुसार, धमाका अनूपगढ़-सूरतगढ़ रेलवे मार्ग पर 50 जीबी बिंदु के पास हुआ। विस्फोट इतना जोरदार था कि आसपास के इलाके में इसकी आवाज दूर तक सुनाई दी। बताया गया है कि धमाके से करीब आधा घंटा पहले अनूपगढ़ से सूरतगढ़ जा रही एक ट्रेन इसी मार्ग से गुजरी थी। इससे एक बड़ी रेल दुर्घटना टल गई।



घटना की सूचना मिलने के बाद सुरक्षाकर्मियों की टीम रात करीब दो बजे घटनास्थल पर पहुंची। सुरक्षा की दृष्टि से अनूपगढ़ और सूरतगढ़ के बीच रेल सेवाएं सुबह नौ बजे तक निलंबित कर दी गईं। इसके बाद रेलवे मार्ग की जांच और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक कदम उठाए गए। सीमा से सटे संवेदनशील इलाके में रेलवे पटरी पर विस्फोट की सूचना मिलते ही खुफिया ब्यूरो (आईबी), अपराध जांच विभाग (सीआईडी) और आतंकवाद निरोधक दस्ते के अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। जांच एजेंसियां विस्फोट के कारणों और इसकी प्रकृति का पता लगाने में जुटी हैं।

श्रीगंगानगर के पुलिस अधीक्षक हरिशंकर ने बताया कि घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने के लिए विधि विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) की टीम को बुलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि फिलहाल यह कहना जल्दबाजी होगी कि विस्फोट किस प्रकृति का था। सीमा क्षेत्र में हाल ही में बरामद 7.5 किलोग्राम आरडीएक्स से इस घटना का कोई संबंध स्थापित नहीं हुआ है। मामले की जांच जारी है।

गौरतलब है कि पिछले महीने सुरक्षा एजेंसियों ने पाकिस्तान सीमा से सटे श्रीगंगानगर जिले के रावला मंडी क्षेत्र में बड़ी मात्रा में हथियार और विस्फोटक सामग्री बरामद की थी।

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ 20 साल पुराने रिश्वत मामले में नए सिरे से जांच के आदेश

तिरुवनंतपुरम (आरएनएस)। केरल सरकार ने मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार से जुड़े करीब 20 साल पुराने रिश्वत मामले में नए सिरे से जांच शुरू करने का निर्देश दिया है। राज्य के गृह मंत्री रमेश चेन्निथला ने एक शिकायत मिलने के बाद सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (वीएसबी) को मामले की दोबारा जांच करने के निर्देश दिए हैं। नई जांच में यह पता लगाया जाएगा कि क्या पिछली जांच के दौरान आरोपों से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं की अनदेखी की गई थी। हालांकि, इस मामले में ज्ञानेश कुमार के खिलाफ लगाए गए आरोप अब तक साबित नहीं हुए हैं। यह मामला केरल राज्य परिवहन परियोजना (केएसटीपी) से जुड़ा है। उस समय ज्ञानेश कुमार राज्य के लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के सचिव के पद पर कार्यरत थे। कोल्लम जिले के चदयामंगलम निवासी ठेकेदार साजन ने आरोप लगाया था कि परियोजना के तहत पूरा हो चुके कार्यों का भुगतान जारी करने के एवज में ज्ञानेश कुमार ने उनसे दो करोड़ रुपये की रिश्वत मांगी थी। शिकायतकर्ता साजन के मुताबिक, ज्ञानेश कुमार ने जानबूझकर करीब 17 करोड़ रुपये के बिलों के भुगतान से जुड़े चेक रोक लिए थे, जबकि विभागीय अभियंताओं ने इन बिलों को पहले ही मंजूरी दे दी थी।



सऊदी के रियाद हवाई अड्डे पर हूती हमले में घायल भारतीय ने आईसीयू में दम तोड़ा

नईदिल्ली (आरएनएस)। सऊदी अरब के रियाद हवाई अड्डे पर 10 अक्टूबर को हुए हूती विद्रोहियों के हमले में घायल एक भारतीय नागरिक ने बुधवार को दम तोड़ दिया। इसकी जानकारी सऊदी में भारतीय दूतावास ने दी। उसने बताया कि घटना के बाद वह परिवार के साथ हर परिस्थिति में खड़ा था। दूतावास का कहना है कि परिवार उनके शव को भारत लाना चाहे या रियाद में ही अंतिम संस्कार कराना चाहे, तो वह इसके लिए हरसंभव मदद कर रहे हैं। दूतावास ने बताया, भारी मन से हम यह जानकारी दे रहे हैं कि 10 अक्टूबर को रियाद हवाई अड्डे पर हुए हमले में गंभीर रूप से घायल एक और भारतीय नागरिक का आईसीयू में निधन हो गया है।



सनी देओल की फिल्म सूर्या की रिलीज पर रोक लगाने से दिल्ली हाईकोर्ट का इनकार

-कहा मामले की सुनवाई पहले से जारी, फिल्म के दृश्य को लेकर डॉक्टरों ने जताई है आपत्ति



नई दिल्ली (आरएनएस)। अभिनेता सनी देओल की आगामी फिल्म सूर्या अंत से आरंभ तक कानूनी विवादों में घिर गई है। फिल्म की रिलीज पर रोक लगाने की मांग को लेकर दायर जनहित याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट ने बुधवार को सुनवाई करने से इनकार कर दिया। मुख्य न्यायाधीश नितिन वासुदेव साम्ब्रे और न्यायमूर्ति संजय शर्मा की खंडपीठ ने कहा कि इस मामले में अलग से सुनवाई करने का कोई औचित्य नहीं है, क्योंकि इससे संबंधित याचिका पर पहले ही अदालत में सुनवाई चल रही है।लाइव लॉ की रिपोर्ट के अनुसार, हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया कि एकल न्यायाधीश की पीठ पहले से ही इस मामले से जुड़ी याचिका पर विचार कर रही है। उस याचिका पर 16 नवंबर को सुनवाई निर्धारित है। ऐसे में एक ही मामले में समानांतर कार्यवाही चलाने की आवश्यकता नहीं है।

अदालत ने याचिकाकर्ताओं को सुझाव दिया कि वे एकल न्यायाधीश के समक्ष चल रही कार्यवाही में शामिल होकर अपनी बात रख सकते हैं। साथ ही उन्हें संबंधित अधिकारियों के समक्ष भी अपनी आपत्तियां और पक्ष रखने की स्वतंत्रता दी गई।यह जनहित याचिका डॉ. नचिकेता भाटिया और डॉ. ध्रुव चौहान की ओर से दायर की गई थी। याचिकाकर्ताओं ने आरोप लगाया कि फिल्म सूर्या के प्रचार दृश्य में स्वास्थ्य विभाग के खिलाफ हिंसा को नायकत्व के रूप में प्रस्तुत किया गया है। इसके अलावा स्वास्थ्य सेवा से जुड़े पेशे में भ्रष्टाचार को सामान्य व्यवहार के तौर पर दिखाया गया है।

खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई, नर्मदापुरम और बनखेड़ी में मिठाई दुकानों एवं डेयरियों का निरीक्षण

विभिन्न प्रतिष्ठानों से मावा, दूध एवं मिठाइयों सहित खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर जांच के लिए भेजे



नर्मदापुरम (निप्र)। दीपावली पर्व के दृष्टिगत जिले में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन एवं खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा खाद्य प्रतिष्ठानों, डेयरियों तथा मिठाई विनिर्माण केंद्रों का नियमित निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में नर्मदापुरम एवं बनखेड़ी में अलग-अलग दलों द्वारा कार्रवाई करते हुए विभिन्न खाद्य पदार्थों के नमूने एकत्रित किए गए तथा अनियमितताएं पाए जाने पर आवश्यक कार्रवाई की गई।नर्मदापुरम में खाद्य सुरक्षा विभाग के दल ने ग्वालटोली स्थित यादव डेयरी एंड स्वीट से मलाई बर्फी एवं भैंस के दूध के नमूने लिए। अमर चौक स्थित महेश स्वीट्स एंड डेयरी के कारखाने से मावा एवं मावा बर्फी तथा अमर चौक स्थित घंटी वाला डेयरी से पिस्ता बर्फी, बेसन लड्डू, सेव नमकीन एवं खोपरा बर्फी सहित विभिन्न खाद्य पदार्थों के नमूने एकत्रित किए गए। सभी नमूनों को जांच के लिए राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजा गया है। निरीक्षण के दौरान यादव डेयरी एंड स्वीट में खाद्य सुरक्षा नियमों का उल्लंघन एवं अस्वच्छता पाए जाने पर मौके पर ही खाद्य पंजीयन निलंबित कर दिया गया। साथ ही 15 लीटर कड़ाई का सोयाबीन तेल एवं 3 किलो संदिग्ध केसर बर्फी नष्ट कराई गई। महेश स्वीट्स के कारखाने में 6 किलो संदिग्ध बूंदी लड्डू एवं मावा बर्फी तथा घंटी वाला डेयरी में 5 किलो संदिग्ध पिस्ता बर्फी भी मौके पर नष्ट कराई गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारी भोजराज सिंह धाकड़ ने विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर संचालकों को परिसर में स्वच्छता बनाए रखने तथा खाद्य सुरक्षा के निर्धारित मानकों एवं नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करने के निर्देश दिए। इसी क्रम में जिला प्रशासन एवं खाद्य सुरक्षा प्रशासन के एक अन्य दल द्वारा तहसीलदार श्रीमती अंजू लोधी के नेतृत्व में बनखेड़ी की मिठाई दुकानों का निरीक्षण किया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी जितेंद्र सिंह राणा द्वारा बीकानेर मिष्ठान भंडार से बेसन लड्डू, श्याम स्वीट्स से गुलाब जामुन, कलाकंद एवं मगज लड्डू तथा अग्रवाल स्वीट्स से मिठाई के नमूने एकत्रित किए गए। सभी नमूनों को जांच के लिए राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। खाद्य पदार्थों की जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी। जिला प्रशासन एवं खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा जिले में मावा, मिठाई एवं अन्य खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण एवं खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच नियमित रूप से जारी रहेगी।

K K

राजधानी समाचार





गुरुवार 05 नवम्बर 2026,नर्मदापुरम् (होशंगाबाद)

दैनिक क्षितिज किरण 2

दीपावली पर सभी व्यवस्थाएं रहें चाक-चौबंद : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

प्रतिबंधित पटाखों, कार्बाइड गन और कार्बाइड लैंप का उपयोग नही होने पाए मादक पदार्थों की अवैध खेती और इनके उपयोग पर लगाएं रोक

भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सभी लोग दीपावली हर्ष और आनंद से मनायें, परंतु कहीं भी किसी भी प्रकार का असामाजिक काम न हों। इसके लिए पुलिस और प्रशासन कानून व्यवस्था की सभी व्यवस्थाएं चाक-चौबंद कर लें। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह दीपावली और किसानों के लिए महत्वपूर्ण समय है। दीपावली पर्व और किसानों की जरूरत को ध्यान में रखते हुए प्रदेश का पूरा प्रशासनिक अमला अलर्ट मोड पर रहे। उन्होंने कहा कि किसानों को खाद-उर्वरक या अन्य किसी प्रकार की कठिनाई आई तो इसके लिए कलेक्टर्स जिम्मेदार माने जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को मुख्यमंत्री निवास के समत्व भवन से प्रदेश के सभी कलेक्टर्स एवं पुलिस अधीक्षकों को वीडियो कान्फ्रेंसिंग से संबोधित कर रहे थे।



छोटे व्यापारियों को तहबाजारी से छूट दें

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश के सभी कलेक्टर्स एवं एसपी से कहा कि दीपावली के दौरान अवैध एवं प्रतिबंधित पटाखों का उपयोग न होने पाए। मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक कार्बाइड गन और कार्बाइड लैंप के उपयोग पर भी अंकुश लगाया जाए। उन्होंने कहा कि दीपावली के दौरान बड़े बाजारों में फल, फूल, दिया-बाती, झालर जैसी दुकानें लगाने वाले छोटे दुकानदारों को तहबाजारी से छूट दी जाएं। उन्हें अनावश्यक परेशान न किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिले के अधिकारी दीपावली के दिन छोटे-छोटे बच्चों, गरीब बस्तियों, अनाथालय और वृद्धाश्रम में जाकर उनके साथ दीपावली मनायें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जिले के अधिकारियों से कहा कि वे अपने जिले में अवैध शराब के उपयोग, निर्माण और परिवहन पर सख्त से सख्त कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि जहरीली और नकली शराब बनाने वाले स्थानों को चिन्हित करें और ऐसे लोगों पर कठोरतम वैधानिक कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि अवैध शराब विक्रय में एजेन्टी, पैकारी और डायरी व्यवस्था जैसे असामाजिक कार्यों को सख्ती से रोका जाएं। शराब का परिवहन करने वाले वाहनों का फिजिकल वेरिफिकेशन किया जाए। वैध लायसेंसी शराब की तय कीमत से अधिक कीमत न लें, यह सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस और आबकारी विभाग के अधिकारी समय-समय पर मदिरा के नमूने भी लें और यदि उस मदिरा में मानव उपयोग के लिए हानिकारक तत्व पाए जाते हैं तो ऐसे लायसेंसी पर कठोर कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि भविष्य में किसी भी प्रकार की विषम परिस्थिति उत्पन्न न हों, इसके लिए कलेक्टर्स, पुलिस अधीक्षक और आबकारी अधिकारी मिलकर जिले में एक सुव्यवस्था स्थापित करें।

नशे के विरूद्ध अभियान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश को नशामुक्त प्रदेश बनाने के लिए केन्द्र सरकार के मार्गदर्शन में नशामुक्ति अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिए यह बेहद जरूरी है कि मादक पदार्थ जैसे गांजा, अफीम आदि की अवैध खेती पर सख्ती से अंकुश लगाया जाए। नारकोटिक्स कंट्रोल के लिए नारको नेटवर्क को पूरी तरह ध्वस्त करें। मादक पदार्थ बनाने वाली लैब्स बंद करायें। इसके लिए कॉम्बेट टीम बनाकर इसे सक्रिय करें। अपराधियों पर पीआईटी-एनडीपीएस एक्ट के तहत सख्त कार्रवाई करें। पुलिस और नारकोटिक्स टीम मिलकर सघन चैकिंग चलायें। नशामुक्ति अभियान के लिए गठित जिला स्तरीय समिति (एन्कोर कमिटी) की लगातार मीटिंग करें। अपने जिले के स्कूल, कॉलेज, कोचिंग सेन्टर, बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन जैसी जगहों पर विशेष निगरानी रखें और अवैध रूप से मादक पदार्थों का विक्रय करने वालों के पूरे नेटवर्क का सफाया करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी अधिकारी अपने जिले के जनजातीय एवं अन्य वर्ग के विद्यार्थियों के लिए बनाए गए छात्रावासों को गोद ले और विद्यार्थियों को गुटखा, तम्बाकू, खैनी जैसे नशे का उपयोग कतई नही करने के लिए प्रेरित करें।



महिला बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने बुधवार को मंत्रालय में पी एम केयर फॉर चिल्ड्रेन तथा मुख्यमंत्री कोविड -19 बाल सेवा योजना के बच्चों से मुलाकात कर उनसे संवाद किया।

हनुमान अंश फिल्म के गायक सुनील लोधी की आंखों का इलाज शुरू, सीएम से की थी मदद की गुहार



भोपाल (ए.) बुंदेली गायक सुनील लोधी की आंखों के इलाज की प्रक्रिया शुरू हो गई है। सितंबर में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात के दौरान सुनील और उनके परिवार ने उपचार के लिए मदद मांगी थी। मुख्यमंत्री ने उस समय इलाज कराने के साथ संगीत की शिक्षा और एक लाख रुपये की सम्मान निधि देने का भरोसा दिया था। अब सुनील के उपचार की शुरुआत हो गई है। सागर के रहने वाले सुनील लोधी ने हनुमान अंश फिल्म में गायकी की है। उनकी आवाज को लोगों ने पसंद किया, लेकिन आंखों की परेशानी उनके लिए बड़ी चुनौती बनी हुई थी। सितंबर में मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान परिवार ने उनकी समस्या बताई थी। इसके बाद उनके इलाज की व्यवस्था कराने की बात कही गई थी।

कारोबारी को हनीट्रेप में फंसाकर 40 लाख की वसूली, फिर मांगे डेढ़ करोड़, झूठे केस में फंसाने की धमकी



भोपाल (आरएनएस)। भोपाल में एक प्रतिष्ठित कारोबारी को हनीट्रैप और ब्लैकमेलिंग के जरिए 40 लाख रुपये ऐंठने का मामला सामने आया है। आरोप है कि महिला और उसके परिजनों ने डेढ़ करोड़ रुपये की अतिरिक्त मांग करते हुए झूठे केस में फंसाने और जान से मारने की धमकी दी। राजधानी में प्रतिष्ठित व्यवसायी को हनीट्रैप और ब्लैकमेलिंग का शिकार बनाकर 40 लाख रुपये ऐंठने तथा बाद में डेढ़ करोड़ रुपये की अतिरिक्त मांग करने का मामला सामने आया है। पीड़ित व्यवसायी की शिकायत पर बागसेवनिया थाना पुलिस ने एक महिला, उसके पति और पिता समेत तीन लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। आरोप है कि दुष्कर्म के झूठे मामले में फंसाने की धमकी देकर यह पूरी रकम ऐंठी गई। पीड़ित व्यवसायी ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि पूरे घटनाक्रम की शुरुआत दुष्कर्म के झूठे मामले में फंसाने की धमकी देने के साथ हुई थी।

त्विषा शर्मा केसः पूर्व न्यायाधीश गिरिबाला सिंह को झटका, हाईकोर्ट ने जमानत याचिका कर दी खारिज

भोपाल (ए.)। मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने मॉडल बहू त्विषा शर्मा की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में आरोपी भोपाल की पूर्व जिला व सत्र न्यायाधीश गिरिबाला सिंह की जमानत याचिका खारिज कर दी है। हाईकोर्ट जस्टिस अजय कुमार निरंकारी की एकलपीठ ने अपने आदेश में कहा है कि प्रकरण में आरोपी की भूमिका और कथित मानसिक प्रताड़ना से जुड़े पहलुओं की समग्र जांच आवश्यक है। उपलब्ध साक्ष्यों तथा जांच लंबित होने के कारण एकलपीठ ने जमानत देने से इन्कार कर दिया। गौरतलब है कि 12 मई को पूर्व जिला व सत्र न्यायाधीश गिरिबाला सिंह की मॉडल बहू ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर दी थी। पुलिस ने सास तथा पति समर्थ सिंह के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया था। सास गिरिबाला सिंह को जिला न्यायालय भोपाल से 14 मई को जमानत का लाभ गया था। जिसके खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई थी। हाईकोर्ट ने याचिका की सुनवाई करते हुए उनकी अग्रिम जमानत को निरस्त कर दिया था। जिसके बाद प्रकरण को जांच के लिए सीबीआई को सौंपा था। सीबीआई ने आरोपी गिरिबाला सिंह तथा उसके बेटे को गिरफ्तार किया था।जिला न्यायालय द्वारा जमानत याचिका खारिज



होने के कारण उन्होंने हाईकोर्ट की शरण ली थी। जमानत याचिका की सुनवाई के दौरान उनकी तरफ से तर्क दिया गया था कि कि वह सेवानिवृत्त जिला व सत्र न्यायाधीश है। याचिका में उनकी उम्र तथा बीमारियों को हवाला देते हुए कहा गया कि वह विगत पांच माह से न्यायिक अभिरक्षा में है। सीबीआई ने उनके खिलाफ साक्ष्य नहीं होने के कारण न्यायालय में दहेज एक्ट की धाराओं के तहत चालान पेश नहीं किया है। जांच में याचिकाकर्ता के खिलाफ कोई साक्ष्य प्राप्त नहीं हुआ है। इसके बावजूद भी उन्हें प्रकरण में आरोपी बनाया गया है। वह निर्दोष हैं और उनके विरुद्ध प्रत्यक्ष साक्ष्य उपलब्ध नहीं हैं। सीबीआई व राज्य सरकार की तरफ से जमानत याचिका का विरोध करते हुए कहा गया कि याचिकाकर्ता की तरफ से जांच में सहयोग नहीं किया गया। स्थानीय पुलिस द्वारा बयान दर्ज करवाने के लिए नोटिस जारी किए जाने के बावजूद भी वह उपस्थित नहीं हुईं। इसके अलावा उनके द्वारा साक्ष्यों को मिटाने के प्रयास किए गए। याचिकाकर्ता को जमानत का लाभ प्रदान किया जाता है तो वह साक्ष्यों व गवाहों को प्रभावित कर सकती हैं। सीबीआई जांच के दौरान जब्त किए गए लैपटॉप, सीसीटीवी रिकॉर्डिंग सहित अन्य तकनीकी साक्ष्यों के रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई है। रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद प्रकरण में साक्ष्यों के आधार पर धाराओं को जोड़ा जा सकता है। एकलपीठ ने दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद 26 अक्तूबर को फैसला सुरक्षित रखने के आदेश जारी किए थे। एकलपीठ ने अपने आदेश में कहा है कि मृतका के व्हाट्सऐप संदेश, सीसीटीवी फुटेज और घटना से पहले की परिस्थितियां की जांच आवश्यक है। मृतका के आईफोन से डेटा तथा सीसीटीवी फुटेज की प्रामाणिकता से संबंधित रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई है। अपराध में आरोपी की भूमिका और कथित मानसिक प्रताड़ना से जुड़े पहलुओं की समग्र जांच आवश्यक है। अपराध की गंभीरता, उपलब्ध साक्ष्यों और आगे की जांच लंबित होने के कारण जमानत याचिका खारिज की जाती है।

51 वर्ष पुराने पावर ट्रांसफार्मर के स्थान पर लगा अधिक क्षमता का ट्रांसफार्मर : ऊर्जा मंत्री श्री तोमर



भोपाल (आरएनएस.) ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि पांच दशक तक प्रदेश की बिजली व्यवस्था का अभिन्न हिस्सा रहे एवं बदलते दौर के साथ प्रदेश की औद्योगिक और आर्थिक प्रगति का साक्षी बने सीहोर जिले के इछावर स्थित 132 केवी सबस्टेशन में 20 एम वी ए क्षमता के पुराने पावर ट्रांसफार्मर को वर्षों तक उसके साथ काम करने वाले एमपी ट्रांसको के कार्मिकों ने भावुक मन से विदाई दी। यह विदाई उस मशीन के प्रति सम्मान का भाव थी, जिसने लगभग 50 वर्षों तक बिजली व्यवस्था में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मंत्री श्री तोमर ने बताया कि मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) ने इछावर सबस्टेशन में वर्ष 1975 में भारत बिजली लिमिटेड द्वारा निर्मित 20 एमवीए क्षमता के इस पावर ट्रांसफार्मर के स्थान पर अब 50 एमवीए क्षमता का नया पावर ट्रांसफार्मर स्थापित किया है। आधी सदी पहले ऊर्जीकृत हुआ यह ट्रांसफार्मर अपने विभिन्न सब स्टेशनों में लंबे सेवाकाल के दौरान बदलती विद्युत जरूरतों और बढ़ते बिजली भार के बीच प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा रहा। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने इस ट्रांसफार्मर के लगभग पांच दशक लंबे सेवाकाल के पीछे मध्यप्रदेश विद्युत मंडल और बाद में मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के अभियंताओं एवं मेंटेनेंस कार्मिकों की भूमिका की सराहना करते हुए सभी पुराने और नए कार्मिकों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि समय-समय पर इसके रखरखाव, तकनीकी देखरेख और आवश्यक मेंटेनेंस के जरिए कार्मिकों ने इसे लंबे समय तक कार्यशील बनाए रखा।

एमपी कांग्रेस सेवादल की नई टीम घोषितः अठारह जिलों में नियुक्तियां, पुराने कार्यकर्ताओं को मिला प्रमोशन

भोपाल (ए.)। मध्य प्रदेश कांग्रेस सेवादल ने नई प्रदेश कार्यकारिणी घोषित कर दी है। इसमें उपाध्यक्ष, महासचिव, सचिव, संयुक्त सचिव, प्रशिक्षक और मीडिया-संचार पदों पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है। साथ ही 18 जिलों में मुख्य संगठकों की नियुक्ति की गई है। प्रदेश अध्यक्ष अवनीश भार्गव के मुताबिक, संगठन के समर्पित कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता दी गई है। मध्य प्रदेश कांग्रेस सेवादल में संगठन को नए सिरे से मजबूत करने के लिए प्रदेश कार्यकारिणी का गठन किया गया है। बुधवार



को घोषित नई टीम में उपाध्यक्ष, महासचिव, सचिव, संयुक्त सचिव, प्रशिक्षक और मीडिया-संचार से जुड़े पदों पर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके साथ ही 18 जिलों में जिला मुख्य संगठकों की नियुक्ति भी की गई है। खास बात यह है कि संगठन में अच्छा काम करने वाले जिला स्तर के पदाधिकारियों को पदोन्नत कर प्रदेश कार्यकारिणी में जगह दी गई है। अखिल भारतीय कांग्रेस सेवादल के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीवी श्रीनिवास ने राष्ट्रीय सचिव एवं मध्य प्रदेश प्रभारी प्रतापनारायण मिश्रा और प्रदेश अध्यक्ष अवनीश भार्गव की सहमति से नई नियुक्तियों की घोषणा की है। प्रदेश अध्यक्ष अवनीश भार्गव ने कहा कि कार्यकारिणी में सेवादल के निष्ठावान, जुझारू और समर्पित कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता दी गई है। नई टीम के गठन से प्रदेश में संगठन की गतिविधियों को विस्तार देने और आगामी अभियानों को प्रभावी बनाने में मदद मिलेगी।

नई कार्यकारिणी में अरुण रोचवानी, राजा चौकसे, हरिशंकर राय और भोला कांति को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया है। रवि गोयल को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। प्रदेश महासचिव के पद पर ओम सिलावट, विजय साहू, पूरन कुशवाहा, गोविंद व्यास, झल्लेलाल जैन और अजय नागेश्वर की नियुक्ति की गई है। मोइनुद्दीन सिद्दीकी को प्रदेश ध्वज प्रभारी बनाया गया है।

WTM लंदन के वैश्विक मंच पर मध्यप्रदेश की पर्यटन विरासत का भव्य प्रदर्शन

यूनेस्को विश्व धरोहर, वन्यजीव, आध्यात्मिक एवं ग्रामीण पर्यटन अनुभवों का किया प्रचार 'मध्यप्रदेश क्रॉनिकल्स' के जरिए गूंजी कला, संस्कृति और वन्यजीव की अनकही कहानियां



भोपाल (आरएनएस)। एमपी टूरिज्म बोर्ड द्वारा अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन बाजार में प्रदेश की पहचान सशक्त बनाने के उद्देश्य से लंदन में वर्ल्ड ट्रैवल मार्केट 2026 में राज्य की विविध पर्यटन संभावनाओं का प्रदर्शन किया जा रहा है। 3 से 5 नवंबर तक एक्सेल लंदन में आयोजित इस तीन दिवसीय वैश्विक आयोजन में दुनिया भर के पर्यटन विशेषज्ञ, टूर ऑपरेटर्स, ट्रैवल कंपनियां और डेस्टिनेशन प्रतिनिधि सहभागिता कर रहे हैं। केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और राज्यसभा सांसद एवं इन्फोसिस फाउंडेशन की संस्थापक श्रीमती सुधा मूर्ति ने मध्यप्रदेश पवेलियन का शुभारंभ किया। इस अवसर पर एमपी टूरिज्म बोर्ड के अपर प्रबंध संचालक डॉ. अभय अरविन्द बेडेकर सहित अन्य अतिथि एवं पर्यटन क्षेत्र के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। पवेलियन में खजुराहो, सांची और भीमबेटका यूनेस्को विश्व धरोहर स्थलों के साथ कान्हा, बांधवगढ़, पेंच, पन्ना और सतपुड़ा के वन्यजीव पर्यटन तथा उज्जैन, ओंकारेश्वर, महेश्वर और चित्रकूट के आध्यात्मिक वैभव को प्रदर्शित किया जा रहा है। वहीं, ओरछा, मांडू और चंदेरी के माध्यम से ग्रामीण एवं स्लो टूरिज्म, स्थानीय हस्तशिल्प और समुदाय आधारित पर्यटन अनुभवों को बढ़ावा दिया जा रहा है। अपर प्रबंध संचालक डॉ. बेडेकर के नेतृत्व में प्रदेश का प्रतिनिधिमंडल 10 पर्यटन हितधारकों के साथ सहभागिता कर रहा है। इस दौरान अंतरराष्ट्रीय टूर ऑपरेटर्स और पर्यटन व्यवसायियों के साथ बी2बी बैठकें कर वैश्विक साझेदारी के लिए व्यावसायिक संवाद किए जा रहे हैं।

'मध्यप्रदेश क्रॉनिकल्स' में प्रदेश की कला, संस्कृति और वन्यजीव की अनकही कहानियों का हुआ प्रदर्शन

एमपी टूरिज्म बोर्ड ने फ्रेंड्स ऑफ मध्यप्रदेश (FoMP) के सहयोग से 3 नवंबर को लंदन के ताज, सेंट जेम्स पार्क में 'मध्यप्रदेश क्रॉनिकल्स - एन इवनिंग ऑफ अनटोल्ड नैरेटिव्स' का आयोजन किया। इस विशेष संध्या में कहानीकारों, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स, वन्यजीव फोटोग्राफर्स, फिल्म निर्माताओं, कंटेंट क्रिएटर्स और ट्रैवल ट्रेड से जुड़े प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में अपर प्रबंध संचालक डॉ. बेडेकर ने मध्यप्रदेश के वन्यजीव, ऐतिहासिक विरासत, संस्कृति, खानपान, जनजातीय परंपराओं और फिल्म शूटिंग डेस्टिनेशन के रूप में प्रदेश की बढ़ती पहचान पर प्रस्तुति दी। मैहर स्थित आर्ट इचोल की विधि बेरी ने प्रदेश की विशिष्ट कला एवं शिल्प परंपराओं को प्रस्तुत किया, वहीं बीबीसी पुरस्कार से सम्मानित फोटोग्राफर सलील तांबे ने अपने वन्यजीव एवं पर्यटन छायाचित्रों के माध्यम से मध्यप्रदेश की प्राकृतिक सुंदरता और जैव विविधता को प्रदर्शित किया। प्रसिद्ध इन्फ्लुएंसर सीमा आनंद की उपस्थिति ने भी आयोजन को विशेष बनाया।

देवउठनी ग्यारस पर बाल विवाह रोकने प्रदेशभर में चलेगा विशेष अभियान

सामूहिक विवाह आयोजनों पर रहेगी विशेष निगरानी, जिला और ब्लॉक स्तर पर बनेंगे 24 घंटे सक्रिय कंट्रोल रूम
ग्राम और वार्ड स्तर पर सूचना दल, उड़न दस्ते करेंगे विवाह स्थलों का निरीक्षण

भोपाल (निप्र.)। सचिव महिला बाल विकास श्रीमती जीवी रश्मि ने कहा कि प्रदेश में देवउठनी ग्यारस के अवसर पर बाल विवाह की रोकथाम के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा व्यापक स्तर पर विशेष अभियान चलाया जाएगा। आगामी 20 नवंबर 2026 को देवउठनी ग्यारस पर बड़ी संख्या में होने वाले सामूहिक विवाह आयोजनों को देखते हुए विभाग ने सभी जिलों को विशेष सतर्कता बरतने और बाल विवाह की रोकथाम के लिए प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। अभियान के अंतर्गत ग्राम एवं वार्ड स्तर पर सूचना दल गठित किए जाएंगे, वहीं जिला और ब्लॉक स्तर पर 24 घंटे सक्रिय कंट्रोल रूम तथा उड़न दस्तों के माध्यम से विवाह आयोजनों की निगरानी की जाएगी।

सचिव श्रीमती रश्मि ने महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा भारत सरकार के बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत प्रदेश में बाल विवाह की घटनाओं को शून्य करने के उद्देश्य से जनजागरूकता और निगरानी गतिविधियों को तेज करने के निर्देश दिए गए हैं। विशेष रूप से बाल विवाह की दृष्टि से संवेदनशील जिलों में स्थानीय परिस्थितियों के



अनुरूप अभियान संचालित किया जाएगा।

पंचायतों में ली जाएगी बाल विवाह रोकने की शपथ

देवउठनी ग्यारस के अवसर पर 20 नवंबर को सभी ग्राम पंचायतों और नगरीय निकायों में पंच, सरपंच, पंचायत सचिव, अध्यक्ष एवं पार्षद बाल विवाह नहीं होने देने की शपथ लेंगे। शपथ पत्र पंचायत एवं वार्ड कार्यालयों में प्रदर्शित किए जाएंगे। विवाह मुहूर्त से कम से कम एक सप्ताह पूर्व स्कूलों एवं आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से जागरूकता रैलियां निकाली जाएंगी। शासकीय स्कूलों और महाविद्यालयों में विद्यार्थियों को बाल विवाह के दुष्परिणामों तथा शिकायत के लिए उपलब्ध हेल्पलाइन की जानकारी दी जाएगी। स्वसहायता समूहों की महिलाएं गांवों में सामूहिक चर्चा कर परिवारों को बाल विवाह नहीं करने के लिए प्रेरित करेंगी।


संवेदनशील परिवारों की पहचान कर दी जाएगी समझाइश

आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, आशा कार्यकर्ताओं, ग्राम कोटवारों और पंचायत सचिवों के सहयोग से 18 वर्ष से कम आयु की अविवाहित किशोरियों की जानकारी संकलित की जाएगी। यह जानकारी जिला पुलिस अधीक्षकों एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को उपलब्ध कराई जाएगी। संबंधित परिवारों को बाल विवाह के कानूनी प्रावधानों और दुष्परिणामों की जानकारी देकर समझाइश दी जाएगी तथा संभावित बाल विवाह रोकने के लिए विशेष निगरानी रखी जाएगी।प्रत्येक ग्राम एवं वार्ड में शिक्षकों, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, स्वसहायता समूहों, शौर्य दल, पंचायत प्रतिनिधियों और सक्रिय नागरिकों को शामिल कर सूचना दल गठित किए जाएंगे। ये दल विवाह आयोजनों की जानकारी रखेंगे और बाल विवाह की आशंका होने पर तत्काल संबंधित अधिकारियों को सूचित करेंगे।

नगर परिषद जैरोन खालसा जिला निवाड़ी के अध्यक्ष को पद से वापस बुलाये जाने हेतु हुआ 61.52 प्रतिशत मतदान

भोपाल (निप्र.)। सचिव राज्य निर्वाचन आयोग दिनेश श्रीवास्तव ने जानकारी दी है कि नगर परिषद जैरोन खालसा जिला निवाड़ी के अध्यक्ष को पद से वापस बुलाये जाने के लिये 4 नवंबर को हुए मतदान में 61.52 प्रतिशत मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया। मतगणना 6 नवंबर को होगी। उल्लेखनीय है कि नगर परिषद जैरोन खालसा जिला निवाड़ी के आम निर्वाचन वर्ष 2022 में श्रीमती कुसुम पति मातादीन पस्तोर अध्यक्ष निर्वाचित हुई थीं। नगर परिषद जैरोन खालसा जिला निवाड़ी में कुल 15 वार्ड है। नगर परिषद जैरोन खालसा जिला निवाड़ी के 15 वार्डों में निर्वाचित पार्षदों में से 12 पार्षदों द्वारा मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम 1961 की धारा 47 के अंतर्गत नगर परिषद के अध्यक्ष के विरूद्ध अध्यक्ष को पद से वापस बुलाये जाने का प्रस्ताव कलेक्टर निवाड़ी को प्रस्तुत किया गया।

भस्म आरती में राजा स्वरूप में सजे बाबा महाकाल, दिए दिव्य दर्शन



उज्जैन, (ए.)। मध्य प्रदेश के उज्जैनस्थितविश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में बुधवार तड़के भगवान महाकाल की भस्म आरती विशेष पूजन और दिव्य श्रृंगार के साथ संपन्न हुई। इस दौरान बाबा महाकाल का राजा स्वरूप में मनोहारी श्रृंगार किया गया। भगवान ने शेषनाग का रजत मुकुट, चांदी की मुंडमाल, रुद्राक्ष की माला और सुगंधित पुष्पों की मालाएं धारण कर भक्तों को दर्शन दिए। भस्म आरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और बाबा महाकाल का आशीर्वाद लिया।बुधवार तड़के करीब 4 बजे मंदिर के पट खोले गए। सबसे पहले वीरभद्र जी को प्रणाम कर स्वस्ति वाचन किया गया। इसके बाद चांदी के द्वार खोलकर गर्भगृह में विराजित देवी-देवताओं का पूजन किया गया। पुजारियों ने भगवान महाकाल का पिछला श्रृंगार उतारकर जलाभिषेक किया। इसके बाद दूध, दही, घी, शक्कर, शहद और फलों के रस से बने पंचामृत से अभिषेक-पूजन कर कर्पूर आरती की गई।नंदी हॉल में भगवान नंदी का स्नान, ध्यान और पूजन किया गया। इसके बाद भगवान महाकाल को भांग, चंदन और सिंदूर अर्पित कर आभूषणों से राजा स्वरूप में सजाया गया। प्रथम घंटाल बजाकर हरिओम जल अर्पित किया गया और मंत्रोच्चार के बीच भगवान का ध्यान किया गया। भस्म अर्पण की परंपरा के तहत ज्योतिर्लिंग को वस्त्र से ढंककर भस्म रमाई गई।

सड़क हादसे में मददगार बने जबलपुर कलेक्टर, पलटे ऑटो में फंसे यात्रियों को निकाला, घायलों को पहुंचाया अस्पताल

जबलपुर,(ए.)। मध्य प्रदेश के जबलपुर में बिलहरी क्षेत्र स्थित डीमार्ट के पास बुधवार को सवारियों से भरा एक ऑटो रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में कई यात्री ऑटो के अंदर फंस गए, जबकि कुछ उसके नीचे दब गए। इसी दौरान वहां से गुजर रहे कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा ने तत्काल अपना वाहन रुकवाया और मौके पर पहुंचकर यात्रियों को बचाने में मदद की। उन्होंने स्थानीय लोगों के साथ मिलकर पलटे ऑटो को सीधा कराया और सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकलवाया।कलेक्टर विश्वकर्मा ने घायलों को पीछे से आ रहे खनिज विभाग के वाहन से जिला अस्पताल भिजवाया। उन्होंने मौके से ही जिला अस्पताल के चिकित्सा अधिकारी को फोन कर घायलों का समुचित और त्वरित उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।जानकारी के अनुसार, ऑटो रिक्शा में तीन महिलाएं, एक बच्चा, एक पुरुष और चालक सहित कुल छह लोग सवार थे। हादसे में एक बच्चे और एक महिला सहित चार लोग घायल हुए, जिन्हें खनिज विभाग के वाहन से जिला अस्पताल पहुंचाया गया।हादसे के दौरान कलेक्टर की तत्परता और स्थानीय लोगों के सहयोग से ऑटो में फंसे यात्रियों को समय रहते बाहर निकाला जा सका। घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था से उन्हें उपचार उपलब्ध कराने में मदद मिली।

दिवाली से पहले छापेः प्रसिद्ध डेयरी और स्वीट्स दुकानों में हड़कंप, 26 जगह से घी, तेल और मावे के नमूने जप्त



इंदौर(ए.)। इंदौर में दीपावली पर्व के मद्देनजर खाद्य सुरक्षा प्रशासन और नापतोल विभाग की संयुक्त टीम ने 11 खाद्य प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई करते हुए 26 नमूने संग्रहित किए। असत्यापित तौल उपकरण जप्त कर 2006 अधिनियम के तहत सख्त कदम उठाए गए हैं।इंदौर में दीपावली पर्व के दृष्टिगत खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने और उपभोक्ताओं को शुद्ध व सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा प्रशासन, जिला इंदौर द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में विशेष निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा प्रशासन और नापतोल विभाग की संयुक्त टीम ने विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर कुल 26 खाद्य नमूने संग्रहित किए। अभियान के दौरान 11 प्रतिष्ठानों की जाँच की गई तथा 2 प्रतिष्ठानों पर नापतोल विभाग के साथ संयुक्त कार्रवाई की गई। आयुक्त खाद्य सुरक्षा मध्यप्रदेश एवं नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन मध्यप्रदेश, भोपाल मनोज पुष्प के निर्देशन तथा कलेक्टर शिवम वर्मा के मार्गदर्शन में की गई इस कार्रवाई के दौरान छोटा बांगड़दा स्थित मुस्कान डेयरी से पनीर, ट्रेडिशनल स्वीट्स एवं घी के 3 नमूने तथा स्कीम नंबर 51 स्थित स्नेहल डेयरी से पनीर एवं घी के 2 नमूने लिए गए। राधास्वामी नगर, चितावद रोड स्थित राममोहन दूध दही भंडार से दूध का 1 नमूना संग्रहित किया गया।

असत्यापित तौल उपकरण जप्त

एसडीए कंपाउंड, मूसाखेड़ी स्थित श्री बसंत इंटरप्राइजेज का प्राप्त शिकायत के आधार पर निरीक्षण कर कीर्ति गोल्ड रिफाइंड सोयाबीन तेल का नमूना लिया गया। इस दौरान नापतोल विभाग द्वारा तेल के पैकेटों की जांच की गई, जिसमें पैकेटों पर आवश्यक घोषणाएं एवं वजन नियमानुसार पाए गए। प्रतिष्ठान में उपयोग किए जा रहे इलेक्ट्रॉनिक तौल उपकरण असत्यापित पाए जाने पर जप्त कर प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। इसी क्षेत्र में फार्मर्स मिल्क कार्ट से मावा, मिल्क केक, रसगुल्ला एवं केसर पेड़ा के 4 नमूने लिए गए।

सड़क हादसे में पति-पत्नी और 16 वर्षीय पोता घायल

राजगढ़,(ए.)। मध्य प्रदेश के राजगढ़ जिले के सारंगपुर थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग-52 पर बुधवार को सड़क पर अचानक गोवंश आने से बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। हादसे में बाइक सवार पति-पत्नी और उनका 16 वर्षीय पोता घायल हो गए। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस की मदद से तीनों को सिविल अस्पताल सारंगपुर पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार किया जा रहा है।जानकारी के अनुसार ग्राम मऊ निवासी रमेश (55) पुत्र घीसालाल राजपूत अपनी पत्नी सोनाबाई (52) और पोते शिवम (16) पुत्र मनोहर सिंह को बाइक पर बैठाकर गांव से सारंगपुर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान बालाजी पेट्रोल पंप के सामने अचानक एक गोवंश बाइक के सामने आ गया। उसे बचाने के प्रयास में बाइक का संतुलन बिगड़ गया और तीनों सड़क पर गिर पड़े। हादसे में रमेश के सिर सहित शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आईं, जबकि सोनाबाई के सिर में गंभीर चोट लगी। वहीं शिवम के पैर में चोट आई है। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर एंबुलेंस पहुंची और तीनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने उनका प्राथमिक उपचार किया।

साहब बीवी भाग गई, वापस दिला दीजिए, जनसुनवाई में फरियाद लेकर पहुंचा पति, अनोखी गुहार सुन चौंके अफसर

उज्जैन,(ए.)। साहब ! मेरी बीवी मुझे छोड़कर चली गई है, प्लीज उसे वापस दिलवा दीजिए...उज्जैन कलेक्टर जनसुनवाई में मंगलवार को जब यह फरियाद गूंजी, तो वहां मौजूद अफसर भी अपना सिर पकड़ने पर मजबूर हो गए। अमूमन जनसुनवाई में लोग जमीन-जायदाद के विवाद, पेंशन, राशन या बिजली के बिलों की शिकायत लेकर आते हैं, लेकिन यहां तो मामला सीधे दिल और घर के अचानक खाली हो जाने का निकला।ऋषि नगर के राजीव रत्न मल्टी (ब्लॉक 115-ए) में रहने वाले और पेशे से सिक्योरिटी गार्ड रियाज खान उर्फ भूरू जब अपनी ड्यूटी खत्म करके घर लौटे, तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। दरवाजे पर बड़ा सा ताला लटका था साथ ही बीवी पूरे परिवार के साथ



गायब थी।रियाज का आरोप है कि उनकी पत्नी सुल्ताना उर्फ सोना फिरोज खान उर्फ %लाला% के साथ चली गई है।

अकेले नहीं गई, पूरा कुनबा ले गई

पीड़ित पति का दुख यहीं खत्म नहीं हुआ। रियाज ने रोते-बिलखते अधिकारियों को बताया कि पत्नी अकेले नहीं गईं, बल्कि अपनी दोनों शादीशुदा बेटियों को भी साथ ले गई हैं। हद तो तब हो गई जब रियाज ने खुलासा किया कि मैडम और फिरोज खान ने जाने से पहले मोहल्ले के कई लोगों से अच्छे-खासे रुपये उधार भी समेट लिए और फिर मकान पर ताला जड़कर नौ दो ग्यारह हो गए। इतना ही नहीं, रियाज ने अपने दामाद साजिद उर्फ संजू पर भी मारपीट करने और ज्यादा छानबीन करने पर जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है।

सड़क हादसे में घायलों को मिलेगा 1.5 लाख रुपये तक कैशलेस इलाज राहवीरों को 25 हजार की प्रोत्साहन राशि

उज्जैन, (ए.)। सड़क दुर्घटनाओं में घायलों की जान बचाने और उन्हें समय पर बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राहवीर योजना एवं पीएम राहत योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर बुधवार को जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. विक्रम रघुवंशी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में पुलिस, स्वास्थ्य विभाग और निजी अस्पतालों के प्रतिनिधियों को योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के निर्देश दिए गए।

व्यापार समाचार

सोने से मोहभंग,ज्वेलरी और निवेश के लिए तीसरी तिमाही में मांग 19 प्रतिशत तक घटी

मुंबई (आरएनएस) । वैश्विक स्तर पर ज्वेलरी और निवेश के लिए सोने की मांग में 2026 की तीसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में क्रमश:19 प्रतिशत और 14 प्रतिशत की कमी देखने को मिली है। यह जानकारी वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल (डब्ल्यूजीसी) की ओर से मंगलवार को जारी आंकड़ों में दी गई। डब्ल्यूजीसी ने बताया कि वैश्विक स्तर पर 2026 की तीसरी तिमाही में ज्वेलरी के लिए सोने की मांग सालाना आधार पर 19 प्रतिशत घटकर 340.1 टन हो गई है, जो कि पिछले वर्ष की समान अवधि में 420.0 टन थी।

साथ ही कहा कि इस दौरान निवेश के लिए भी सोने की मांग में कमी देखने को मिली है। यह सालाना आधार पर 14 प्रतिशत कम होकर 479.0 टन हो गई है, जो कि पिछले वर्ष की समान अवधि में 554.3 टन थी।

निवेश कैटेगरी में बार और कॉइन की मांग सालाना आधार पर 19 प्रतिशत कम होकर 267.8 टन हो गई है, जो कि पिछले वर्ष की समान अवधि में 328.6 टन थी।

वहीं, गोल्ड ईटीएफ (एक्सचेंज ट्रेडेड फंड्स) के जरिए सोने की मांग सालाना आधार पर 6 प्रतिशत कम होकर 211.2 टन हो गई है, जो कि पिछले वर्ष की समान अवधि में 225.7 टन थी।

हालांकि, केंद्रीय बैंकों की ओर से सोने की लगातार खरीद जारी है। डब्ल्यूजीसी के मुताबिक, दुनिया के केंद्रीय बैंकों और अन्य संस्थानों ने 2026 की तीसरी तिमाही में 321.2 टन सोना खरीदा है, जो कि पिछले वर्ष की समान अवधि के 226.3 टन से 42 प्रतिशत अधिक है।

वहीं, दुनिया में कुल सोने की मांग 2026 की तीसरी तिमाही में 1,368.6 टन रही है, जो कि पिछले वर्ष की समान अवधि के आंकड़े 1,383.2 टन से सालाना आधार पर एक प्रतिशत कम है।

डब्ल्यूजीसी के मुताबिक, 2026 की तीसरी तिमाही में खदानों से सोने का उत्पादन 1,070.9 टन रहा है, जो कि 2025 की तीसरी तिमाही के उत्पादन 1,040.7 टन से 3 प्रतिशत अधिक है।

वी-मार्ट रिटेल का दूसरी तिमाही में घाटा बढ़कर 16 करोड़ रुपए हुआ

मुंबई (आरएनएस) । वी-मार्ट रिटेल लिमिटेड ने मंगलवार को वित्त वर्ष 2027 की दूसरी तिमाही के नतीजे घोषित किए। सितंबर 2026 में समाप्त तिमाही में उसका समेकित शुद्ध घाटा बढ़कर 16 करोड़ रुपए हो गया, जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि (वित्त वर्ष 2026 की दूसरी तिमाही) में कंपनी को 8.87 करोड़ रुपए का शुद्ध घाटा हुआ था।

घाटे में बढ़ोतरी के बावजूद, वैल्यू फैशन और लाइफस्टाइल रिटेल कंपनी ने तिमाही के दौरान राजस्व में अच्छी वृद्धि दर्ज की।

कंपनी की ओर से स्टॉक एक्सचेंज में दाखिल जानकारी के अनुसार, परिचालन से राजस्व सालाना आधार पर 18.1 प्रतिशत बढ़कर 953 करोड़ रुपए हो गया, जो एक साल पहले की समान अवधि में 807 करोड़ रुपए था।कंपनी ने परिचालन प्रदर्शन में भी सुधार दर्ज किया। ब्याज, कर, मूल्यह्रास और परिशोधन से पहले की कमाई (ईबीआईटीडीए) एक साल पहले के 71.6 करोड़ रुपए से 20.3 प्रतिशत बढ़कर 86.1 करोड़ रुपए हो गई।पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 8.9 प्रतिशत के मुकाबले ईबीआईटीडीए मार्जिन मामूली सुधार के साथ 9 प्रतिशत रहा।अन्य आय सहित तिमाही के दौरान कंपनी की कुल आय 955.67 करोड़ रुपए रही, जो एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में 17.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाती है।वित्त वर्ष 2027 की पहली छमाही में कुल आय सालाना आधार पर 20.52 प्रतिशत बढ़कर 2,047.13 करोड़ रुपए हो गई।

रिपोर्टिंग तिमाही के दौरान कंपनी के रिटेल ट्रेड कारोबार से 94.71 करोड़ रुपए की आय हुई, जबकि उसके डिजिटल मार्केटप्लेस सेगमेंट ने 142.8 करोड़ रुपए का योगदान दिया।

अमेरिकी शेयरों में निवेश करने वालों के साथ 100 करोड़ का फ्रॉड! बिना पूछे बेच दिए APPLE और TESLA समेत कई कंपनियों शेयर

नई दिल्ली(आरएनएस) अमेरिकी शेयर बाजार में निवेश करने वाले करीब 30 छोटे निवेशकों ने फिनटेक प्लेटफॉर्म Stockal Securities पर गंभीर आरोप लगाए हैं। निवेशकों का दावा है कि उनके खातों से बिना किसी अनुमति के अमेरिकी कंपनियों के शेयर बेच दिए गए और इस रकम से चीन की कम चर्चित कंपनी Zhibao Technology Inc. के शेयर खरीद लिए गए। इस कथित लेन-देन के कारण निवेशकों को करोड़ों रुपये का नुकसान होने की आशंका है। मनीकंट्रोल की रिपोर्ट के अनुसार, यह मामला 15 अक्टूबर को सामने आया, जब निवेशकों ने अपने पोर्टफोलियो में अचानक हुए बदलाव देखे। Apple, Amazon और Nvidia के शेयरों की हुई कथित बिक्री निवेशकों के मुताबिक, उनके पोर्टफोलियो में शामिल Apple, Amazon, Tesla, Alphabet, Nvidia और AMD जैसी बड़ी अमेरिकी कंपनियों के शेयर बिना सहमति के बेच दिए गए। आरोप है कि इन शेयरों की बिक्री से प्राप्त रकम का इस्तेमाल अमेरिका में सूचीबद्ध चीनी कंपनी Zhibao Technology के शेयर खरीदने में किया गया। बताया जा रहा है कि Zhibao Technology के शेयरों में कारोबार काफी कम होता है। निवेशकों का कहना है कि मजबूत कंपनियों के शेयर बेचकर कम लिक्विडिटी वाले इस स्टॉक में निवेश किए



जाने से उनके पोर्टफोलियो की वैल्यू को भारी नुकसान पहुंचा।

एक निवेशक को 4.26 करोड़ रुपये के नुकसान का दावा

इस मामले में एक निवेशक ने मनीकंट्रोल को बताया कि उसके खाते से करीब 3,35,768 डॉलर के अमेरिकी शेयर बेच दिए गए। इसके बाद इस रकम से Zhibao Technolog4 के 3 लाख शेयर खरीदे गए। इन शेयरों की औसत खरीद कीमत करीब 1.05 डॉलर प्रति शेयर बताई गई है।निवेशक के अनुसार, कंपनी के शेयरों की कीमत में भारी गिरावट आने के बाद उसे लगभग 4,50,000 डॉलर यानी करीब 4.26 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। यह नुकसान निवेशक की ओर से लगाए गए अनुमान पर आधारित है।एक अन्य निवेशक ने दावा किया कि उसके खाते से करीब 31 लाख डॉलर यानी लगभग 29 करोड़ रुपये के शेयर कुछ ही मिनटों में बेच दिए गए। आरोप है कि इसके बदले Zhibao Technology के लगभग 30.5 लाख शेयर खरीद लिए गए।इस पूरे मामले में निवेशकों की ओर से लगाए गए आरोपों के आधार पर कुल नुकसान 100 करोड़ रुपये से अधिक होने का शुरुआती अनुमान है। हालांकि, वास्तविक नुकसान कितना हुआ है, इसकी आधिकारिक पुष्टि और अंतिम आकलन अभी बाकी है। इस मामले में प्रभावित निवेशक Stockal Securities के अलावा भारतीय और अमेरिकी नियामक संस्थाओं के पास भी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। हालांकि, शिकायत किस संस्था के पास की जानी चाहिए, यह इस बात पर निर्भर करेगा कि कथित अनियमितता भारतीय ब्रोकर, अमेरिकी ब्रोकरेज या कस्टोडियन के स्तर पर हुई है। प्रभावित निवेशकों को सबसे पहले Stockal Securities के शिकायत विभाग में लिखित शिकायत देनी चाहिए। इसमें बिना अनुमति हुए सभी लेन-देन, शेयरों की संख्या, खरीद-बिक्री की तारीख और खाते में हुए नुकसान का विवरण शामिल करना चाहिए।

दिवाली-छठ से पहले चीनी की कीमतों में जोरदार उछाल, इतने रुपए प्रति किलो बढ़े दाम

नई दिल्ली (आरएनएस) दिवाली और छठ महापर्व जैसे प्रमुख त्योहारों से ठीक पहले आम उपभोक्ताओं की जेब पर महंगाई की एक और दोहरी मार पड़ी है। घी और मक्खन के बाद अब चीनी की लगातार बढ़ती कीमतों ने आम परिवारों का मासिक रसोई बजट बिगाड़ दिया है। त्योहारों में पारंपरिक पकवानों व मिठाइयों से लेकर दैनिक चाय तक हर चीज की मिठास महंगी हो गई है। पिछले केवल एक महीने के भीतर खुदरा और थोक दोनों बाजारों में चीनी के दामों में 4 रुपये प्रति किलोग्राम से अधिक का इजाफा दर्ज किया गया है, जिससे त्योहारी सीजन में घरेलू खर्च काफी बढ़ गया हैउपभोक्ता मामलों के मंत्रालय द्वारा जारी आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, देश में चीनी की औसत खुदरा कीमत उछलकर 59.50 रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच गई है। वहीं, थोक बाजार में इसकी औसत दर 55.40 रुपये प्रति किलोग्राम दर्ज की गई है। पिछले एक महीने में दोनों बाजारों में 4 रुपये प्रति किलो से ज्यादा की बढ़ोतरी हुई है। यदि पिछले वर्ष की समान अवधि से तुलना की जाए तो सालाना आधार पर चीनी 12 से 13 रुपये प्रति किलो तक महंगी हो चुकी है। एक साल पहले खुदरा बाजार में चीनी 46.50 रुपये और थोक बाजार में 43.23 रुपये प्रति किलो उपलब्ध थी।देश के प्रमुख महानगरों में चीनी की खुदरा दरों में तेज उछाल देखा जा रहा है। 3 नवंबर तक के आंकड़ों के अनुसार, पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में चीनी की खुदरा कीमत सबसे ज्यादा 65 रुपये प्रति किलोग्राम तक जा पहुंची है, जबकि पिछले साल इसी समय यहां चीनी 50 रुपये प्रति किलो बिक रही थी। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में भी चीनी का भाव चढ़कर 64 रुपये प्रति किलो हो गया है, जो एक साल पहले 46 रुपये था।

भारत ने यूएई को अनार और कीवी का किया निर्यात, किसानों की बढ़ेगी आय



नई दिल्ली (ए.)। भारत के अनार और कीवी फलों की ताजा खेप यूएई के दुबई के बाजार में पहुंच गई है, जिससे देश के किसानों के लिए नए बाजारों के रास्ते खुले हैं। यह केंद्र सरकार के कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) के सहयोग से संभव हुआ है। यह जानकारी वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने मंगलवार को दी। वाणिज्य मंत्रालय की ओर से मंगलवार को जारी एक बयान के अनुसार, एपीडा ने हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले से सिंदूरी किस्म के 1.3 मीट्रिक टन अनार और अरुणाचल प्रदेश के जीरो से 1.5 मीट्रिक टन कीवी के परीक्षण निर्यात को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के दुबई तक पहुंचाने में मदद की है।अनार की इस खेप में 2-2 किलोग्राम के 650 बॉक्स शामिल थे, जिसका निर्यात उत्तर प्रदेश स्थित अमामा एक्सपोर्ट्स ने किया। इस पहल के तहत स्थानीय उत्पादकों और एक किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) को निर्यातक से जोड़ा गया है, जिससे हिमाचल प्रदेश के बागवानी उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुंचने के अवसर मिल रहे हैं। बयान के अनुसार, अनार सीधे स्थानीय किसानों और भुंतर एफपीओ से खरीदे गए थे, जो लगभग 600 किसानों से जुड़ा हुआ है। कुल्लू जिला बागवानी प्रशासन ने खरीद और समन्वय में मदद करके इस पहल को समर्थन दिया।यह पहल किसानों के लिए बाजार संपर्क मजबूत करने में प्रत्यक्ष खरीद और एफपीओ के माध्यम से सामूहिक भागीदारी की भूमिका को दर्शाती है। इस निर्यात में शामिल किसानों को घरेलू बाजार में प्रचलित कीमतों की तुलना में 50 प्रतिशत अधिक मूल्य मिला।

सिंदूरी किस्म हिमाचल प्रदेश में उगाई जाने वाली अनार की प्रमुख किस्मों में शामिल है। इसके अलावा यहां भगवा और कंधारी किस्मों की भी खेती होती है। आकर्षक लाल छिलके, रसीले दानों और मीठे-खट्टे स्वाद के लिए पहचाने जाने वाले सिंदूरी अनार ताजा खपत के लिए उपयुक्त हैं और इनमें निर्यात बाजार की भी अच्छी संभावनाएं हैं।अरुणाचल प्रदेश से 1.5 मीट्रिक टन कीवी की परीक्षण निर्यात खेप सफलतापूर्वक दुबई पहुंची और अल कुसैस स्थित लुलु हाइपरमार्केट में प्रदर्शित की गई। यह पहल अंतरराष्ट्रीय बाजारों में इस फल की संभावनाओं का आकलन करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय (एमडीओएनईआर) के तहत शुरू की गई इस पहल का उद्देश्य %कीवी- अरुणाचल प्रदेश की यूएसपी% ब्रांडिंग अभियान के अंतर्गत राज्य के कीवी क्षेत्र को बढ़ावा देना और मजबूत करना है। राज्य सरकार के सहयोग से लागू इस पहल का लक्ष्य राज्य के कीवी को अंतरराष्ट्रीय बाजारों में पेश करना, उपभोक्ताओं की प्रतिक्रिया का आकलन करना और स्थानीय उत्पादकों के लिए निर्यात के अवसर बढ़ाने हेतु मजबूत बाजार संपर्क विकसित करना है।अरुणाचल प्रदेश की ऊंचाई वाले क्षेत्रों की जलवायु और प्राकृतिक वातावरण कीवी की खेती के लिए अनुकूल हैं। यहां उगने वाले कीवी की गुणवत्ता और स्वाद विशिष्ट हैं। राज्य के उत्पादों में प्रीमियम घरेलू बाजारों, निर्यात को बढ़ावा देने और मूल्यवर्धित उत्पादों के क्षेत्र में अच्छी संभावनाएं हैं। इस क्षेत्र में मुख्य रूप से हेवर्ड, मोंटी, एलिसन और ब्रूनो किस्मों की खेती की जाती है। इनमें हेवर्ड किस्म की अंतरराष्ट्रीय बाजारों में अच्छी मांग है।इस पहल का उद्देश्य स्थानीय कीवी उत्पादकों को संभावित विदेशी बाजारों से जोड़ना भी है, ताकि भविष्य में होने वाली खेपों के माध्यम से बिक्री के अतिरिक्त माध्यम और किसानों को बेहतर आय के अवसर मिल सकें। उम्मीद है कि इस परीक्षण निर्यात से बाजार की प्रतिक्रिया का आकलन करने और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में अरुणाचल प्रदेश के कीवी की पहुंच बढ़ाने के लिए जरूरी आवश्यकताओं की पहचान करने में मदद मिलेगी।

सम्पादकीय

अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है,
सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य

गठबंधन बनाने की ऊबाऊ प्रक्रिया

अब इजराइल में गठबंधन बनाने की ऊबाऊ प्रक्रिया शुरू होगी। विपक्षी नेता गादी आसेनकोट ने अभी उम्मीद नहीं छोड़ी है। इसलिए कुछ दिन रहस्य बना रहेगा, लेकिन बाजी आखिरकार शायद नेतन्याहू के हाथ ही रहेगी!

इजराइल में फिर बेंजामिन नेतन्याहू के नेतृत्व में सरकार बनने की संभावना बनती दिख रही है। हालांकि ताजा चुनाव में किसी पार्टी या गठबंधन को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला, लेकिन मौजूदा सियासी समीकरणों के बीच ऐसा लगता है कि नेतन्याहू की स्थिति मजबूत है। चुनाव रुझानों के मुताबिक 120 सदस्यीय केनेसेट (संसद) में नेतन्याहू की अपनी पार्टी लिकुड को तो महज 28 सीटें ही मिलीं, लेकिन धुर-दक्षिणपंथी ऐसे 57 सांसद जीत कर आए हैं, जिनका समर्थन वर्तमान प्रधानमंत्री को मिल सकता है। नतीजे सामने आने के बाद राष्ट्र के नाम संबोधन में नेतन्याहू ने दावा किया कि 'दक्षिणपंथी पार्टियों को निर्णायक जीत' मिली है।

इस आधार पर उन्होंने आह्वान किया 'राष्ट्रीय दक्षिणपंथी सरकार' का गठन होना चाहिए। उचित ही इस अपील को उन छोटे दलों को अपनी ओर खींचने का दांव माना गया है, जो यहूदीवादी (मजहबी) एजेंडे को लेकर मतदाताओं के बीच गए थे। वैसे, जिन मुद्दों और सवालों के बीच यह चुनाव हुआ, उनके मद्देनजर यह कहा जाएगा कि नेतन्याहू इजराइली राजनीति में अपने प्रभाव का फिर मुजाहिरा करने में कामयाब रहे हैं। भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों, प्रशासनिक अकुशलता की शिकायतों, और सात अक्टूबर 2023 के हमास के हमलों के दौरान सरकारी नाकामी के तमाम कथानकों के बीच लिकुड का सबसे बड़ी पार्टी बने रहना संकेत है कि इजराइली आवाम के एक बड़े हिस्से को आज भी नेतन्याहू का कोई विकल्प नजर नहीं आता।

इस सिलसिले में अमेरिकी समर्थन भी एक बड़ा पहलू है, जिसकी इजराइली सियासत में हमेशा निर्णायक किस्म की भूमिका रही है। इस चुनाव के दौरान दो बार अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने खुलेआम नेतन्याहू के लिए अपने समर्थन का एलान किया। इससे संदेश गया कि अमेरिका का बेहिचक समर्थन बनाए रखने के लिए नेतन्याहू का नेतृत्व जरूरी है। अनुमान लगाया जा सकता है कि युद्ध के मौजूदा माहौल में इस पहलू ने अनेक मतदाताओं के निर्णय को प्रभावित किया होगा। अब इजराइल में गठबंधन बनाने की ऊबाऊ प्रक्रिया शुरू होगी। विपक्षी नेता पूर्व सेनाध्यक्ष गादी आसेनकोट ने अभी उम्मीद नहीं छोड़ी है। इसलिए कुछ दिन रहस्य बना रहेगा, लेकिन बाजी आखिरकार शायद नेतन्याहू के हाथ ही रहेगी!

जब प्रदूषण पर पहरा ही कागजी हो, तो हवा साफ कैसे हो?

प्रो. आरके जैन 'अरिजीत'

कागजों पर हमारे नियम इतने कड़े हैं कि प्रदूषण करने वाले की साँस रुक जाए। जुर्माने भारी हैं, धाराएँ डरावनी हैं, आयोग बने हुए हैं। लेकिन जमीन पर जाइए तो वही नियम ऐसे लड़खड़ाते नजर आते हैं जैसे बीमार आदमी। सर्दी आते ही दिल्ली-एनसीआर की हवा जहरीली हो जाती है, अदालतें फटकारती हैं, अधिकारी बैठकें करते हैं और फिर सब कुछ वैसा ही चलता रहता है। लगता है प्रदूषण को रोकने से अधिक उसे लेकर चिंता जताने की व्यवस्था विकसित हो गई है। असली सवाल यही है कि नियम इतने सख्त होने के बावजूद उनका पालन इतना कमजोर क्यों है?

राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम पर सात वर्षों में लगभग 12,087 करोड़ रुपये खर्च किए गए, लेकिन परिणाम उम्मीदों के अनुरूप नहीं मिले। 130 शहरों में से 117 शहर अब भी राष्ट्रीय वायु गुणवत्ता मानकों से ऊपर प्रदूषण झेल रहे हैं। केवल 13 शहर ही निर्धारित मानकों तक पहुँच पाए। कई शहरों में तो खर्च के बावजूद प्रदूषण बढ़ गया। आखिर करोड़ों रुपये खर्च होने के बाद भी हवा साफ क्यों नहीं हुई? क्या प्रदूषण नियंत्रण का अर्थ केवल योजनाएँ बनाना, बैठकें करना और रिपोर्ट तैयार करना रह गया है? जनता को यह जानने का अधिकार है कि पैसा कहाँ खर्च हुआ और उससे कितना सुधार आया। सरकारी खर्च की बड़ी रकम अपने आप सफलता का प्रमाण नहीं बन जाती। जब परिणाम हवा में दिखाई न दें, तो योजनाओं की समीक्षा भी उतनी ही कठोर होनी चाहिए जितने कठोर उनके नियम हैं।प्रदूषण नियंत्रण की जिम्मेदारी जिन बोर्डों पर है, उनकी स्थिति भी चिंताजनक है। इन बोर्डों में लगभग 45 प्रतिशत पद खाली हैं। वैज्ञानिकों, इंजीनियरों और निरीक्षकों की कमी से कारखानों तथा प्रदूषण फैलाने वाली इकाइयों की नियमित जाँच प्रभावित होती है। यह वैसा ही है जैसे चौकीदार के बिना घर की सुरक्षा की उम्मीद करना। जब निरीक्षक ही नहीं होंगे, तो कारखानों के धुएँ और औद्योगिक कचरे पर निगरानी कौन रखेगा? नियम बनाने वाली व्यवस्था मौजूद है, लेकिन उन्हें लागू करने वाले पर्याप्त कर्मचारी नहीं हैं। खाली पद प्रदूषण फैलाने वालों को खुली छूट देते हैं। जब तक संस्थाओं को पर्याप्त कर्मचारी, आधुनिक उपकरण और स्वतंत्र कार्यक्षमता नहीं मिलेगी, तब तक कागजी



प्रदूषण की बारात निकल रही है, प्रशासन बैंड बजा रहा है हवा जहरीली है, मगर सरकारी कार्रवाई पूरी तरह स्वस्थ है

सख्ती का कोई अर्थ नहीं होगा। व्यवस्था की असली कमजोरी कार्रवाई के नाम पर होने वाली खानापूर्ति में दिखाई देती है। कई निगरानी केंद्र बंद रहते हैं और निर्माण स्थलों पर नियमों का उल्लंघन जारी रहता है। दिल्ली में निर्माण संबंधी उल्लंघनों पर करोड़ों रुपये के जुर्माने लगाए गए, लेकिन वसूली मुश्किल से छह-सात प्रतिशत ही हो सकी। जुर्माना लगाने में तेजी और वसूली में सुस्ती कैसी सख्ती है? सर्वोच्च न्यायालय ने अक्टूबर 2026 में भी स्पष्ट किया कि केवल आदेश जारी करने से समस्या हल नहीं होगी, उनका जमीन पर पालन होना चाहिए। मगर अधिकारी निर्देश जारी करके ही अपनी जिम्मेदारी पूरी मान लेते हैं। फाइल में कार्रवाई पूरी हो जाती है, लेकिन सड़क पर धूल उड़ती रहती है। जब उल्लंघन करने वालों को दंड का भय ही नहीं होगा, तो वे नियमों का पालन क्यों करेंगे?

प्रदूषण किसी एक शहर या राज्य की समस्या नहीं है, लेकिन इसे रोकने की जिम्मेदारी आते ही सभी अपने-अपने दायरे में सिमट जाते हैं। दिल्ली-एनसीआर के राज्यों ने इस वर्ष निर्धारित कार्ययोजनाओं का केवल 40 से 60 प्रतिशत काम पूरा किया। राजस्थान की प्रगति सबसे पीछे रही, जबकि उत्तर प्रदेश अपेक्षाकृत आगे रहा। एक राज्य पराली जलाने का आरोप लगाता है, दूसरा वाहनों और निर्माण की धूल को जिम्मेदार ठहराता है। दिल्ली अपनी समस्याएँ गिनाती है और पड़ोसी राज्य अपनी मजबूरियाँ। इस आरोप-प्रत्यारोप में प्रदूषण बढ़ता रहता है। आयोगों और बैठकों का कोई विशेष अर्थ नहीं, जब तक साझा कार्ययोजना और जिम्मेदारी तय न हो। हवा राज्य की सीमाएँ नहीं पहचानती, इसलिए उसे साफ रखने की जिम्मेदारी भी सीमाओं में नहीं बँट सकती।

नियमों के कमजोर पड़ने का एक बड़ा कारण कार्रवाई में असमानता भी है। छोटे ठेकेदार या दुकानदार पर कार्रवाई आसान है, लेकिन बड़ी औद्योगिक इकाइयों के मामलों में प्रक्रिया लंबी खिंच जाती है। कहीं कानूनी अपील, कहीं तकनीकी जाँच और कहीं विभागीय अनुमति के नाम पर कार्रवाई टलती रहती है। इस बीच प्रदूषण जारी रहता है। कानून का प्रभाव तभी होगा, जब वह छोटे-बड़े सभी पर समान रूप से लागू होगा। साथ ही, प्रदूषण के लिए किसी एक कारण को जिम्मेदार ठहराकर बाकी समस्याओं को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। पराली के साथ वाहनों का धुआँ, औद्योगिक उत्सर्जन, निर्माण की धूल, कचरा जलाना और सड़कों की खराब सफाई भी प्रदूषण बढ़ाते हैं। समस्या अनेक कारणों से पैदा होती है, इसलिए समाधान भी व्यापक और निरंतर होना चाहिए। अब आवश्यकता नए आदेशों से अधिक पुराने आदेशों के पालन की है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों के खाली पद भरे जाएँ और निगरानी केंद्र सक्रिय रहें। जुर्मानों की पूरी वसूली हो तथा बार-बार नियम तोड़ने वाली इकाइयों पर कठोर कार्रवाई हो। प्रत्येक विभाग और अधिकारी की जिम्मेदारी तय हो। योजनाओं पर खर्च और उनके परिणाम सार्वजनिक किए जाएँ। राज्यों के बीच समन्वय बढ़े और प्रदूषण के स्रोतों की नियमित निगरानी हो। अधिकारियों से केवल आदेश नहीं, ठोस परिणाम भी माँगे जाएँ। प्रदूषण नियंत्रण की सफलता बैठकों और रिपोर्टों से नहीं, बल्कि हवा की गुणवत्ता में सुधार से मापी जानी चाहिए। विडंबना यह है कि जिस हवा पर सबका समान अधिकार है, उसे साफ रखने की जिम्मेदारी निभाने में ही सबसे अधिक लापरवाही दिखाई देती है। जनता को स्वच्छ हवा का आश्वासन मिलता है, लेकिन बदले में उसे मास्क, दवाइयाँ और बीमारियों का खर्च उठाना पड़ता है। सरकार की सफलता नियमों की संख्या या खर्च किए गए बजट से नहीं, बल्कि आम आदमी के जीवन में आए सुधार से तय होनी चाहिए। जब तक नियम तोड़ने वालों को दंड और जिम्मेदारी से बचने वाले अधिकारियों को जवाबदेही का सामना नहीं करना पड़ेगा, तब तक स्थिति नहीं बदलेगी। आखिर कानून का उद्देश्य फाइलों में सख्ती दिखाना नहीं, लोगों का जीवन सुरक्षित करना है। वरना नियम कागजों पर शेर बने रहेंगे, अधिकारी उनकी दहाड़ सुनाते रहेंगे और जनता जहरीली हवा में साँस लेने को मजबूर रहेगी।

बिहान से बदल रही सरगुजा की महिलाओं की तस्वीर, हुनर और हौसले से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ते कदम

कभी रोजगार के साधनों की कमी और आर्थिक निर्भरता ग्रामीण महिलाओं के आगे बढ़ने की राह में बड़ी चुनौती थी। आज वही महिलाएं अपने हुनर, मेहनत और हौसले से स्वरोजगार की नई राह बना रही हैं। कोई अपने हाथों के हुनर से खस की आकर्षक कलाकृतियां तैयार कर रही है, तो कोई ऑटो रिक्शा चलाने के साथ किराना दुकान संभालकर परिवार की आर्थिक ताकत बन रही है। छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन 'बिहान' से जुड़ी सरगुजा की महिलाओं की ये कहानियां आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ते ग्रामीण छत्तीसगढ़ की तस्वीर पेश करती हैं।

सेवा संकल्प अभियान के बीच सामने आई लखनपुर विकासखंड के ग्राम लटोरी की स्व-सहायता समूह की महिलाओं और बतौली विकासखंड के ग्राम तारागी की श्रीमती सूरजपति की सफलता की कहानी बताती है कि जब महिलाओं के हुनर को प्रशिक्षण, आर्थिक सहयोग और आगे बढ़ने का अवसर मिलता है, तो वे अपनी मेहनत से परिवार की परिस्थितियां बदलने के साथ समाज में अपनी अलग पहचान भी बना सकती हैं।

एक ओर लटोरी की 20 महिलाएं हस्तशिल्प के अपने हुनर को बाजार से जोड़कर आजीविका की नई राह पर आगे बढ़ रही हैं, वहीं दूसरी ओर सूरजपति ने समूह से मिले 60 हजार रुपये के ऋण को अपनी मेहनत से दो व्यवसायों में बदल दिया। आज ऑटो रिक्शा और किराना दुकान से होने वाली आय ने उन्हें 'लखपति दीदी' की पहचान दिलाई है।

हुनर को मिला प्रशिक्षण, हाथों को मिला रोजगार

लखनपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत लटोरी की महामाया और रेखा स्व-सहायता समूह से जुड़ी 20 महिलाओं ने दिखाया है कि हाथों के हुनर को सही प्रशिक्षण और अवसर मिले तो वही हुनर आजीविका का मजबूत आधार बन सकता है।

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत इन महिलाओं को हस्तशिल्प बोर्ड के माध्यम से विशेष प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के बाद महिलाओं ने खस से आकर्षक और पर्यावरण अनुकूल उत्पाद तैयार करना शुरू किया। उनके हाथों से कलात्मक डलिया, टोकरी, सजावटी गुलदस्ते, पूजा की ट्रे और फ्रूट बास्केट जैसे विभिन्न उत्पाद आकार ले रहे हैं।

स्थानीय स्तर पर तैयार ये उत्पाद पर्यावरण अनुकूल होने के साथ महिलाओं की रचनात्मकता और कौशल की पहचान भी बन रहे हैं। बाजार में इन उत्पादों की मांग ने महिलाओं को अपने हुनर को आजीविका में बदलने का अवसर दिया है। अब उनके हाथों से तैयार उत्पाद घर की चौखट से निकलकर बाजार तक पहुंच रहे हैं और परिवार की आय में योगदान दे रहे हैं।

'पहले रोजगार नहीं था, अब अपना काम है'

रेखा महिला स्व-सहायता समूह की सदस्य श्रीमती कौशल्या राजवाड़े के लिए यह बदलाव विशेष मायने रखता है। उनके अनुसार पहले उनके पास रोजगार का कोई साधन नहीं था। बिहान से जुड़ने और हस्तशिल्प का प्रशिक्षण मिलने के बाद आज उनके पास अपना काम और आय अर्जित करने का अवसर है।

कौशल्या और समूह की अन्य महिलाओं की आकांक्षाएं अब केवल उत्पाद बनाने तक सीमित नहीं हैं। वे अपने व्यवसाय को और आगे बढ़ाना चाहती हैं। उनका सपना है कि उनके हाथों से तैयार उत्पादों की पहचान गांव से निकलकर बड़े बाजारों तक पहुंचे और उनके गांव का नाम भी रोशन हो।

उनकी यह आकांक्षा बताती है कि स्व-सहायता समूह महिलाओं को केवल आर्थिक गतिविधियों से नहीं जोड़ते, बल्कि उन्हें बड़े सपने देखने और उन सपनों को अपनी मेहनत से पूरा करने का आत्मविश्वास भी देते हैं। सूरजपति ने 60 हजार रुपये के ऋण को बनाया आत्मनिर्भरता की पूंजी

बतौली विकासखंड के ग्राम तारागी की श्रीमती सूरजपति की कहानी बिहान से मिले अवसर को मेहनत के बल पर सफलता में बदलने का उदाहरण है। कभी आर्थिक तंगी और आय के स्थायी साधन के अभाव से जूझ रहीं सूरजपति वर्ष 2020 में बिहान के स्व-सहायता समूह से जुड़ीं।

समूह से उन्हें मार्गदर्शन के साथ आर्थिक सहयोग का रास्ता मिला। उन्होंने 60 हजार रुपये का ऋण लिया और इसे केवल घरेलू खर्च में उपयोग करने के बजाय अपने भविष्य की पूंजी बनायासूरजपति ने ऑटो रिक्शा संचालन शुरू किया और साथ ही किराना दुकान भी स्थापित की। एक ही आय स्रोत पर निर्भर रहने के बजाय उन्होंने दो अलग-अलग आजीविका गतिविधियों को अपनाया। धीरे-धीरे मेहनत रंग लाई और दोनों व्यवसाय उनके परिवार की आर्थिक मजबूती का आधार बन गए।

500 रुपये प्रतिदिन की आय, बनीं 'लखपति दीदी'

आज सूरजपति को किराना दुकान से लगभग 200 रुपये प्रतिदिन और ऑटो रिक्शा संचालन से लगभग 300 रुपये प्रतिदिन की आय हो रही है। दोनों व्यवसायों से उनकी कुल दैनिक आय लगभग 500 रुपये है और वार्षिक आय लगभग 1.80 लाख रुपये तक पहुंच गई है।



मेष राशि: आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आपकी गुम हुई पुरानी वस्तु आज वापस मिल जाएगी। साथ ही, आपको निवेश में लाभ होगा। इस राशि के लोगों को आज जीवनसाथी से गिफ्ट मिल सकता है, जिससे आप दोनों के रिश्ते में मधुरता बढ़ेगी। आज दूसरों की बात को भी अच्छे से समझने की कोशिश करें, इससे आपको लाभ मिलेगा।

वृष राशि: आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। आज किसी बड़े मामले पर समझौता करने और सहयोग करने के लिए आप तैयार रहें। आपके रुके हुए काम आज पूरे हो जाएंगे। इस राशि के लोग आज अपने जीवनसाथी को लेकर किसी धार्मिक स्थल पर जा सकते हैं।

मिथुन राशि: आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज प्रोजेक्ट में आपको अपने जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा, जो आगे सफलता के लिए मददगार साबित होगा। ऑफिस के कामों में दूसरों की राय लेने से बचें, बेहतर यही होगा कि किसी अपने की मदद लें, तो काम आसानी से सफल होंगे। आपकी मेहनत आज आपके जीवन में सफलता के नए रंग भर देगी। आज पारिवारिक रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी।

कर्क राशि: आज के दिन आपको धन लाभ होगा। आज किसी अजनबी से बहस न करें। पैसों के लेन-देन के मामले में किसी भी तरह का निर्णय लेने से पहले बड़ों की सलाह जरूर लें। अपने ध्यान को केंद्रित कर काम को पूरा करने की कोशिश करें। आज जो भी चीज आपके लिए रुकावट बनती है, उसे नजरअंदाज करें।

सिंह राशि: आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आपका रुझान रचनात्मक कार्यों की तरफ ज्यादा रहेगा। नया वाहन खरीदने के लिए आज का दिन शुभ है। साथ ही, घर की साज-सजावट के लिए घरेलू उपकरणों से जुड़ी खरीदारी करने के लिए भी आज का दिन बहुत अच्छा है।

कन्या राशि: कन्या राशि के लोगों के लिए आज का दिन बहुत लकी है। जो लोग मिट्टी के व्यवसाय से जुड़े हैं, उनके लिए आज का दिन बेहद फायदेमंद रहेगा। आज अपनी मेहनत और अच्छे व्यवहार के कारण आपको धनलाभ होगा। शत्रु पक्ष आज आपके प्रभाव से पस्त रहेगा। इस राशि के लोगों को पारिवारिक

तुला राशि: आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत बनी रहेगी। आज आप अपने कामों में कामयाबी का परचम लहराएंगे। आज आप खुद को मानसिक और शारीरिक रूप से फिट महसूस करेंगे। अगर आप नया वाहन खरीदने की सोच रहे हैं, तो खरीद सकते हैं।

वृश्चिक राशि: आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज किसी कार्य को पूरा करने का आपका प्रयास सफल रहेगा। आज परिजनों से शुभ समाचार मिलेंगे और आपके आत्मसम्मान में वृद्धि होगी। आज किसी व्यक्ति विशेष से आपको महत्वपूर्ण मदद मिल सकती है। रात को बाहर किसी दोस्त के साथ डिनर पर जाने का मौका मिल सकता है।

धनु राशि: आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। व्यापारी वर्ग के लोगों को अच्छा धनलाभ होगा। अगर किसी नए व्यापार की शुरुआत करना चाह रहे हैं, तो आज का दिन अनुकूल है। इस राशि के लोगों को अपने जीवनसाथी से आज बहुत सारा प्यार मिलेगा, साथ ही आप कहीं धार्मिक स्थल पर जाने का मन बना सकते हैं। आय के नए स्रोत मिलने से आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत बनेगी।

मकर राशि: आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आज आपका मनोबल ऊंचा रहने के कारण आपके कार्य अच्छी गति से आगे बढ़ेंगे। आज बिजनेस में बदलाव के आसार दिखाई दे रहे हैं। ऑफिस में आपकी क्रिएटिविटी पहले से और अधिक अच्छी बनेगी। इस राशि के लवमेट्स के लिए आज का दिन बहुत बढ़िया है। आज भाग्य पूरी तरह से आपका साथ देगा।

कुंभ राशि: आज का दिन आपके लिए बहुत बढ़िया रहेगा। आज आपको अपने कार्यक्षेत्र में बड़ी सफलता हासिल होने वाली है। साथ ही, किसी विदेशी कंपनी से जॉब का ऑफर भी आ सकता है, जिसे ज्वाइन करना आपके लिए बेहद फायदेमंद रहेगा। आज अपने वाहन की पार्किंग सेफ जगह पर ही करें।

मीन राशि: आज आपका दिन आपके जीवन में नई खुशियां लेकर आएगा। आपका रुझान अध्यात्म के प्रति अधिक रहेगा। माता-पिता के साथ किसी मंदिर में दर्शन के लिए जा सकते हैं, हालांकि यात्रा या ट्रिप के लिए बनाया हुआ प्लान आज टल सकता है। आज आप घर पर अधिक समय व्यतीत करेंगे।

अटल जी के सपनों से विकसित छत्तीसगढ़ के संकल्प तक, संस्कृति, स्वाभिमान और विकास की गौरवशाली यात्रा

राजेश अग्रवाल

छत्तीसगढ़ की माटी में इतिहास की गहराई है, संस्कृति की मिठास है, परंपराओं की सुगंध है और भविष्य की असीम संभावनाएं हैं। यहां के लोकगीतों में जीवन का संगीत है, लोकनृत्यों में उत्साह की उमंग है और जनजातीय परंपराओं में प्रकृति के साथ सहअस्तित्व का अद्भुत दर्शन समाहित है। यह वह धरती है, जहां श्रम को सम्मान, प्रकृति को आराधना और संस्कृति को जीवन का आधार माना जाता है। छत्तीसगढ़ केवल एक भौगोलिक इकाई नहीं, बल्कि अपनी विशिष्ट भाषा, लोकजीवन, परंपराओं और गौरवशाली विरासत से निर्मित एक जीवंत सांस्कृतिक पहचान है।

आज जब हम छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना की 26वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित तीन दिवसीय राज्योत्सव के भव्य समापन के साक्षी बने हैं, तब मन गर्व, आत्मीयता और कृतज्ञता से भर उठता है। यह उत्सव केवल रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और समारोहों का आयोजन नहीं था, बल्कि छत्तीसगढ़ की आत्मा, अस्मिता, स्वाभिमान और विकास यात्रा का जीवंत उत्सव बनकर सामने आया। नवा रायपुर में आयोजित राज्योत्सव ने एक बार फिर यह सिद्ध किया कि हमारी सांस्कृतिक विरासत हमारी सबसे बड़ी शक्ति है और यही शक्ति विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण की प्रेरणा भी है।

अटल जी का ऐतिहासिक निर्णय, छत्तीसगढ़ के स्वाभिमान का नया अध्याय

छत्तीसगढ़ की विकास यात्रा का स्मरण पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के उल्लेख के बिना अधूरा है। उनके नेतृत्व में 1 नवंबर 2000 को छत्तीसगढ़ एक स्वतंत्र राज्य के रूप में अस्तित्व में आया। यह ऐतिहासिक निर्णय इस अंचल की वर्षों पुरानी आकांक्षाओं, सांस्कृतिक पहचान और विकास की अपेक्षाओं को साकार करने वाला था।

अटल जी ने छत्तीसगढ़ की विशिष्ट पहचान, यहां की जनभावनाओं और विकास की संभावनाओं को समझते हुए अलग राज्य के गठन का मार्ग प्रशस्त किया। उनका यह निर्णय छत्तीसगढ़ की जनता के लिए एक ऐतिहासिक सौगात बना। आज राज्य स्थापना के 26 वर्ष पूर्ण होने पर हम अटल जी के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हैं, जिन्होंने छत्तीसगढ़ को अपनी नियति स्वयं गढ़ने और विकास की नई इबारत लिखने का अवसर प्रदान किया।

अटल जी ने जिस छत्तीसगढ़ की आधारशिला रखी थी, उसे समृद्ध, आत्मनिर्भर और विकसित राज्य के रूप में स्थापित करना हम सभी का सामूहिक दायित्व है। राज्योत्सव का प्रत्येक आयोजन हमें उनके इस ऐतिहासिक योगदान की याद दिलाता है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प से जुड़ता छत्तीसगढ़

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण का जो संकल्प देश के सामने रखा है, उसमें छत्तीसगढ़ की महत्वपूर्ण भूमिका है। प्राकृतिक संसाधनों, कृषि संपदा, वन संपदा, खनिज संपदा, सांस्कृतिक विविधता और परिश्रमी मानव संसाधन से समृद्ध हमारा प्रदेश विकास की व्यापक संभावनाओं से परिपूर्ण है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में विरासत के संरक्षण और विकास को एक-दूसरे का पूरक मानते हुए आगे बढ़ने की सोच को नई दिशा मिली है। इसी भावना के अनुरूप छत्तीसगढ़ में भी अपनी लोकसंस्कृति, जनजातीय परंपराओं, ऐतिहासिक धरोहरों और धार्मिक स्थलों के संरक्षण के साथ आधुनिक विकास को गति देने के प्रयास किए जा रहे हैं। हमारा विश्वास है कि विकास का वास्तविक अर्थ केवल भौतिक अधोसंरचना का विस्तार नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाना भी है। हमारी सांस्कृतिक पहचान सुरक्षित रहे, गांव समृद्ध हों, किसान खुशहाल हों, महिलाएं सशक्त बनें और युवाओं को आगे बढ़ने के अवसर मिलें, यही विकसित छत्तीसगढ़ की हमारी परिकल्पना है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में संस्कृति और विकास को नई दिशा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और जनकल्याणकारी विकास की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है। राज्य सरकार की प्राथमिकताओं में लोककला, लोकसंस्कृति, जनजातीय परंपराओं, पुरातात्विक धरोहरों और पर्यटन स्थलों का संरक्षण एवं संवर्धन महत्वपूर्ण स्थान रखता है। छत्तीसगढ़ की पहचान केवल उसकी प्राकृतिक संपदा से नहीं, बल्कि यहां की लोककलाओं, उत्सवों, धार्मिक आस्थाओं और विविध सांस्कृतिक परंपराओं से भी है। बस्तर दशहरा की अनूठी परंपरा हो, पंथी नृत्य की आध्यात्मिक चेतना हो, राउत नाचा का उल्लास हो, पंडवानी की अद्भुत कथावाचन शैली हो या सुआ और करमा गीतों की मधुरता, हमारी संस्कृति का प्रत्येक स्वर छत्तीसगढ़ की विशिष्ट पहचान को अभिव्यक्त करता है। मुख्यमंत्री साय के मार्गदर्शन में संस्कृति विभाग द्वारा प्रदेश की इस अमूल्य विरासत को संरक्षित करने, कलाकारों को प्रोत्साहित करने और नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। हमारा उद्देश्य है कि छत्तीसगढ़ की लोककलाओं और परंपराओं को राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्यापक पहचान मिले।राज्योत्सव 2026: तीन दिनों में साकार हुआ छत्तीसगढ़ का सांस्कृतिक वैभवनवा रायपुर में 1 से 3 नवंबर तक आयोजित राज्योत्सव 2026 छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विविधता, लोकजीवन और विकास की उपलब्धियों का भव्य संगम बना। तीन दिवसीय आयोजन में प्रदेश की समृद्ध कला, संस्कृति, परंपराओं और प्रतिभाओं को अपनी विशिष्ट पहचान के साथ प्रस्तुत करने का अवसर मिला।

K K

राष्ट्रीय समाचार



गुरुवार 05 नवम्बर 2026, नर्मदापुरम् (होशंगाबाद)

दैनिक क्षितिज किरण 5

पंचकूला स्कूल हमला : 8 साल के आरोपी बच्चे की मानसिक हालत ठीक नहीं, मेंटल हेल्थ को लेकर चौंकाने वाला खुलासा

पंचकूला, (आरएनएस)। हरियाणा के पंचकूला जिले के एक सरकारी स्कूल में 6 साल की बच्ची पर जानलेवा हमला करने वाले 8 वर्षीय बच्चे को लेकर चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। आरोपी बच्चे की मानसिक स्वास्थ्य जांच रिपोर्ट में उसकी मानसिक स्थिति सामान्य नहीं पाई गई है। डॉक्टरों के अनुसार, उसे विशेष देखभाल और इलाज की जरूरत है। चंडीगढ़ के जीएमएसएच सेक्टर-32 में बच्चे का मेंटल मैपिंग टेस्ट कराया गया था। अस्पताल ने इसकी रिपोर्ट पंचकूला पुलिस को सौंप दी है।

पुलिस अब यह रिपोर्ट जुवेनाइल जस्टिस (जेजे) बोर्ड के समक्ष पेश करेगी। बच्चे को भी बोर्ड के सामने पेश किया जाएगा। रिपोर्ट और अन्य तथ्यों के आधार पर बोर्ड तय करेगा कि बच्चे को उसके माता-पिता के साथ घर भेजना सुरक्षित होगा या उसे जुवेनाइल होम में ही रखा जाए। तीन डॉक्टरों के पैनल ने बच्चे की सोचने-समझने की क्षमता, तर्कशक्ति, व्यवहार और मानसिक स्थिति का आकलन करने के बाद रिपोर्ट तैयार की है।

बता दें कि 28 अक्टूबर 2026 को पंचकूला के सेक्टर-20 स्थित सरकारी स्कूल में 8 साल के छात्र ने केजी में पढ़ने वाली 6 वर्षीय छात्रा पर हमला कर दिया था। आरोपी ने बच्ची को धक्का देकर जमीन पर पटक दिया और बेंच पर उसका सिर मारा। इसके बाद ईंट और गमलों से भी हमला किया। बच्ची बेहोश हो गई, लेकिन आरोपी इसके बाद भी उसे पीटता रहा। गंभीर हालत में बच्ची को पहले पंचकूला के अस्पताल और फिर पीजीआई चंडीगढ़ में भर्ती कराया गया था। घटना के दो दिन बाद 30 अक्टूबर को हमले का वीडियो वायरल हुआ था।

रामलीला मैदान में आयोजित रैली से गैरहाजिर रहे पदाधिकारियों के खिलाफ कांग्रेस का एक्शन, 83 लोग निलंबित

नई दिल्ली, (आरएनएस)। दिल्ली के रामलीला मैदान में 1 नवंबर को इंडिया गठबंधन की ओर से बुलाई गई वोट बचाओ, देश बचाओ रैली में गैरहाजिर रहे पदाधिकारियों के खिलाफ कांग्रेस ने बड़ा एक्शन लिया है। पदाधिकारियों को गैरमौजूदगी भारी पड़ी है। भारतीय युवा कांग्रेस की ओर से तीन राज्यों में बड़ा एक्शन लिया गया है। कांग्रेस ने मध्य प्रदेश में 60, हरियाणा में 10 और हिमाचल प्रदेश में 13 युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों सहित कुल 83 लोगों को निलंबित कर दिया है। कांग्रेस की ओर से की गई इस कार्रवाई में प्रदेश उपाध्यक्ष, महासचिव से लेकर जिलाध्यक्ष तक के नेता शामिल हैं। रैली में भीड़ जुटाने के दावों के बीच अब संगठन के भीतर ही जवाबदेही तय करने का संदेश दिया जा रहा है।

बता दें कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 1 नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित विपक्षी गठबंधन इंडिया की रैली को संबोधित करते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार को लेकर बड़ा बयान दिया था। उन्होंने वोट चोरी का आरोप लगाते हुए कहा था कि ज्ञानेश कुमार को इसके लिए मुकदमे का सामना करना पड़ेगा और उन्हें जेल जाना होगा। राहुल गांधी ने कहा था कि देश के लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए यह लड़ाई जारी रहेगी। उन्होंने आरोप लगाया था कि ज्ञानेश कुमार ने जो किया है, वह सामान्य चोरी नहीं, बल्कि कानूनी भाषा में रेयरेस्ट ऑफ रेयर (दुर्लभतम) श्रेणी का मामला है। राहुल गांधी ने मुख्य चुनाव आयुक्त पर ईवीएम के इस्तेमाल और मतदाता सूची से 13.5 करोड़ नाम हटाने के जरिए वोट चोरी करने का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा था, प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के लिए ज्ञानेश कुमार ने जो किया है, वह देशद्रोह और हर नागरिक की आवाज की चोरी के समान है।

पंजाब में पराली जलाने के 2,196 मामले आए सामने, 32 लाख से ज्यादा का लगा जुर्माना; ये 2 जिले सबसे आगे

पटियाला, (आरएनएस)। पंजाब में पराली जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए सरकार और प्रशासन की ओर से किए जा रहे प्रयासों के बावजूद खेतों में आग लगाने का सिलसिला जारी है। पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (पीपीसीबी) की 3 नवंबर तक की रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है।

रिपोर्ट के अनुसार, राज्य में अब तक पराली जलाने की कुल 2,196 घटनाएं दर्ज की गई हैं। इन घटनाओं के संबंध में 636 मामलों में पर्यावरणीय जुर्माना लगाया गया है। विभाग की ओर से कुल 32 लाख 5 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है, जिसमें से 20 लाख 60 हजार रुपए की वसूली हो चुकी है।

राज्य में सबसे अधिक पराली जलाने के मामले तरनतारन जिले में सामने आए हैं। यहां 545 घटनाएं दर्ज की गई हैं। इसके बाद फिरोजपुर में 305, अमृतसर में 198, संगरूर में 154 और बठिंडा में 148 मामले सामने आए हैं। वहीं, फाजिल्का में 52, फरीदकोट में 66 और गुरदासपुर में 108 घटनाएं दर्ज की गई हैं।

पटियाला जिले की बात करें तो पीपीसीबी की रिपोर्ट के अनुसार अब तक पराली जलाने की 93 घटनाएं दर्ज की गई हैं। विभाग की ओर से 39 खेतों का निरीक्षण किया गया और 10 स्थानों पर पराली जलाने की पुष्टि हुई है। जिले में सात मामलों में जुर्माना लगाया गया है। कुल 40 हजार रुपए का जुर्माना निर्धारित किया गया, जिसमें से 20 हजार रुपए की वसूली की जा चुकी है।

इसके अलावा, पराली जलाने से संबंधित नौ मामलों में एफआईआर दर्ज की गई हैं और 10 खेतों की राजस्व रिकॉर्ड में रेड एंट्री की गई है। वहीं, 10 किसानों को चेतावनी नोटिस जारी किए गए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक राज्य में अब तक 1,487 खेतों का निरीक्षण किया जा चुका है, जबकि 701 स्थानों



पर पराली जलाने की पुष्टि हुई है। इसके अलावा 81 ऐसे खेत भी सामने आए हैं, जहां संबंधित अधिकारियों ने पराली जलाने के निशान पाए हैं।

राज्य में कुल 494 मामलों में एफआईआर दर्ज की गई हैं और 527 खेतों के राजस्व रिकॉर्ड में रेड एंट्री की गई है। वहीं, 16 मामलों में अधिकारियों की ओर से अभियोजन कार्रवाई शुरू की गई है। रिपोर्ट में यह भी सामने आया है कि अब तक किसी भी नोडल या सुपरवाइजरी अधिकारी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल करने अथवा निलंबन का आदेश जारी नहीं किया गया है। हालांकि, लापरवाही के संबंध में 609 चेतावनी नोटिस जारी किए गए हैं।

इस तरह सरकारी आंकड़े बताते हैं कि पराली जलाने की घटनाओं पर कार्रवाई के बावजूद राज्य में आग लगाने के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। ऐसे में किसानों को जागरूक करने के साथ-साथ प्रशासन की निगरानी और कार्रवाई भी अहम बनी हुई है।

कुल पराली जलाने की घटनाएं 2,196 हैं, जिनमें जुर्माने के मामले 636 हैं। कुल जुर्माना 32.05 लाख रुपए है। जुर्माने की वसूली 20.60 लाख रुपए हुई है। वहीं, 494 एफआईआर दर्ज की गई हैं।

अग्निवीरों के लिए केंद्र सरकार का बड़ा फैसला, सेवा अवधि में 2 साल का विस्तार, आर्म्ड फोर्सेज में स्थायी समायोजन का मिलेगा मौका

नई दिल्ली,(आरएनएस)। केंद्र सरकार ने अग्निपथ योजना के तहत भर्ती होने वाले अग्निवीरों के भविष्य को लेकर एक ऐतिहासिक और बड़ा नीतिगत फैसला किया है। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (CDS) जनरल राजा सुब्रमणि ने औपचारिक जानकारी देते हुए बताया कि अग्निवीरों के सेवा काल (इंगेजमेंट पीरियड) को दो साल और बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। इसके साथ ही सशस्त्र बलों में उनके स्थायी समायोजन (एब्जॉर्प्शन) के लिए भी व्यापक रास्ता तैयार किया गया है। दो साल की विस्तारित अवधि पूरी होने के उपरांत निष्पक्ष व वस्तुनिष्ठ चयन प्रक्रिया के जरिए उन्हें सेना में नियमित सैनिक के तौर पर भर्ती होने का सीधा अवसर प्राप्त होगा। सीडीएस जनरल राजा सुब्रमणि ने स्पष्ट किया कि केंद्रीय कैबिनेट ने इस नए ढांचे को हरी झंडी दे दी है, जिसका मुख्य उद्देश्य सभी अग्निवीरों को आर्म्ड फोर्सेज में समाहित करने के लिए एक पारदर्शी और व्यावहारिक मंच प्रदान करना है। सरकार के इस कदम से उन युवाओं को भारी राहत मिलेगी जो चार साल की शुरुआती सेवा अवधि के बाद अपने सैन्य करियर को लेकर अनिश्चितता का सामना कर रहे थे।

प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में डबल इंजन सरकार ने अयोध्या की सांस्कृतिक पहचान को दिया नया गौरव : सीएम योगी



लखनऊ, (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में डबल इंजन सरकार ने अयोध्या की सांस्कृतिक पहचान को नया गौरव दिया है। साथ ही, मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे लिए पूरा प्रदेश ही परिवार है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को अयोध्या के दीपोत्सव पर बात की। उन्होंने एक्स पोस्ट में कहा, श्री अयोध्या जी का दीपोत्सव आज भारत और विश्व के मध्य एक अद्भुत सांस्कृतिक रामसेतु बन गया है। श्रीलंका, दक्षिण अफ्रीका, इंडोनेशिया और थाईलैंड सहित विभिन्न देशों के कलाकार अपनी भाषा और परंपराओं में रामकथा को जीवंत करते हैं। जैसे अनेक नदियां एक ही सागर में मिलती हैं, वैसे ही विभिन्न संस्कृतियों की ये धाराएं श्री अयोध्या जी में आकर एक ही रामत्व में समाहित हो जाती हैं। सीएम योगी ने कहा, आधुनिक तकनीक इस सांस्कृतिक संगम को और भव्य बनाते हुए नई पीढ़ी को अपनी गौरवशाली विरासत से जोड़ रही है।इसी बीच, उन्होंने समाजवादी पार्टी पर भी हमला बोला। मुख्यमंत्री ने एक्स पोस्ट में कहा, वर्ष 2017 से पहले सत्ता में बैठे लोगों की सांस्कृतिक सोच सैफई महोत्सव में अपने परिवार का वैभव दिखाने तक सीमित थी। श्री अयोध्या जी की महान विरासत उनकी प्राथमिकता में नहीं थी। सीएम योगी ने आगे कहा, उनके लिए परिवार ही प्रदेश था, हमारे लिए पूरा प्रदेश ही परिवार है।

श्रीनगर में भीषण अग्निकांड : जलकर खाक हुई 80 झुग्गियां, 2 युवकों की दर्दनाक मौत; मलबे से बरामद हुए शव

श्रीनगर, (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर के बेमिना इलाके में आधी रात के वक्त भीषण आग लगने से भारी तबाही मच गई। बेमिना स्थित दुर्बल क्षेत्र में बनी झुग्गी बस्ती में 3 और 4 नवंबर की दरमियानी रात भड़की इस भयानक आग में कबाड़ बीनने का काम करने वाले दो लोगों की जिंदा जलकर दर्दनाक मौत हो गई, जबकि लकड़ी और तिरपाल से बनी लगभग 80 अस्थायी झुग्गियां पूरी तरह जलकर राख के ढेर में तब्दील हो गईं। आग इतनी प्रचंड थी कि कुछ ही मिनटों में पूरी बस्ती में अफरा-तफरी और चीख-पुकार मच गई।

रात 12ः23 बजे भड़की चिंगारी, अत्यधिक ज्वलनशील कचरे के कारण तेजी से फैली आग

अग्निशमन विभाग के अधिकारियों के अनुसार, दुर्बल की घनी झुग्गी बस्ती में आग लगने की घटना रात करीब 12:23 बजे पेश आई। बस्ती में एकत्र किए गए प्लास्टिक, कबाड़ और अन्य अत्यधिक ज्वलनशील पदार्थों के साथ-साथ लकड़ी व तिरपाल से बनी झोपड़ियों के कारण आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। जब तक लोग कुछ समझ पाते और आपातकालीन सेवाओं को सूचित किया जाता, तब तक लपटों ने पूरी बस्ती को अपने आगोश में ले लिया था। आग के प्रचंड ताप और लपटों की जद में आने से पास ही स्थित एक खाली




पोल्ट्री फार्म और वहां खड़ा एक टिपर वाहन भी बुरी तरह जलकर क्षतिग्रस्त हो गया।

दमकल विभाग का मैराथन ऑपरेशन, कई फायर स्टेशनों ने मिलकर पाया काबू

हादसे की सूचना मिलते ही जेवीसी और रावलपोरा फायर स्टेशनों से दमकल की गाड़ियां तुरंत मौके के लिए रवाना की गईं। आग की भयावहता को देखते हुए बाद में बटामालू स्थित फायर एंड इमरजेंसी सर्विसेज मुख्यालय से अतिरिक्त दमकल वाहन और बचाव दल भी बुलाए गए। श्रीनगर के डिप्टी डायरेक्टर कमांड एवं मोबिलाइजिंग ऑफिसर एजाज अहमद शाह, डीएफओ सिटी और डीएफओ मुख्यालय के संयुक्त समन्वय में दमकलकर्मियों ने कई घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद सुबह तड़के आग पर पूरी तरह काबू पाया और आसपास के रिहायशी इलाकों को चपेट में आने से बचाया। मलबे के नीचे दबे मिले दो जले हुए शव, दिल्ली के रहने वाले थे मृतकआग पर काबू पाने के बाद जब खोज और बचाव दलों ने राख और मलबे को हटाना शुरू किया।

तो वहां से दो व्यक्तियों के बुरी तरह झुलसे हुए शव बरामद हुए। मृतकों की शिनाख्त मूल रूप से दिल्ली निवासी 27 वर्षीय मोहम्मद नूर आलम (पुत्र अब्दुल वहाब), जो वर्तमान में दुर्बल में ही रह रहा था, और 16 वर्षीय किशोर अल अमीन (पुत्र मोहम्मद रफी), जो वर्तमान में कुपवाड़ा में रह रहा था, के रूप में हुई है। दोनों स्थानीय स्तर पर कबाड़ बीनने का कार्य करते थे और रात के समय बस्ती में ही सो रहे थे।फोरेंसिक टीम ने जुटाए साक्ष्य, पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंपे जाएंगे शवघटना के बाद फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी की टीम ने घटनास्थल का बारीकी से मुआयना कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए।

इसके उपरांत दोनों शवों को कानूनी औपचारिकताओं और पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव परिजनों को सौंप दिए जाएंगे। प्रशासन ने आग लगने के मूल कारणों का पता लगाने के लिए औपचारिक जांच शुरू कर दी है, साथ ही बेघर हुए परिवारों के लिए तात्कालिक राहत और पुनर्वास के प्रयास किए जा रहे हैं।



नई और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने नई दिल्ली में भारत नवीकरणीय ऊर्जा शिखर सम्मेलन 2026 के दौरान, कनाडा पेंशन प्लान इन्वेस्टमेंट बोर्ड के सीनियर मैनेजिंग डायरेक्टर, रियल एसेट्स के ग्लोबल हेड और यूरोप प्रमुख मैक्सिमिलियन बियागोश से मुलाकात की।

आप विधायक डॉ. अमनदीप कौर अरोड़ा के ठिकानों पर ED की छापेमारी, तड़के पहुंचे अधिकारी; हाल ही में मिला था टिकट

मोगा ,(आरएनएस)। पंजाब में आम आदमी पार्टी की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। मोगा विधानसभा क्षेत्र से विधायक और पार्टी की प्रदेश महिला विंग की प्रधान डॉ. अमनदीप कौर अरोड़ा के ठिकानों पर बुधवार तड़के प्रवर्तन निदेशालय ने अचानक दबिश दी। केंद्रीय जांच एजेंसी की टीम सुबह-सवेरे मोगा-लुधियाना रोड पर स्थित उनके फ्लैटों पर पहुंची और इसके तुरंत बाद उनके निजी आवास पर भी गहन तलाशी अभियान शुरू किया गया। अचानक हुई इस कार्रवाई से जिले के सियासी और प्रशासनिक हलकों में हड़कंप मच गया है। छापेमारी के दौरान सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए हैं। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवानों ने विधायक के आवास और फ्लैटों के आसपास सुरक्षा का कड़ा घेरा बना लिया है, जिससे किसी भी बाहरी व्यक्ति की आवाजाही पूरी तरह रोक दी गई है। अंदर मौजूद अधिकारियों द्वारा वित्तीय लेन-देन, संपत्तियों और बैंक खातों से जुड़े महत्वपूर्ण दस्तावेजों की पड़ताल की जा रही है। हालांकि, ईडी ने अभी तक आधिकारिक रूप से यह स्पष्ट नहीं किया है कि यह कार्रवाई किस विशिष्ट वित्तीय अनियमितता या मामले के संबंध में की जा रही है। इस कार्रवाई का समय राजनीतिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। आम आदमी पार्टी ने बीते शनिवार को ही आगामी 2027 पंजाब विधानसभा चुनाव के लिए अपने 40 प्रत्याशियों की पहली सूची जारी की थी।

'प्रवेश का आधार सिर्फ 12वीं के अंक हों, नीट को पूरी तरह खत्म करें', तमिलनाडु सरकार ने दोहराई मांग



चेन्नई (आरएनएस)। तमिलनाडु की वर्तमान टीवीके सरकार ने मेडिकल पाठ्यक्रमों व अन्य उच्च शिक्षा कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए नीट और ऐसी ही अन्य परीक्षाओं को पूरी तरह से समाप्त करने की मांग दोहराई है। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) ने बुधवार को बताया कि सरकार ने केंद्र सरकार की टीम के सामने नीट और ऐसी ही अन्य परीक्षाओं को पूरी तरह से समाप्त करने की सिफारिश की।तमिलनाडु सीएमओ के अनुसार, बुधवार को चेन्नई स्थित सचिवालय में मुख्यमंत्री जोसेफ विजय से नंदन नीलेकणि की अध्यक्षता वाली केंद्र सरकार की 'परीक्षा सुधार उच्च-स्तरीय कार्य बल' समिति के सदस्यों ने मुलाकात की। बैठक के दौरान सरकार ने उच्च शिक्षा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए नीट या इसी तरह की अन्य परीक्षाओं के आयोजन के खिलाफ अपना रुख स्पष्ट किया है। मुख्यमंत्री कार्यालय ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा, इस बैठक के दौरान, तमिलनाडु सरकार की ओर से उच्च शिक्षा में प्रवेश के लिए नीट या इसी तरह की अन्य परीक्षाओं के आयोजन पर विरोध जताया गया। इसके बजाय, सरकार ने इस बात पर जोर दिया कि प्रवेश का आधार केवल 12वीं कक्षा के अंक होने चाहिए। पोस्ट में आगे लिखा गया है,राज्य सरकार ने समिति के सदस्यों को यह भी याद दिलाया कि तमिलनाडु विधानसभा ने 11 अगस्त 2026 को नीट परीक्षा के खिलाफ सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित किया था। तमिलनाडु सरकार ने अपना रुख फिर से मजबूती से दोहराया। मुख्यमंत्री कार्यालय ने आगे लिखा, तमिलनाडु सरकार ने अपना रुख दोहराते हुए चिकित्सा और अन्य पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए नीट और इसी तरह की अन्य परीक्षाओं को समाप्त करने की सिफारिश की है। इससे पहले, अगस्त में तमिलनाडु विधानसभा ने एक प्रस्ताव पास किया, जिसमें केंद्र सरकार से अंडरग्रेजुएट मेडिकल कोर्स में एडमिशन के लिए 'नेशनल एलिजिबिलिटी-कम-एंट्रेंस टेस्ट' को खत्म करने की मांग की गई। राज्य के स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा और परिवार कल्याण मंत्री केजी अरुणराज ने सदन के पटल पर नीट विरोधी प्रस्ताव पेश किया था।

जयपुर की बेटी पिया दांडिया ने जीती फ्लोरिडा सीट, संसद पहुंचने वाली दूसरी भारतीय-अमेरिकी महिला

जयपुर,(आरएनएस)। राजस्थान की राजधानी जयपुर से ताल्लुक रखने वाले अप्रवासी भारतीय माता-पिता की बेटी पिया दांडिया ने मंगलवार को हुए फ्लोरिडा के 22वें कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट से जीत हासिल कर ली है। डेमोक्रेटिक पार्टी की पिया अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के लिए निर्वाचित होने वाली दूसरी भारतीय-अमेरिकी महिला बन गई हैं। उनसे पहले प्रमिला जयपाल यह उपलब्धि हासिल कर चुकी हैं।पार्टी के पक्ष में करीब 14 प्रतिशत का रुझान बदला। पाम बीच काउंटी में जन्मीं और पली-बढ़ीं दांडिया का बचपन जुपिटर में बीता। उनके माता-पिता 1980 के दशक में राजस्थान के जयपुर से अमेरिका पहुंचे थे और यहीं बस गए। अमेरिका आने के बाद उनके पिता डॉ. रोहित दांडिया ने बतौर डॉक्टर सेवाएं जारी रखीं, जबकि उनकी मां ने 40 वर्ष की उम्र में जुपिटर में एक मोंटेसरी स्कूल की स्थापना की। इस स्कूल की शुरुआत भी मुख्य रूप से पिया की शिक्षा को ध्यान में रखकर की गई थी। दांडिया का पालन-पोषण भारतीय संस्कृति और पारिवारिक परंपराओं से जुड़े माहौल में हुआ। उनके माता-पिता बचपन में उन्हें भारत भेजते थे, ताकि वह अपने चचेरे-ममेरे भाई-बहनों के साथ समय बिता सकें और अपनी जड़ों को समझ सकें। अगस्त 2025 में न्यू इंडिया अब्रॉड को दिए एक साक्षात्कार में उन्होंने बताया था, मेरे माता-पिता बहुत छोटी उम्र से ही मुझे अकेले भारत भेजते थे, ताकि मैं अपने भाई-बहनों के साथ समय बिता सकूं। ये यात्राएं मेरे जीवन को बदलने वाली साबित हुईं और मेरी पहचान को आकार देने में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। इनसे मुझे समझने का मौका मिला कि अलग-अलग लोकतंत्र किस तरह काम करते हैं और दुनिया में असमानता किस तरह मौजूद है। हार्वर्ड विश्वविद्यालय में पहले वर्ष की पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्होंने गर्मी की छुट्टी दिल्ली की झुग्गी-बस्तियों में बच्चों को अंग्रेजी पढ़ाने में बिताई। वह आशा कोऑपरेटिव सोसायटी के साथ जुड़ी



थीं और सात से 17 वर्ष की उम्र के बच्चों को पढ़ाती थीं। इस अनुभव को याद करते हुए उन्होंने कहा था, वंचित बच्चों को पढ़ाते हुए मैंने सीखा कि लोगों के बीच वास्तव में अंतर उनकी क्षमताओं का नहीं, बल्कि उन परिस्थितियों का होता है जिनमें उन्हें जीवन बिताना पड़ता है। 2025 में इंडियन अमेरिकन इम्पैक्ट फंड की ओर से समर्थन मिलने पर दांडिया ने अपने राजनीतिक सफर और पारिवारिक पृष्ठभूमि का जिक्र किया था। उन्होंने कहा था, मेरा जन्म और पालन-पोषण इसी क्षेत्र में हुआ। मेरे माता-पिता अमेरिकी सपने को पूरा करने की उम्मीद लेकर इस देश आए थे। मैंने अपना करियर यह सुनिश्चित करने के लिए समर्पित किया है कि यह सपना अधिक से अधिक परिवारों की पहुंच में हो। दांडिया ने हार्वर्ड विश्वविद्यालय से गवर्नमेंट विषय की पढ़ाई की और बोस्टन विश्वविद्यालय से शिक्षा में स्नातकोत्तर की डिग्री हासिल की। उन्होंने बोस्टन में टीच फॉर अमेरिका कार्यक्रम के तहत अध्यापन किया। इसके बाद महज 28 वर्ष की उम्र में वह न्यूयॉर्क के हार्लेम में डेमोक्रेसी प्रेप एंड्योरेंस हाई स्कूल की संस्थापक प्रिंसिपल बनीं। उनके चुनाव अभियान के अनुसार, इस स्कूल के करीब 86 प्रतिशत विद्यार्थी कम आय वाले परिवारों से आते थे। इसके बावजूद स्कूल के सभी स्नातक विद्यार्थियों को कॉलेज में प्रवेश मिला। उन्होंने न्यू इंडिया अब्रॉड से कहा था, मेरे स्कूल के करीब 86 प्रतिशत विद्यार्थी गरीबी में जीवन बिता रहे थे। लेकिन हमने उन्हें बेहतर भविष्य का भरोसा दिया था। हमने वादा किया था कि यदि वे हमारे स्कूल में पढ़ेंगे तो उनमें से 100 प्रतिशत को कॉलेज में दाखिला मिलेगा। वर्ष 2020 में दांडिया को व्हाइट हाउस फेलो चुना गया था। इस दौरान उन्होंने व्हाइट हाउस की घरेलू नीति परिषद और अमेरिकी शिक्षा विभाग में काम किया। बाद में उन्होंने एप्पल में सार्वजनिक क्षेत्र से जुड़ी पहलों का नेतृत्व किया। इलिनॉय के गवर्नर जेबी प्रित्जकर ने उन्हें राज्य की पी-20 परिषद में भी नियुक्त किया था।चुनावी राजनीति में यह उनका पहला प्रयास था। शुरुआत में उन्होंने फ्लोरिडा के 21वें कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट से चुनाव लड़ने के लिए नामांकन दाखिल किया था, जहां उनका मुकाबला रिपब्लिकन सांसद ब्रायन मास्ट से होना था। हालांकि, फ्लोरिडा में मध्यावधि परिसीमन के बाद उन्होंने 22वें डिस्ट्रिक्ट से चुनाव लड़ने का फैसला किया। 18 अगस्त को उन्होंने डेमोक्रेटिक पार्टी का प्राइमरी चुनाव जीता। फ्लोरिडा पॉलिटिक्स की रिपोर्ट के मुताबिक, मतदाता पंजीकरण के लिहाज से यह क्षेत्र रिपब्लिकन पार्टी के पक्ष में माना जाता है। यहां करीब 1.85 लाख रिपब्लिकन, 1.46 लाख डेमोक्रेटिक और 1.50 लाख अन्य राजनीतिक संबद्धता वाले मतदाता हैं। अपने चुनाव प्रचार में दांडिया ने महंगाई, भ्रष्टाचार, स्वास्थ्य सेवाओं, शिक्षा और बंदूक सुरक्षा जैसे मुद्दों को प्रमुखता दी। फ्लोरिडा पॉलिटिक्स से बातचीत में उन्होंने कहा था, दक्षिण फ्लोरिडा के लोग बढ़ती लागत और वाशिंगटन से निकलने वाली दिखावटी राजनीति से तंग आ चुके हैं।

डोनाल्ड ट्रंप ने मध्यावधि चुनाव के नतीजों पर कहा-परिणाम स्वीकार करने को तैयार

वाशिंगटन, (आरएनएस)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मध्यावधि चुनाव के नतीजों पर कहा कि वह परिणामों को स्वीकार करने को तैयार हैं। उन्होंने कहा, हम डेमोक्रेट्स के साथ काम करेंगे, और आप जानते हैं, हम उनके साथ काम करने के लिए उत्सुक हैं। हम शायद कुछ काम कर लेंगे। अमेरिकी मीडिया ने अनुमान लगाया है कि चुनावों में डेमोक्रेट्स ने हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स और सीनेट दोनों पर नियंत्रण जीत लिया है।ट्रंप ने कहा, मुझे लगता है कि डेमोक्रेट्स ने अच्छा काम किया। सच में। मुझे लगता है कि उन्होंने अच्छा काम किया। उन्होंने कड़ी मेहनत की। हवा में एक मूड था और मुझे बुरा नहीं लगना चाहिए।ट्रंप ने माना कि ईरान में युद्ध ने चुनावों में रिपब्लिकन की हार में भूमिका निभाई है।उन्होंने यह भी काह कि डेमोक्रेट्स ऐसे कानून उनके पास भेजेंगे जिन्हें वह पागलपन मानते हैं और वह उसे वीटो कर देंगे।

उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि मैं बैलेट पर नहीं था, और इस बारे में कुछ नहीं किया जा सकता था। अगर मैं होता, तो हम जीत जाते।

उन्होंने कहा, मैंने लोगों को इलेक्ट होने में मदद करने की कोशिश की, और वे इलेक्ट नहीं हुए, वे इलेक्ट नहीं हो सके। लोग वैसे नहीं आए जैसे उन्हें आना चाहिए था। अगर मैं बैलेट पर होता तो वे बाहर आ जाते। लेकिन वे नहीं आए।

फ्रांस में ब्लड सैंपल स्टोर करने वाली यूनिट्स पर साइबर हमला, तापमान बढ़ाने की हुई कोशिश

पेरिस, (आरएनएस)।फ्रांस में रक्त के नमूनों को सुरक्षित रखने वाली शीत भंडारण सुविधाओं पर साइबर हमला होने का मामला सामने आया है। हैकरों ने इन इकाइयों की तापमान नियंत्रण प्रणाली में सेंध लगाकर तापमान 110 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ाने की कोशिश की। इन सुविधाओं का संचालन फ्रांस की राष्ट्रीय रक्त सेवा करती है। हमले के कारण बड़ी संख्या में रक्त के नमूनों की सुरक्षा को लेकर चिंता पैदा हो गई थी। हालांकि, समय रहते हमले का पता चल जाने से बड़ा नुकसान टल गया।

रिपोर्ट के अनुसार, यह साइबर हमला रविवार और सोमवार की दरमियानी रात को किया गया। हैकरों ने कूलवर्ल्ड नामक कंपनी को निशाना बनाया, जो फ्रांस के रक्त प्रतिष्ठान (ईएफएस) के लिए भंडारण कंटेनरों की देखरेख करती है। इन सुविधाओं में बोर्गोंग्ने-फ्रैंच-कॉम्टे क्षेत्र की इकाइयां भी शामिल हैं।दरअसल, इन शीत भंडारण इकाइयों में रक्त के नमूनों को सुरक्षित रखने के लिए तापमान सामान्यत: शून्य से 30 डिग्री सेल्सियस नीचे रखा जाता है। इससे नमूने लंबे समय तक सुरक्षित रहते हैं और खराब होने से बचते हैं। हैकरों ने इन इकाइयों की तापमान नियंत्रण व्यवस्था में बदलाव कर तापमान तेजी से बढ़ाकर 110 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचाने का प्रयास किया था।

फ्रांस के रक्त प्रतिष्ठान के मुताबिक, रात की पाली में ड्यूटी पर तैनात एक तकनीशियन ने भंडारण इकाइयों का तापमान असामान्य रूप से बढ़ते हुए देखा। इसके बाद तत्काल कार्रवाई की गई और साइबर हमले का पता चल गया। तकनीशियन की सतर्कता के कारण रक्त के नमूनों को संभावित नुकसान से बचाने में सफलता मिली।फ्रांस के स्वास्थ्य मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि इस साइबर हमले का संस्थान के कामकाज पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है। रक्त प्रतिष्ठान ने शुरुआत में बताया था कि प्रभावित नमूने रक्त चढ़ाने से संबंधित स्वास्थ्य निगरानी व्यवस्था के तहत सुरक्षित रखे गए थे।

अमेरिकी मध्यावधि चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी की ऐतिहासिक जीत, संसद के दोनों सदनों पर किया कब्जा

कीशा लांस बॉटम्स बनीं अमेरिका की पहली अश्वेत महिला राज्यपाल, क्रिस पप्पस पहले खुले तौर पर समलैंगिक सीनेटर; कई राज्यों में टूटे प्रतिनिधित्व के पुराने रिकॉर्ड

वाशिंगटन, (आरएनएस)। अमेरिका में 3 नवंबर को हुए मध्यावधि चुनावों में डेमोक्रेटिक पार्टी ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। पार्टी ने प्रतिनिधि सभा और सीनेट, दोनों सदनों में बहुमत हासिल कर लिया है। इन चुनावों के परिणाम केवल संसद में सत्ता के समीकरण बदलने तक सीमित नहीं रहे, बल्कि अमेरिकी राजनीति में प्रतिनिधित्व के लिहाज से भी कई नए इतिहास बने हैं। महिलाओं, अश्वेतों, मुस्लिम अमेरिकियों और समलैंगिक समुदाय के उम्मीदवारों ने महत्वपूर्ण चुनावी सफलताएं हासिल की हैं।

इन चुनावों में जॉर्जिया की राज्यपाल पद की दौड़ विशेष रूप से चर्चा में रही। डेमोक्रेटिक उम्मीदवार कीशा लांस बॉटम्स ने रिपब्लिकन उम्मीदवार रिक जैक्सन को पराजित किया। इस जीत के साथ वह जॉर्जिया की पहली महिला राज्यपाल और अमेरिका की पहली अश्वेत महिला राज्यपाल बन गई हैं। जॉर्जिया में वर्ष 1998 के बाद पहली बार डेमोक्रेटिक पार्टी का राज्यपाल चुना गया है। बॉटम्स इससे पहले अटलांटा की महापौर रह चुकी हैं।

न्यू हैम्पशायर में डेमोक्रेटिक उम्मीदवार क्रिस पप्पस ने रिपब्लिकन पार्टी के पूर्व सीनेटर जॉन ई. सुनुनु को हराकर सीनेट चुनाव जीत लिया। इस जीत के साथ वह अमेरिकी सीनेट के लिए निर्वाचित होने वाले पहले खुले तौर पर समलैंगिक पुरुष बन गए हैं।



न्यू हैम्पशायर के दक्षिण-पूर्वी क्षेत्र से वह चार बार प्रतिनिधि सभा के सदस्य रह चुके हैं। उनकी जीत को अमेरिकी संसद में समलैंगिक समुदाय के प्रतिनिधित्व की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।

मिशिगन में डेमोक्रेटिक उम्मीदवार अब्दुल अल-सईद ने रिपब्लिकन उम्मीदवार माइक रोजर्स को हराकर सीनेट की सीट जीत ली। इसके साथ ही वह अमेरिकी सीनेट के लिए निर्वाचित होने वाले पहले मुस्लिम अमेरिकी बन गए हैं। चुनाव में उन्हें लगभग 52.44 प्रतिशत मत मिले, जबकि रोजर्स को 45.56 प्रतिशत मत प्राप्त हुए। चुनाव प्रचार के दौरान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अल-सईद के खिलाफ विवादित टिप्पणियां की थीं और उन्हें जिहादी तक कहा था। इन टिप्पणियों को लेकर ट्रंप की आलोचना भी हुई थी।

ओहायो में डेमोक्रेटिक उम्मीदवार एमी एक्टन ने रिपब्लिकन पार्टी के विवेक रामास्वामी को हराकर राज्यपाल का चुनाव जीत लिया। इस जीत के साथ वह ओहायो की पहली निर्वाचित महिला राज्यपाल बन गई हैं। राज्य में करीब दो दशक बाद डेमोक्रेटिक पार्टी का उम्मीदवार राज्यपाल बनने जा रहा है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के समर्थन के बावजूद रामास्वामी को हार का सामना करना पड़ा।

दक्षिण कैरोलिना में डेमोक्रेटिक उम्मीदवार एनी एंड्रयूज ने सीनेट चुनाव जीतकर इतिहास रच दिया। वह राज्य से निर्वाचित होने वाली पहली महिला अमेरिकी सीनेटर बन गई हैं। उन्होंने रिपब्लिकन उम्मीदवार डार्लिन ग्राहम को पराजित किया। इस जीत के साथ दक्षिण कैरोलिना से अमेरिकी सीनेट में पहली बार किसी महिला को निर्वाचित होने का अवसर मिला है। फ्लोरिडा में रिपब्लिकन उम्मीदवार बायरन डोनाल्ड्स ने राज्यपाल पद का चुनाव जीतकर इतिहास बनाया। वह फ्लोरिडा के पहले अश्वेत राज्यपाल और अमेरिका के इतिहास में राज्यपाल निर्वाचित होने वाले पहले अश्वेत रिपब्लिकन बन गए हैं। उन्होंने डेमोक्रेटिक उम्मीदवार डेविड जॉली को हराया।

मिनेसोटा में डेमोक्रेटिक उम्मीदवार एमी क्लोबुचर ने राज्यपाल का चुनाव जीतकर राज्य की पहली महिला राज्यपाल बनने का गौरव हासिल किया। उन्होंने रिपब्लिकन उम्मीदवार लिसा डेमथ को पराजित किया।वहीं, विस्कॉन्सिन में डेमोक्रेटिक उम्मीदवार डेविड क्रॉली ने राज्यपाल पद का चुनाव जीतकर इतिहास रच दिया।

बालेन्द्र सरकार अपनी ही पार्टी के निर्देशों की कर रहे अनदेखी, आंतरिक विवाद में घिरी आरएसपी



काठमांडू,(आरएनएस)। नेपाल की बालेन्द्र शाह के नेतृत्व में रही सरकार द्वारा अपनी ही पार्टी राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) के द्वारा दिए गए निर्देशों और नीतियों की पालन करने में आनाकानी और अनदेखी करने से सरकार और पार्टी के बीच दूरी बढ़ती हुई दिख रही है।सत्तारूढ़ आरएसपी ने सरकार के सामने कई महत्वपूर्ण विषयों पर बार-बार अपनी चिंताएं रखी हैं और कई बार चेतावनी के साथ निर्देश भी जारी किए हैं। लेकिन पार्टी की इन मांगों और हस्तक्षेपों को बड़े पैमाने पर अनसुना किया गया है। पार्टी ने लोकतांत्रिक मान्यताओं के खिलाफ मानी जाने वाली गतिविधियों पर चिंता जताई है। हालांकि, पीएम शाह ने पार्टी के इन निर्देशों की हमेशा ही अनदेखी की है।गत 13 जुलाई को मीडिया संस्थानों, कारोबारी प्रतिष्ठानों और नेपाली कांग्रेस अध्यक्ष के आवास के सामने वाहन खड़े कर रास्ता बाधित किया गया था। बताया गया कि इस घटना में सरकार से जुड़े लोग शामिल थे।मीडिया संस्थानों के प्रवेश द्वारों पर वाहन खड़े किए जाने की खबरें सामने आने के तुरंत बाद आरएसपी के महासचिव बिपिन आचार्य ने बयान जारी कर सरकार का ध्यान इस मामले की ओर आकर्षित किया।

बालेन्द्र सरकार अपनी ही पार्टी के निर्देशों की कर रहे अनदेखी, आंतरिक विवाद में घिरी आरएसपी

झकाठमांडू, (आरएनएस)। नेपाल की बालेन्द्र शाह के नेतृत्व में रही सरकार द्वारा अपनी ही पार्टी राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) के द्वारा दिए गए निर्देशों और नीतियों की पालन करने में आनाकानी और अनदेखी करने से सरकार और पार्टी के बीच दूरी बढ़ती हुई दिख रही है।सत्तारूढ़ आरएसपी ने सरकार के सामने कई महत्वपूर्ण विषयों पर बार-बार अपनी चिंताएं रखी हैं और कई बार चेतावनी के साथ निर्देश भी जारी किए हैं। लेकिन पार्टी की इन मांगों और हस्तक्षेपों को बड़े पैमाने पर अनसुना किया गया है। पार्टी ने लोकतांत्रिक मान्यताओं के खिलाफ मानी जाने वाली गतिविधियों पर चिंता जताई है। हालांकि, पीएम शाह ने पार्टी के इन निर्देशों की हमेशा ही अनदेखी की है।गत 13 जुलाई को मीडिया संस्थानों, कारोबारी प्रतिष्ठानों और नेपाली कांग्रेस अध्यक्ष के आवास के सामने वाहन खड़े कर रास्ता बाधित किया गया था। बताया गया कि इस घटना में सरकार से जुड़े लोग शामिल थे।मीडिया संस्थानों के प्रवेश द्वारों पर वाहन खड़े किए जाने की खबरें सामने आने के तुरंत बाद आरएसपी के महासचिव बिपिन आचार्य ने बयान जारी कर सरकार का ध्यान इस मामले की ओर आकर्षित किया।

मनोरंजन

येलो गाउन, डीप नेकलाइन और कातिलाना अदाएं, पलक तिवारी की तस्वीरों ने मचाया तहलका



बॉलीवुड की यंग, ग्लैमरस और स्टनिंग एक्ट्रेस पलक तिवारी अपने हर अंदाज से फैंस को सरप्राइज करना बखूबी जानती हैं। पलक सोशल मीडिया पर हमेशा अपने स्टाइलिश लुक्स से तहलका मचाती रहती हैं। हाल ही में पलक ने इंस्टाग्राम पर बेहद आकर्षक तस्वीरें शेयर की हैं।

पीले रंग के बैकड्रॉप और मैचिंग आउटफिट में पलक का यह नया अवतार इस समय इंटरनेट पर ट्रेंड कर रहा है। तस्वीरों में उनकी फिटनेस, स्टाइल सेंस और कैमरे के सामने उनका आत्मविश्वास हर किसी का ध्यान अपनी ओर खींच रहा है।तस्वीरों में पलक तिवारी ने ब्राइट येलो कलर की एक बेहद खूबसूरत गाउन पहनी हुई है। इस आउटफिट का अपर सेक्शन एक स्ट्रक्चर्ड कॉर्सेट बस्टियर डिजाइन में तैयार किया गया है, जिसमें फ्रंट पर डेलिकेट लेस-अप डिटेलिंग दी गई है। ड्रेस के स्लीक नूडल स्ट्रैप्स और डीप प्लंजिंग नेकलाइन पलक के शोल्डर लाइन और कॉलरबोन को परफेक्टली हाइलाइट कर रहे हैं।

ड्रेस का लोअर पार्ट यानी स्कर्ट का हिस्सा भी बेहद खास है। कमर से रैप-अराउंड स्टाइल में शुरू होने वाला यह गाउन नीचे फ्लोइंग रफल्स और लेयर्स के साथ आता है। इसके साथ ही ड्रेस में दिया गया बोल्ड और हाई-थाई स्लिट पलक के लेग्स को फ्लॉन्ट कर रहा है।

अपने इस बोल्ड आउटफिट को बैलेंस करने के लिए पलक ने मेकअप को बहुत ही सटल और क्लासी रखा है। उन्होंने ब्रॉन्ज और ब्राउन टोन वाली स्मोकी आइज के साथ विंग्ड आईलाइनर का इस्तेमाल किया है।

पलक ने अपने लंबे और घने बालों को हाफ-अप, हाफ-डाउन स्टाइल में बांधा हुआ है, जिसमें से कुछ लहराती हुई मेसी लटें उनके चेहरे पर आ रही हैं। यह मेसी वेवी टेक्सचर उनके ओवरऑल लुक को एक सॉफ्ट लेकिन अट्रैक्टिव वाइब दे रहा है।

मित्रता के बाद अब पार्टी एनिमल्स में नजर आएंगे विराज घेलानी, बोले- फुल-ऑन मस्ती फिल्म है

एक्टर और डिजिटल कंटेंट क्रिएटर विराज घेलानी अपनी नई फिल्म पार्टी एनिमल्स के साथ दर्शकों को हंसाने के लिए तैयार हैं। दोस्ती, मस्ती और गलत फैसलों के चलते एक रात की कहानी पर बनी इस कॉमेडी फिल्म में विराज लीड रोल में नजर आएंगे। एक्टर ने फिल्म को फुल-ऑन मस्ती फिल्म बताया है। उनका कहना है कि इसमें दोस्ती, पागलपन और ऐसे हालात देखने को मिलेंगे, जो हर पल और मजेदार होते जाएंगे। विराज ने फिल्म को लेकर कहा, पार्टी एनिमल्स एक अलग तरह की फिल्म है। यह फुल-ऑन मस्ती फिल्म है। मैं काफी एक्साइटेड हूं कि दर्शक इसे बड़े पर्दे पर देखें। इसमें दोस्ती, पागलपन और ऐसे हालात हैं, जो लगातार और ज्यादा मजेदार होते जाते हैं। फिल्म की दुनिया में काफी एनर्जी है और दर्शक इससे खुद को जोड़ पाएंगे। मैं इंतजार नहीं कर सकता कि सभी इसे सिनेमाघरों में देखें।

हनुमान अंश' की सफलता के बाद देवराहा बाबा पर बनेगी फिल्म 'मचान बाबा'



नीम करौली बाबा से प्रेरित फिल्म 'हनुमान अंश' की सफलता के बाद अब संत देवराहा बाबा के जीवन से प्रेरित फिल्म 'मचान बाबा' बनने जा रही है। फिल्म का शीर्षक पोस्टर जारी कर दिया गया है। इसका निर्माण ब्रिटेन में स्थापित भारतीय मूल की कारोबारी पूनम गुप्ता ओबीई और अमेरिका में रहने वाले उद्यमी विकल्प पालीवाल कर रहे हैं। फिल्म को 2027 में रिलीज करने की योजना है। फिल्म का निर्माण ओजस फिल्म्स के बैनर तले किया जा रहा है। यह ओजस सॉफ्टेक की फिल्म और सामग्री निर्माण इकाई है। ओजस सॉफ्टेक के प्रमुख डिजिटल ब्रांडों में एस्ट्रोसेज एआई भी शामिल है, जो ज्योतिष और कृत्रिम बुद्धिमत्ता को जोड़ने वाला एक प्रमुख डिजिटल मंच है।पूनम गुप्ता ब्रिटेन की कारोबारी दुनिया में 'पेपर क्वीन' के नाम से भी जानी जाती हैं। उन्होंने ब्रिटेन में अपने कारोबारी समूह के जरिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई है। वहीं, फिल्म के सह-निर्माता विकल्प पालीवाल का जन्म और पालन-पोषण लखनऊ में हुआ। वह वर्तमान में अमेरिका के टेक्सास राज्य के ऑस्टिन शहर में रहते हैं और सूचना प्रौद्योगिकी तथा अचल संपत्ति के कारोबार से जुड़े हैं।'मचान बाबा' की घोषणा ऐसे समय में हुई है, जब भारतीय संत परंपरा और आध्यात्मिक व्यक्तित्वों से जुड़ी कहानियों में दर्शकों की दिलचस्पी बढ़ रही है।

जीभ की सफाई को आसान बनाने के लिए अपनाएं ये 5 आदतें



जीभ की सफाई का ध्यान रखना मुंह की सेहत के लिए बहुत जरूरी है। अक्सर लोग ब्रश करते समय जीभ को नजरअंदाज कर देते हैं, जिससे कई समस्याएं हो सकती हैं। इस लेख में हम आपको कुछ आसान और प्रभावी आदतें बताएंगे, जिन्हें अपनाकर आप अपनी जीभ को साफ और स्वस्थ रख सकते हैं। ये आदतें न केवल आपकी मुंह की सफाई को बेहतर बनाएंगी, बल्कि आपके मुंह की बदबू को भी कम करेंगी।

नियमित रूप से जीभ साफ करें

रोजाना ब्रश करने के बाद अपनी जीभ को साफ करना बहुत जरूरी है। ब्रश करते समय हल्के हाथों से जीभ पर भी ब्रश चलाएं। इससे आपकी जीभ पर जमा हुआ बैक्टीरिया और खाना हट जाएगा।अगर आप हर बार ब्रश करते समय इसे नहीं कर पाते तो दिन में कम से कम एक बार जरूर अपनी जीभ को साफ करें। इससे आपके मुंह की बदबू कम होगी और आपकी सेहत बेहतर रहेगी।

जीभ की सफाई के लिए सही उपकरण का उपयोग करें

जीभ साफ करने के लिए सही उपकरण का चयन करना अहम है। बाजार में कई प्रकार के जीभ साफ करने वाले उपकरण मिलते हैं, लेकिन आपको वह चुनना चाहिए जो आपके लिए सबसे आरामदायक हो।प्लास्टिक या स्टील के उपकरण अच्छे विकल्प हो सकते हैं, लेकिन ध्यान रखें कि वे नरम हों ताकि जीभ पर किसी प्रकार की चोट न लगे।इसके अलावा नियमित रूप से अपने उपकरण को भी साफ करें ताकि उसमें बैक्टीरिया न पनप सकें।

हल्के हाथों से जीभ पर ब्रश करें

जब आप अपनी जीभ को साफ करें तो हल्के हाथों से ही ब्रश करें। ज्यादा दबाव डालने से आपकी जीभ घायल हो सकती है और इससे दर्द भी हो सकता है।हल्के हाथों से ब्रश करने पर बैक्टीरिया और गंदगी आसानी से हट जाती है बिना किसी चोट के।आप चाहें तो जीभ साफ करने वाले उपकरण का भी उपयोग कर सकते हैं, लेकिन उसे भी हल्के हाथों से ही इस्तेमाल करें ताकि किसी प्रकार की समस्या न हो।

मुंह धोना न भूलें

ब्रश करने के बाद अपने मुंह को अच्छी तरह धोना न भूलें। गुनगुने पानी या किसी अच्छे मुंह धोने वाले तरल से अपने मुंह को धोएं ताकि सभी गंदगी और बैक्टीरिया हट जाएं। इससे आपका मुंह ताजा महसूस होगा और बदबू भी दूर होगी।इसके अलावा यह आपकी मुंह की सफाई को भी बेहतर बनाएगा। ध्यान रखें कि मुंह धोने के बाद पानी न निगलें और कुछ समय तक खाने-पीने से बचें।

दांतों की जांच कराते रहें

भले ही आप घर पर अच्छी तरह से सफाई क्यों न करें, समय-समय पर दांतों की जांच कराना जरूरी है।

डॉक्टर आपकी मुंह की सेहत का पता लगा सकते हैं और अगर कोई समस्या हो तो उसका सही इलाज बता सकते हैं।इन सरल आदतों को अपनाकर आप अपनी जीभ को आसानी से साफ रख सकते हैं और अपने मुंह की सेहत को बेहतर बना सकते हैं।

शरीर को डिटॉक्स और रीढ़ को लचीला बनाता है अर्ध मत्स्येन्द्रासन, जानें लाभ



आधुनिक जीवनशैली और घंटों एक ही जगह बैठकर काम करने की आदत हमारे शरीर को नुकसान पहुंचाता है। योग के कई आसनों में से अर्ध मत्स्येंद्रासन एक ऐसा आसन है, जो हमारे पूरे शरीर के लिए बहुत फायदेमंद है। यह आसन रीढ़ की हड्डी को लचीला बनाता है, पेट के अंगों को सही तरीके से काम करने में मदद करता है। अर्ध मत्स्येंद्रासन, हठयोग का एक प्रमुख और महत्वपूर्ण आसन है, जिसे महान योगी और हठयोग के प्रवर्तकों में से एक, महर्षि मत्स्येंद्रनाथ के नाम पर रखा गया। संस्कृत में अर्ध का अर्थ आधा, मत्स्य का अर्थ मछली और इंद्र का अर्थ राजा होता है। पौराणिक मान्यता के अनुसार, इस आसन के नियमित अभ्यास से शरीर की सुप्त ऊर्जा जागृत होती है और रीढ़ का स्वास्थ्य उत्तम बना रहता है। यह आसन केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि आंतरिक संतुलन प्राप्त करने की एक वैज्ञानिक विधि है।यह एक प्रमुख ट्विस्टिंग (मोड़ने वाला) योगासन है, जो न केवल शरीर की जकड़न को दूर करता है बल्कि आंतरिक अंगों की मालिश कर शरीर को डिटॉक्स (विषमुक्त) करने में भी मदद करता है। आइए, इस प्राचीन और लाभकारी आसन के महत्व, सही तकनीक और स्वास्थ्य लाभों को विस्तार से समझें।हठयोग प्रदीपिका में मूल रूप से मत्स्येंद्रासन (पूर्ण मत्स्येंद्रासन) का वर्णन मिलता है। आधुनिक योग अभ्यास में इसी आसन को सरल और सुलभ बनाने के लिए इसके आधे रूप यानी अर्ध मत्स्येंद्रासन का विकास किया गया। इस आसन का नाम नाथ संप्रदाय के महान योगी मत्स्येंद्रनाथ के नाम पर रखा गया है।

अर्ध मत्स्येंद्रासन करने का तरीका भी ज्यादा कठिन नहीं होता और नियमित अभ्यास करने पर इसके परिणाम साफ नजर आने लगते हैं। इस आसन को करने के दौरान शरीर को आधा मोड़ते हैं, जिससे शरीर में खून का संचार बेहतर हो जाता है और ऊर्जा का प्रवाह भी बढ़ता है। यही वजह है कि इसे सबसे बेहतरीन आसनों में से एक माना जाता है।इसके अलावा, यह आसन मधुमेह के मरीजों के लिए भी मददगार माना जाता है। पेट के हिस्से में खिंचाव होने से अग्न्याशय (पैंक्रियास) की कार्यक्षमता बेहतर होती है, जिससे इंसुलिन का स्राव संतुलित होता है। हालांकि, मधुमेह से जुड़े किसी भी अभ्यास को शुरू करने से पहले डॉक्टर की सलाह लेना जरूरी होता है।



राज्योत्सव 2026 : वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की प्रदर्शनी को प्रथम पुरस्कार। 'बदलता बस्तर-संवरता छत्तीसगढ़' थीम पर आधारित प्रदर्शनी में वन संरक्षण, पर्यटन और आजीविका की पहल को मिला सम्मान।

छत्तीसगढ़ में खत्म हुआ तूफान मुरासु का असर, धनतेरस-दिवाली पर मौसम रहेगा साफ; 5 नवंबर से सामान्य होंगे हालात



रायपुर, (आरएनएस)। बंगाल की खाड़ी में उठे चक्रवाती तूफान मुरासु का असर अब छत्तीसगढ़ में लगभग खत्म हो गया है। पिछले कुछ दिनों में इसके प्रभाव से प्रदेश के कई जिलों में बारिश हुई। हालांकि, अब मौसम धीरे-धीरे सामान्य होने लगा है। मौसम विभाग ने बुधवार को एक-दो जिलों में हल्की बारिश की संभावना जताई है, लेकिन 5 नवंबर से मौसम सामान्य रहने का अनुमान है। इसका मतलब है कि धनतेरस और दिवाली के त्योहार पर बारिश की वजह से कोई परेशानी नहीं होगी। मौसम विभाग के मुताबिक, दोनों दिन प्रदेश में बारिश की कोई चेतावनी नहीं है।

रायपुर में आंशिक बादल छाए रहेंगे

राजधानी रायपुर में अगले 24 घंटे के दौरान आसमान में आंशिक बादल छाए रहने की संभावना है। इस दौरान अधिकतम तापमान 30 डिग्री और न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस के आसपास रह सकता है। मंगलवार को प्रदेश में एक-दो स्थानों पर हल्की बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, रायपुर में सबसे अधिक 30.2 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया। वहीं, सबसे कम न्यूनतम तापमान 17.8 डिग्री सेल्सियस पेण्ड्र रोड में दर्ज हुआ। मौसम विभाग के अनुसार, अगले दो दिनों तक प्रदेश के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में खास बदलाव की संभावना नहीं है। इसके बाद न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट आ सकती है। बुधवार और शुक्रवार को हल्की बूंदाबांदी हो सकती है।

बंजारी मंदिर से दर्शन कर लौट रही महिला को ट्रक ने कुचला, मौके पर मौत, चालक फरार

रायपुर(आरएनएस)। राजधानी रायपुर में बंजारी मंदिर के पास एक दर्दनाक सड़क हादसे में 60 वर्षीय महिला की जान चली गई। मंदिर में दर्शन के बाद परिवार के साथ बाहर निकली महिला को तेज रफ्तार ट्रक ने अपनी चपेट में ले लिया। हादसा इतना भीषण था कि महिला की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया।

परिवार के साथ दर्शन करने पहुंची थी महिला

मृतका की पहचान अघनिया बाई निषाद (60 वर्ष) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, वह अपनी बेटी, दामाद, नाती और नातिन के साथ बंजारी मंदिर में दर्शन करने पहुंची थीं। दर्शन के बाद जब पूरा परिवार मंदिर परिसर से बाहर निकल रहा था, तभी ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में अघनिया बाई ट्रक की चपेट में आ गईं, जबकि परिवार के अन्य सदस्य सुरक्षित बच गए।

ट्रक जब्त, फरार चालक की तलाश जारी

घटना खमतराई थाना क्षेत्र की है। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त ट्रक को जब्त कर लिया है। वहीं, हादसे के बाद से फरार चालक की तलाश की जा रही है। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल रहा।

सौरभ चंद्राकर के समर्थन में उतरे अमित जोगी, बोले- 'मैं उनका फैन हूं, आपको भी होना चाहिए'

रायपुर, (आरएनएस)। महादेव ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप मामले में मुख्य आरोपी सौरभ चंद्राकर की गिरफ्तारी के बाद छत्तीसगढ़ की राजनीति में एक नया विवाद सामने आया है। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के अध्यक्ष अमित जोगी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट और वीडियो साझा कर सौरभ चंद्राकर के समर्थन में अपनी बात रखी है। उन्होंने पोस्ट में लिखा, 'मैं सौरभ चंद्राकर का फैन क्यों हूं? उनके इस बयान के बाद राजनीतिक और सोशल मीडिया गलियारों में चर्चा तेज हो गई है।

अमित जोगी ने पोस्ट में क्या लिखा?

अमित जोगी ने अपनी फेसबुक पोस्ट में लिखा कि वे खुलकर सौरभ चंद्राकर के प्रशंसक हैं और दूसरों को भी उनसे सीख लेने की बात कही। उन्होंने छत्तीसगढ़िया अस्मिता और प्रदेश के लोगों की भोली छवि का जिक्र करते हुए लिखा कि इसी वजह से प्रदेश के लोगों का कई बार शोषण हुआ है। उन्होंने सौरभ चंद्राकर के जूस बेचने से लेकर बड़े प्रभावशाली लोगों के बीच पहुंचने का उदाहरण देते हुए कहा कि उस पर गलत रास्ते अपनाने के आरोप हैं, लेकिन उनके अनुसार इस मामले में उन लोगों के खिलाफभी समान पैमाने पर सवाल उठने चाहिए, जिन्होंने प्रदेश के हितों को नुकसान पहुंचाया है। जोगी ने अपने बयान में सौरभ को एक ऐसे छत्तीसगढ़िया के रूप में पेश किया, जिसने खुद को पीड़ित मानने के बजाय परिस्थितियों का सामना किया। उनके इस बयान को लेकर अब अलग-अलग प्रतिक्रियाएं सामने आ सकती हैं। ओमान से प्रत्यर्पण के बाद दिल्ली कोर्ट में हुई पेशी गौरतलब है कि महादेव ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप मामले के आरोपी सौरभ चंद्राकर को ओमान से भारत प्रत्यर्पित किए जाने के बाद CBI ने 2 नवंबर 2026 को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया था।

नक्सलवाद का प्रभाव घटने से बीजापुर के अंदरूनी गांवों तक पहुंचा विकास, तीन साल में 90 से अधिक गांवों में पहुंची बिजली

बीजापुर, (आरएनएस)। नक्सलवाद के प्रभाव में कमी आने के साथ ही बीजापुर जिले के दूरस्थ और अंदरूनी इलाकों में विकास कार्यों को गति मिली है। पिछले तीन वर्षों में 90 से अधिक गांवों तक बिजली पहुंचाई गई है, जबकि 50 से ज्यादा गांवों में विद्युतीकरण का काम जारी है। जिले में एक हजार किलोमीटर से अधिक सड़कों के निर्माण की भी जानकारी दी गई है। सड़क, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल और डिजिटल कनेक्टिविटी को प्रशासन ने प्राथमिकता में रखा है।

बुधवार को पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी), रायपुर की ओर से जिला पुलिस प्रशासन के सहयोग से गर्ल्स पोर्टा केबिन ऑडिटोरियम में आयोजित पत्रकार वार्तालाप में कलेक्टर विश्वदीप ने जिले में चल रहे विकास कार्यों और आगामी योजनाओं की जानकारी दी। 'शांति से विकास की ओर' विषय पर आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने बताया कि पहले सुरक्षा संबंधी चुनौतियों के कारण अंदरूनी क्षेत्रों में निर्माण कार्य करना कठिन था। अब इन इलाकों तक प्रशासन की पहुंच बढ़ने से विकास योजनाओं को आगे बढ़ाया जा रहा है।

कलेक्टर ने दोरनापाल-जगरगुंडा सड़क का उदाहरण देते हुए बताया कि वर्ष 2013 में स्वीकृत इस सड़क का निर्माण वर्ष 2025 के अंत तक पूरा हो सका। वर्तमान में फुंडरी पुल का निर्माण अंतिम चरण में है, जबकि बेदरे सहित अन्य क्षेत्रों में भी पुल-पुलिया निर्माण के कार्य जारी हैं।



शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार पर जोर

जिले में बंद स्कूलों को दोबारा शुरू करने और शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने की दिशा में काम किया जा रहा है। इसके साथ ही 55 आदिवासी छात्रावासों के निर्माण और मौजूदा सुविधाओं के विकास की योजना है। इस वर्ष नया नर्सिंग कॉलेज शुरू करने की पहल की गई है। जिला अस्पताल की अधोसंरचना को बेहतर बनाने के लिए भी कार्य किए जा रहे हैं।

पर्यटन और आजीविका के नए अवसर

कलेक्टर ने बताया कि इंद्रावती टाइगर रिजर्व में एक नवंबर से जंगल सफारी शुरू की गई है। वर्तमान में नौ किलोमीटर के सफारी मार्ग को बढ़ाकर 32 से 33 किलोमीटर तक करने की योजना है। इसके अलावा गिद्ध सफारी, मट्टी मरका और जिले के जलप्रपातों को पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की तैयारी है।

ग्रामीणों की आय बढ़ाने के लिए कृषि, मत्स्य पालन और उद्यानिकी गतिविधियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। नेमेड क्षेत्र के 16 किसानों को तालाबों के माध्यम से झींगा पालन से जोड़ने की पहल की गई है।

80 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्य स्वीकृत ग्रामीण विकास योजनाओं की जानकारी देते हुए कलेक्टर ने बताया कि विकसित भारत-जी राम जी योजना के तहत जिले में 80 करोड़ रुपये से अधिक के कार्य स्वीकृत किए गए हैं। इनमें डबरी, तालाब और अन्य व्यक्तिगत एवं सामुदायिक परिसंपत्तियों का निर्माण शामिल है।

जिले की 170 ग्राम पंचायतों में नोडल व्यवस्था विकसित की जा रही है, ताकि ग्रामीणों को आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, श्रमिक कार्ड, मतदाता पहचान पत्र और बैंक खाते जैसी जरूरी सुविधाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध हो सकें।

बीजापुर की संघर्ष और विकास यात्रा का होगा दस्तावेजीकरण

कलेक्टर ने कहा कि बीजापुर की पिछले चार दशकों की संघर्ष और विकास यात्रा को दस्तावेज के रूप में संरक्षित करना जरूरी है। इसके लिए पत्रकारों के सहयोग से जिले की महत्वपूर्ण घटनाओं और विकास कार्यों को संकलित कर कॉफी टेबल बुक तैयार करने का प्रस्ताव रखा गया।

महतारी वन्दन योजना बनी 70 लाख बहनों के आर्थिक स्वावलम्बन और सम्मान का आधार : भाजपा

रायपुर,(आरएनएस)। भारतीय जनता पार्टी की राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा संचालित 'महतारी वन्दन योजना' को प्रदेश की महिला सशक्तीकरण के इतिहास का मील का पत्थर बताया है। श्रीमती वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी और मुख्यमंत्री साय की संवेदनशील कार्यप्रणाली ने प्रदेश की लगभग 70 लाख माताओं-बहनों के जीवन में आर्थिक सुरक्षा, आत्मसम्मान और नए विश्वास का संचार किया है।

भाजपा सांसद श्रीमती वर्मा ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के समय महिला कल्याण की योजनाएँ केवल कागजों तक सीमित थीं, लेकिन साय-सरकार ने सत्ता सम्भालने के कुछ ही महीनों के भीतर 'महतारी वन्दन योजना' को लागू कर यह साबित कर दिया कि भाजपा जो कहती है, वह करके दिखाती है। आज हमारी माताएँ-बहनें अपनी छोटी-बड़ी जरूरतों, बच्चों की पढ़ाई, पोषण और पारिवारिक आकस्मिक खर्चों के लिए किसी पर निर्भर नहीं हैं। यह योजना केवल 1,000 रुपये प्रति माह की आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ की नारी शक्ति के स्वाभिमान की स्थायी व्यवस्था है। श्रीमती वर्मा ने योजना के मुख्य तथ्यों एवं उपलब्धियों की चर्चा करते हुए बताया कि योजना के अन्तर्गत प्रदेश की पात्र विवाहित, विधवा, तलाकशुदा एवं परित्यक्ता महिलाओं को प्रतिमाह 1,000 (वार्षिक 12,000) रुपये सीधे उनके आधार-लिंक्ड बैंक खातों में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के जरिए अंतरित किए जा रहे हैं। राज्य की 70 लाख से अधिक पात्र महिलाएँ नियमित रूप से इस योजना से लाभान्वित हो रही हैं। डीबीटी व्यवस्था के कारण बिचौलियों की कोई गुंजाइश नहीं रही, जिससे शत-प्रतिशत राशि सीधे लाभार्थी के खाते में पहुँच रही है। प्रत्येक माह की तय तारीख पर योजना की किश्त जारी की जाती है, जिससे परिवार के घरेलू बजट को स्थिरता मिली है। श्रीमती वर्मा ने कहा कि महतारी वन्दन योजना से मिलने वाली निरंतर राशि और स्व-सहायता समूहों के विस्तार ने ग्रामीण अंचलों में महिलाओं को लखपति दीदी बनने और लघु स्वरोजगार स्थापित करने की नई दिशा दी है। प्रदेश में मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में भाजपा सरकार 'सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास' के ध्येय पर चलते हुए समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए कृतसंकल्पित है। महतारी वन्दन योजना ने यह सिद्ध कर दिया है।

खेल समाचार

केविन मीलामू ने विराट, रोहित और गिल को दी ऑल ब्लैक्स जर्सी

ऑकलैंड (आरएनएस)। न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले वनडे से पूर्व भारतीय खिलाड़ियों कप्तान शुभमन गिल, विराट कोहली और रोहित शर्मा को न्यूजीलैंड के पूर्व महान रग्बी खिलाड़ी केविन मीलामू से पर्सनलाइज्ड ऑल ब्लैक्स जर्सी दी। ऑकलैंड के ईडन पार्क में एक खास बातचीत के दौरान तीनों का ऑल ब्लैक्स परिवार में स्वागत किया गया, जहां मीलामू ने क्रिकेटरों को उनके क्रिकेट नंबर वाली एक काली जर्सी दी। गिल को 77, कोहली को 18 और रोहित को 45 नंबर की जर्सी दी गई। न्यूजीलैंड रग्बी के सबसे मशहूर खिलाड़ियों में से एक, मीलामू ने 132 टेस्ट मैचों में ऑल ब्लैक्स का प्रतिनिधित्व किया। वह 2011 और 2015 में रग्बी वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम का हिस्सा थे। 4 नवंबर को मशहूर ऑकलैंड वेन्यू पर शुरू हुई पांच मैचों की वनडे सीरीज से पहले भारतीय स्टार्स के साथ उनकी मीटिंग ने एक स्पोर्टिंग क्रॉसओवर का मौका दिया।

ईडन पार्क न्यूजीलैंड के स्पोर्टिंग इतिहास में एक खास जगह रखता है, जो देश के सबसे मशहूर रग्बी वेन्यू में से एक है। यह स्टेडियम ऑल ब्लैक्स के शानदार 54 मैचों के बिना हारे होम रन से भी जुड़ा है, जो 1994 में शुरू हुआ था।

भारतीय क्रिकेट टीम ने सोशल मीडिया पर इस बातचीत की साझा की। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने इसे तीन भारतीय स्टार्स और न्यूजीलैंड रग्बी के एक महान खिलाड़ी से जुड़ा एक खास पल बताया।

यह मीटिंग दो खेलों से आगे बढ़कर, भारत और न्यूजीलैंड के बीच स्पोर्टिंग रिश्तों के सौ साल पूरे होने के जश्न के दौरान हुई। इस रिश्ते की शुरुआत 1926 में हुई थी, जब महान खिलाड़ी ध्यानचंद की मौजूदगी में इंडियन आर्मी की हॉकी टीम ने न्यूजीलैंड का ऐतिहासिक दौरा किया था।

अभी चल रहा सभी फॉर्मेट का क्रिकेट दौरा दोनों देशों के बीच खेलों के 100 साल पूरे होने के जश्न का हिस्सा है। भारत पहले ही पांच मैचों की टी20 सीरीज 3-2 से जीत चुका है।

मेजबान टीम साझा खेल और सांस्कृतिक विरासत को याद करने के लिए एक खास लिमिटेड-एडिशन कोटाहितंगा वनडे जर्सी भी पहन रही है। वनडे सीरीज के बाद दो टेस्ट मैचों की सीरीज वेलिंगटन और क्राइस्टचर्च में खेली जाएगी।

मैनचेस्टर यूनाइटेड ने तोड़ा लगातार हार का सिलसिला, रोमा को 3-2 से हराया

मैनचेस्टर (आरएनएस)। मैनचेस्टर यूनाइटेड ने दो गोल से पीछे रहने के बावजूद ओल्ड ट्रैफर्ड में शानदार वापसी करते हुए यूईएफए चैंपियंस लीग में रोमा को 3-2 से हराया। मैनचेस्टर यूनाइटेड ने इस जीत के साथ लगातार 9 मैचों में हार के सिलसिले को समाप्त किया। मटियास सोले ने मेहमान टीम के लिए पहला गोल किया, जिसके बाद डोनियल मालेन ने पेनल्टी को गोल में बदलकर शुरुआती 17 मिनट में स्कोर 2-0 कर दिया। इन दो गोलों ने मैनचेस्टर यूनाइटेड पर दबाव बढ़ा दिया। यूनाइटेड के खिलाड़ियों को इसके बाद अपने समर्थकों के भारी विरोध का सामना करना पड़ा। पिच पर हरी टेनिस बॉल फेंकी गई और फुटबॉल डायरेक्टर जेसन विलकॉक्स के खिलाफ नारे लगाए गए। यूनाइटेड की मुश्किलें तब और बढ़ गईं जब मिडफील्डर कार्लोस बालेबा को हैमस्ट्रिंग में चोट लग गई, जिससे कैरिक की पहले से ही मुश्किल शाम में एक और चिंता बढ़ गई। हालांकि, कप्तान ब्रूनो फर्नांडीस ने पेनल्टी को गोल में बदलकर यूनाइटेड की मैच में वापसी कराई।

भारत ने पहले वनडे में न्यूजीलैंड को पांच विकेट से हराया: कोहली की धमाकेदार बल्लेबाजी; अर्शदीप की घातक गेंदबाजी

ऑकलैंड (आरएनएस)। भारत और न्यूजीलैंड के बीच पांच मैचों की वनडे सीरीज का पहला मुकाबला आज ऑकलैंड के ईडन पार्क में खेला गया। भारत ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। न्यूजीलैंड की पारी 185 रन पर सिमट गई। हालांकि, टारगेट रिवाइज किया गया और भारत को 32 ओवर में 143 रन बनाने थे। भारत ने यह लक्ष्य 22.5 ओवर में पांच विकेट गंवाकर हासिल कर लिया।

भारत ने पहले वनडे में न्यूजीलैंड को पांच विकेट से हरा दिया है। भारत को डकवर्थ लुईस नियम के तहत जीत के लिए 32 ओवर में 143 रन का लक्ष्य मिला था। टीम इंडिया ने यह लक्ष्य 22.4 ओवर में हासिल कर लिया। इस जीत के साथ टीम इंडिया ने पांच मैचों की वनडे सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। अगला वनडे सात नवंबर को वेलिंगटन में खेला जाएगा। न्यूजीलैंड की पारी 185



रन पर सिमटी थी।

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड की पारी 40.2 ओवर में 185 रन पर सिमट गई। स्कोर और भी कम होता, लेकिन आखिरी में ब्लेयर टिकनर की तूफानी पारी ने कीवियों को 180 के पार पहुंचाया। भारत को न्यूजीलैंड के शीर्षक्रम और मध्यक्रम के बल्लेबाजों ने इतना परेशान नहीं किया, जितना परेशन 11वें नंबर पर आए ब्लेयर टिकनर ने किया। न्यूजीलैंड का स्कोर एक वक्त नौ विकेट पर 146 रन था। इसके बाद टिकनर ने जैकब डफी के साथ 10वें विकेट के लिए 31 गेंद में 39 रन की साझेदारी निभाई। टिकनर 23 गेंद में एक चौका और चार छक्के की मदद से 34 रन की तूफानी पारी खेलकर आखिरी विकेट के रूप में आउट हुए। उन्हें गुरनूर बराड़ ने विकेटकीपर राहुल के हाथों कैच कराया। डफी 15 रन बनाकर नाबाद रहे। इससे पहले टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की बल्लेबाजी बेहद खराब रही। इसका अंदाजा आप इसी बात से लगा सकते हैं कि सिर्फ पांच बल्लेबाज ही दहाई का आंकड़ा पार कर सके। टिम साइफर्ट 43 गेंद में तीन चौके और दो छक्के की मदद से 38 रन, डेरिल मिचेल 41 गेंद में तीन चौके और एक छक्के की मदद से 28 रन और ग्लेन फिलिप्स 51 गेंद में दो चौके और एक छक्के की मदद से 30 रन बनाकर आउट हुए।

डब्ल्यूटीए फाइनल्स ड्रॉ : पहले मैच में रायबाकिना का मुकाबला नोस्कोवा से और सबालेंका का मुचोवा से

नई दिल्ली, (आरएनएस)। दुनिया की नंबर 1 और डिफेंडिंग चैंपियन एलेना रायबाकिना को डब्ल्यूटीए फाइनल्स के नॉकआउट स्टेज तक पहुंचने के लिए मुश्किल रास्ता दिया गया है। 27 साल की इस खिलाड़ी को ग्रुप 1 में कोको गॉफ और जेसिका पेगुला की अमेरिकी जोड़ी और विंबलडन चैंपियन लिंडा नोस्कोवा के साथ रखा गया है। इस इवेंट में दुनिया की टॉप आठ महिला खिलाड़ी हिस्सा ले रही हैं, जिन्हें दो चार-खिलाड़ियों के ग्रुप में बांटा गया है, जो 8 नवंबर से शुरू होने वाले राउंड-रॉबिन इवेंट में आमने-सामने होंगी, जिससे चार सेमीफाइनलिस्ट तय होंगे। सेमीफाइनल 14 नवंबर को खेले जाएंगे, और जीतने वाली टीमें 15 नवंबर को टाइटल के लिए आमने-सामने होंगी।

पिछले दो मेजर चैंपियन, रायबाकिना और नोस्कोवा के बीच 2026 की पहली मुलाकात, डब्ल्यूटीए फाइनल्स की शुरुआत होगी। मार्च में इंडियन वेल्स चैंपियनशिप मैच में आर्यना सबालेंका से हारने वाली रायबाकिना 2013-14 में सेरेना विलियम्स के बाद पहली बार डब्ल्यूटीए फाइनल्स टाइटल को सफलतापूर्वक डिफेंड करना चाहती हैं।

इस साल की शुरुआत में विंबलडन में अपना पहला ग्रैंड स्लैम टाइटल जीतने के बाद, युवा चेक खिलाड़ी साल के आखिर में होने वाली चैंपियनशिप में अपने डेब्यू में कुछ खास करने के लिए बेताब होंगी।

दोनों की आखिरी मुलाकात 2025 में वुहान में हुई थी, जहां रायबाकिना ने हेड-टू-हेड में लगातार तीसरी जीत हासिल की थी।

आईसीसी रैंकिंग: टेस्ट गेंदबाजों में फिर नंबर एक बने स्टार्क, दूसरे स्थान पर कौन? टी20 में श्रेयस की लंबी छलांग



दुबई (आरएनएस)। आईसीसी की जारी पुरुषों की ताजा रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने दक्षिण अफ्रीका के बाएं हाथ के गेंदबाज मार्को यानसेन को पीछे छोड़ते हुए दुनिया के नंबर-1 टेस्ट गेंदबाज का ताज एक बार फिर अपने नाम कर लिया है। केप टाउन में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेले गए तीसरे टेस्ट मुकाबले में स्टार्क ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मैच में कुल नौ विकेट झटके, जिसकी बदौलत वह एक पायदान की छलांग लगाकर शीर्ष पर पहुंच गए।

इससे पहले अगस्त में स्टार्क ने जसप्रीत बुमराह को पछाड़कर पहली बार यह मुकाम हासिल किया था, लेकिन गक्बेरहा में खेले गए दूसरे टेस्ट में छह विकेट लेकर यानसेन ने उनसे यह ताज छीन लिया था। हालांकि, केप टाउन मैच में यानसेन केवल तीन ही विकेट ले पाए, जिसका फायदा उठाकर स्टार्क ने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग के साथ नंबर-1 का स्थान दोबारा हासिल कर लिया।

दक्षिण अफ्रीका के खिलाड़ियों को रैंकिंग में हुआ फायदा

दक्षिण अफ्रीका के अन्य खिलाड़ियों को इस नवीनतम रैंकिंग में फायदा हुआ है। न्यूलैंड्स में प्लेयर ऑफ द मैच रहे ऑफ स्पिनर साइमन हार्मर ने ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी में छह विकेट चटकाकर अपनी टीम को जीत और सीरीज दिलाई, जिसके बाद वह नौ पायदान की छलांग लगाकर टेस्ट गेंदबाजों की सूची में सीधे सातवें स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने अपने हमवतन कगिसो रबाडा को पीछे छोड़ दिया है, जो उनसे एक स्थान पीछे हैं। हालांकि मार्को यानसेन टेस्ट गेंदबाजों के शीर्ष पर अपनी जगह गंवा बैठे, लेकिन तीसरे टेस्ट में अर्धशतक जड़कर उन्होंने टेस्ट ऑलराउंडरों की सूची में अपना शीर्ष स्थान और बढ़त दोनों मजबूत कर ली है। उन्होंने अपने करियर की नई सर्वश्रेष्ठ रेटिंग हासिल की है। इस श्रेणी में वियान मुल्डर (एक स्थान चढ़कर तीसरे) और साइमन हार्मर (तीन स्थान चढ़कर पांचवें) ने भी अच्छी प्रगति की है।

टेस्ट बल्लेबाजों में कौन किस स्थान पर?

इसके अलावा, टेस्ट बल्लेबाजों की ताजा सूची में एडेन मार्करम, वियान मुल्डर और रेयान रिकेल्टन ने भी उल्लेखनीय सुधार किया है। ऑस्ट्रेलिया के खेमे में कैमरन ग्रीन और एलेक्स कैरी ने भी रैंकिंग में छलांग लगाई है और दोनों संयुक्त रूप से 19वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

गिल के टेंपल डिवाइस इस्तेमाल पर बोलीं सिंधू: बताया खिलाड़ियों के लिए क्यों जरूरी है रिकवरी



नई दिल्ली (आरएनएस)। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता भारतीय बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधू का मानना है कि किसी भी खिलाड़ी के बेहतर प्रदर्शन के लिए रिकवरी सबसे महत्वपूर्ण पहलुओं में से एक है। उन्होंने कहा कि नींद, हार्ट रेट वैरिएबिलिटी (एचआरवी) और मानसिक क्षमता जैसे मानकों की निगरानी से खिलाड़ियों को अपने शरीर की स्थिति समझने और प्रदर्शन में सुधार करने में मदद मिल सकती है। सिंधू भारतीय क्रिकेटर शुभमन गिल के टेंपल डिवाइस इस्तेमाल करने को लेकर अपनी राय साझा कर रही थीं। उन्होंने बताया कि वह खुद भी लंबे समय से इस डिवाइस का इस्तेमाल कर रही हैं और उन्हें इसका अनुभव काफी अच्छा लगा है।

रिकवरी पर ध्यान देना हर खिलाड़ी के लिए जरूरी

गिल को डिवाइस से मिलने वाले आंकड़ों के इस्तेमाल के बारे में सलाह देने के सवाल पर सिंधू ने कहा कि हर खेल और हर खिलाड़ी की जरूरत अलग होती है। हालांकि, रिकवरी एक ऐसा पहलू है, जिस पर सभी खिलाड़ियों को विशेष ध्यान देना चाहिए। सिंधू के मुताबिक, डिवाइस से मिलने वाले आंकड़ों के जरिए खिलाड़ी यह समझ सकते हैं कि उनकी नींद कैसी रही, शरीर कितनी अच्छी तरह रिकवर कर रहा है और उनकी शारीरिक स्थिति क्या है। उन्होंने कहा, जब आप डेटा देखते हैं तो आपको अपने शरीर की स्थिति, रिकवरी और नींद के बारे में समझने में मदद मिलती है। यह हर व्यक्ति पर निर्भर करता है, लेकिन एक एथलीट के लिए रिकवरी सबसे महत्वपूर्ण चीज है।

एचआरवी से लेकर पोषण तक की जानकारी देता है डिवाइस

सिंधू ने बताया कि टेंपल डिवाइस केवल नींद और हार्ट रेट ही नहीं, बल्कि कई अन्य महत्वपूर्ण पहलुओं पर भी नजर रखता है। इसमें मानसिक क्षमता, एचआरवी स्कोर, हृदय गति और पोषण से जुड़ी जानकारी भी शामिल है। डिवाइस के जरिए खिलाड़ी अपने खानपान, भोजन में मौजूद पोषक तत्वों और मैक्रोन्यूट्रिएंट्स की जानकारी भी ट्रैक कर सकते हैं।सिंधू ने कहा कि शुभमन गिल लंबे समय से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेल रहे हैं और उन्हें अपने शरीर की जरूरतों की अच्छी समझ होगी। ऐसे में उन्हें कोई नई सलाह देने के बजाय वह इस बात से खुश हैं कि गिल भी अपनी फिटनेस और रिकवरी को बेहतर बनाने के लिए तकनीक का इस्तेमाल कर रहे हैं।

फटाका बाजार में लगे प्रशासन के खिलाफ नारे

व्यापारियों ने प्रशासन की कार्रवाई पर जताई नाराजगी





नर्मदापुरम (निप्र)। रामजीबाबा समाधि स्थल के सामने फटाका बाजार में बुधवार को शाम के समय प्रशासन के खिलाफ दो तीन घंटे तक जमकर कर नारेबाजी हुई। फटाका व्यापारियों ने एसडीएम मुर्दावाद जिला प्रशासन मुर्दाबाद के नारे लगाए। यह नाराजगी प्रशासन के द्वारा फटाका की जब्ती के खिलाफ की जा रही थी। व्यापारियों का कहना है कि प्रशासन के द्वारा लायसेंस दिए गए हैं। लायसेंस धारी दुकानदार एक दो दिन पहले ही फटाका लेकर आते हैं वह अपने फटाका कहां रखेंगे उनके निवास पर या उनके कोई सुरक्षित स्थान पर ही रखेंगे जिससे उनकी दुकान में फटाको रख कर बेंच सकें। लायसेंस धारी संतोष राठौर के रसूलिया स्थित निवास से प्रशासन ने फटाका की जब्ती बनाई थी। इसके साथ और भी अनेक स्थानों पर फटाकों की जब्ती हुई है। जिससे व्यापारियों में आक्रोश पनप रहा था। जो फटाका बाजार में गुस्से के रूप में देखा गया।

प्रशासन ही लगा ले दुकान

व्यापारियों ने नाराजगी के साथ यह भी कहना शुरू कर दिया है कि जब प्रशासन इतनी शख्ती दिखा रहा है तो अब हम लोग दुकान नहीं लगाएंगे स्वयं प्रशासन ही दुकान लगा ले। जब इस बात की जानकारी विधायक डॉ सीतासरन शर्मा तक पहुंची तो उन्होंने व्यापारियों से मिलने के लिए जनपद अध्यक्ष भूपेंद्र चौकसे को व्यापारियों के पास पहुंचाया उनकी समस्या से अवगत हुए तब भाजपा नेता पियूष शर्मा व्यापारियों से मिलने पहुंचे उन्होंने प्रशासन से बात की तथा सीएमओ और पुलिस विभाग को मौके पर बुलाकर पूछा कि इन छोटे छोटे दुकानदारों के फटाके जब्त कर लिए अब अपना व्यवसाय कैंसे करेंगे। उन्होंने एसडीएम से भी बात की तब उन्होंने कहा कि जनपद पंचायत में बैठकर चर्चा कर सम्स्याओं से संबंधित निराकरण कर लेते हैं। उसके बाद देर शाम को जनपद पंचायत में बैठक हुई बैठक के निष्कर्ष के बाद अब व्यापारी गुरूवार से अपनी दुकान लगा सकेंगे।

शांतिनिकेतन में एनएचडीसी की ड्राइंग प्रतियोगिता में शैली वर्मा बनी विजेता



नर्मदापुरम (निप्र)। शांतिनिकेतन मोंटसरी सीनियर सेकेंडरी स्कूल नर्मदा पुरम में एचडीसी द्वारा आयोजित ड्राइंग प्रतियोगिता का परिणाम घोषित किया गया ।इस प्रतियोगिता का आयोजन दो स्तरों पर किया गया प्रथम समूह कक्षा आठवीं से दसवीं एवं द्वितीय समूह मैं कक्षा पांचवी से सातवीं शामिल थे सीनियर ग्रुप में कक्षा आठवीं की छात्रा शैली वर्मा ने अपनी शानदार ड्राइंग के आधार पर प्रथम स्थान प्राप्त किया द्वितीय स्थान पर कक्षा दसवीं की छात्रा अपूर्वा जाटव रही तृतीय स्थान पर संयुक्त रूप से कक्षा नवमी के छात्र नैतिक सिंह एवं कक्षा आठवीं की छात्रा दर्शिता मेहरा रही। जूनियर वर्ग में कक्षा सातवीं की छात्रा निशिता बढ़कुर ने अपनी सुंदर ड्राइंग के आधार पर प्रथम स्थान प्राप्त किया ,द्वितीय स्थान पर कक्षा सातवीं के छात्र आदित्य पाराशर रहे एवं तृतीय स्थान पर कक्षा छठवीं की छात्रा वान्या वर्मा रही।इस अवसर पर शाला प्राचार्य वी वी सुब्रमण्यम ने सभी विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर आशीर्वाद दिया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। शाला की चेयरपर्सन श्रीमती ग्रेस जॉर्ज ने सभी विजेताओं को शांतिनिकेतन परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं दी।

इटारसी में नवीन बस स्टैंड से होगा बसों का संचालन, यात्री सुविधाओं के विस्तार पर प्रशासन ने की चर्चा

ऑटो एवं ई-रिक्शा के किराया निर्धारण पर भी होगा निर्णय

नर्मदापुरम (निप्र)। इटारसी नगर में यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने तथा यात्रियों को बेहतर परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नवनिर्मित नवीन बस स्टैंड से बसों का संचालन प्रारंभ किया जाएगा। इस संबंध में जिला प्रशासन द्वारा जनप्रतिनिधियों एवं व्यापारी संघों एवं बस ऑपरेटरों के पदाधिकारियों को आमंत्रित कर बैठक आयोजित की गई जिसमे आवश्यक सुविधाओं के विस्तार और बस संचालन की व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई ।उल्लेखनीय है कि इटारसी में नवीन बस स्टैंड का निर्माण यात्रियों की सुविधा एवं शहर की यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित करने के उद्देश्य से किया गया है।

ऐनी बेसेंट विशेष विद्यालय में बौद्धिक दिव्यांग बच्चों की वोकेशनल प्रदर्शनी का शुभारंभ,अतिथियों ने की सराहना





नर्मदापुरम (निप्र)। फर्क नहीं पड़ता हाथों की लकीरों में क्या है, दिव्यांग बच्चों की कला में खुशियों का नया सवेरा है। नर्मदापुरम जिले में बौद्धिक दिव्यांग बच्चों के कल्याण एवं सशक्तिकरण के लिए कार्यरत ऐनी बेसेंट मेमोरियल शिक्षण समिति के तत्वावधान में, ऐनी बेसेंट विशेष विद्यालय एवं आवासीय छात्रावास के प्रांगण में दो दिवसीय (4 और 5 नवंबर) वोकेशनल प्रदर्शनी का भव्य शुभारंभ किया गया। इस प्रदर्शनी में बच्चों द्वारा व्यावसायिक प्रशिक्षण (वोकेशनल ट्रेनिंग) के दौरान तैयार की गई सुंदर और उपयोगी सामग्रियां प्रदर्शित की गई हैं।

नीरजा फौजदार और वरिष्ठ नागरिक परिसंघ ने किया शुभारंभ

प्रदर्शनी का गरिमामयी शुभारंभ माँ नर्मदा सहयोग समिति की अध्यक्ष एवं समाज सेविका नीरजा फौजदार तथा वरिष्ठ नागरिक परिसंघ (प्रदेश उपाध्यक्ष पंडित दशरथ प्रसाद तिवारी एवं उनकी टीम) के आतिथ्य में संपन्न हुआ।नीरजा फौजदार ने बच्चों के साथ अनूठी दीपावली मनाते हुए कहा, हम सब प्रतिवर्ष सबसे पहले दीपावली दिव्यांग बच्चों के साथ ही मनाते हैं, ताकि इन बच्चों के चेहरों पर खुशी आ सके। उन्होंने बच्चों द्वारा निर्मित सजावटी सामग्रियों की खरीदी कर उनका सीधा आर्थिक सहयोग भी किया। वहीं, पंडित दशरथ प्रसाद तिवारी और उनकी टीम ने भी बच्चों की इस अद्भुत कला की खुलकर सराहना की।

विशिष्ट जनों की उपस्थिति

कार्यक्रम के दौरान नमस्ते नर्मदापुरम पेज के एडमिन तन्मय करैया विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने बच्चों द्वारा तैयार की गई सामग्रियों को देखकर गहरी प्रसन्नता व्यक्त की और उन्हें निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर संस्था की संचालिका समाजसेविका श्रीमती आरती दत्ता, संस्था अध्यक्ष श्रीमती शेफाली कानाथ एवं संस्था सचिव रजनीश वरुमैया भी विशेष रूप से मौजूद रहे।

बुधनी के विद्यार्थियों ने बढ़ाया हौसला

कार्यक्रम के दौरान बीबीएम स्कूल, बुधनी के कक्षा 8वीं के विद्यार्थियों ने भी अपनी सहभागिता दर्ज कराई। उन्होंने विशेष बच्चों के साथ समय बिताया, उनकी कला को नजदीक से देखा और संवाद कर उनका उत्साहवर्धन किया।

बच्चों के साथ मनाई खुशियों की दीवाली

शुभारंभ अवसर पर अतिथियों, शिक्षकों और बच्चों ने मिलकर फुलझड़ियाँ जलाईं और उत्सव का आनंद लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चों को स्वादिष्ट अल्पाहार वितरित किया गया। इस दौरान विद्यालय के समस्त बच्चे एवं समस्त शिक्षकगण पूरी तन्मयता के साथ उपस्थित रहे।संस्था की ओर से जिलावासियों से विनम्र अपील की गई है कि वे 4 और 5 नवंबर को संस्था प्रांगण में पधारकर इन विशेष बच्चों द्वारा तैयार की गई सामग्री का अवलोकन करें और खरीदारी कर उनका उत्साहवर्धन करें।

अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन पर कार्रवाई, 4 ट्रैक्टर-ट्रॉली और एक ट्रैक्टर लोडर जब्त

नर्मदापुरम (निप्र)। जिले में रेत खनिज के अवैध उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध जिला प्रशासन द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में खनिज विभाग एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने विभिन्न क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए अवैध उत्खनन एवं परिवहन में संलिप्त 4 ट्रैक्टर-ट्रॉली तथा एक ट्रैक्टर लोडर जब्त किया। कार्रवाई के दौरान तहसील इटारसी के ग्राम होरियापीपर में रेत का अवैध उत्खनन एवं परिवहन करते हुए दो ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त की गईं। जब्त वाहनों को पुलिस थाना इटारसी की अभिरक्षा में रखा गया है। इसी प्रकार तहसील माखननगर के ग्राम रजौन में रेत का अवैध परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त कर पुलिस थाना माखननगर की अभिरक्षा में रखी गई।

विद्यार्थियों के अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट के लिए जिले के 13 स्कूलों में शिविर शुरू

नर्मदापुरम (निप्र)। कलेक्टर आशीष वशिष्ठ के निर्देशानुसार जिले के शासकीय एवं निजी विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट के लिए विशेष अभियान प्रारंभ किया गया है। अभियान के तहत जिले के 13 विद्यालयों में 25 आधार मशीनों के माध्यम से शिविर आयोजित किए गए। इन शिविरों में बुधवार को कुल 1022 विद्यार्थियों का बायोमेट्रिक अपडेट दर्ज किया गया। इसी के साथ अब तक कुल 1710 अपडेट हो चुके हैंअभियान का उद्देश्य जिले के सभी पात्र विद्यार्थियों का अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट समयसीमा में पूर्ण कराना है। शिविरों के प्रभावी संचालन एवं सतत निगरानी के लिए डीपीसी डॉ. राजेश जायसवाल द्वारा शिक्षा विभाग के बीईओ, बीआरसी एवं जनशिक्षकों की विद्यालयवार ड्यूटी लगाई गई है।

कार्यालय नगर पालिका परिषद नर्मदापुरम् (म.प्र.)

cmohoshangabad@mpurban.gov.in

क्रमांक/6904/डेएनयूएलएम/दी.अ.र.यो./2026 नर्मदापुरम, दिनांक 03/11/2026

।। निविदा आमंत्रण सूचना।।

मध्यप्रदेश शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग वल्लभ भवन मंत्रालय भोपाल से प्राप्त निर्देशों के परिपालन में दीनदयाल रसोई योजना (तृतीय चरण) में नगर पालिका परिषद नर्मदापुरम् अंतर्गत बस स्टेण्ड पर रसोई केन्द्र का संचालन किया जाना है। रसोई केन्द्र के संचालन के लिए इच्छुक संस्थाओं/ स्व-सहायता समूहों के प्रस्ताव आमंत्रित किये जाते है। ऐसी संस्थाएं/स्व-सहायता समूह जो सेवा भाव से कार्य करने में सक्षम है एवं पूर्व से नि:शुल्क अथवा सस्ते दर पर भोजन उपलब्ध कराने का कार्य संस्थाओं द्वारा किया गया हो ऐसी संस्थाओं को प्राथमिकता देय होगी। चयनित संस्थाओं से विहित प्रारूप में अनुबंध निष्पादित किया जावेगा। नगर पालिका परिषद नर्मदापुरम् द्वारा "दीनदयाल रसोई योजना" के तहत रसोई केन्द्र के संचालन हेतु ऑनलाइन ई-निविदा क्रमांक 2026_UAD_547340_1 के माध्यम से प्रस्ताव आमंत्रित किये जा रहे है जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

ई-निविदा क्रमांक	कार्य का नाम	निविदा प्रपत्र राशि	अमानत राशि (EMD)	ई-निविदा अंतिम दिनांक व समय	कार्य पूर्ण करने की समयावधि
2026_UAD_547340_1	नगर पालिका परिषद नर्मदापुरम् अंतर्गत बस स्टेण्ड पर दीनदयाल रसोई केन्द्र का संचालन एवं संधारण कार्य।	2000/-	15500/-	20/11/2026 (18.00 बजे)	365 दिवस (12 माह)

विवरण/शर्तें :-

1. इस योजना के अंतर्गत रूपये 05/- (पांच रूपये) प्रति व्यक्ति की दर से भरपेट भोजन उपलब्ध कराया जावेगा।
2. रसोई केन्द्र के संचालन हेतु इच्छुक संस्थाओं/एरिया लेवल फेडरेशन/स्व-सहायता समूह/ व्यक्तियों से प्रस्ताव ऑनलाइन आमंत्रित किये जाते है।
3. स्थायी रसोई केन्द्र के साथ चलित रसोई केन्द्र का संचालन किया जा सकता है।
4. निविदा नियम एवं शर्तें बेवसाइट www.mptenders.gov.in पर दिनांक 04/11/2026 (16.00 बजे) से 20/11/2026 (18.00 बजे) तक डाउनलोड कर सकते है।
5. सभी प्रकार के पूर्ण मोहरबंद निविदाएं दिनांक 20/11/2026 (18.00 बजे) तक एन.यू.एल.एम. शाखा नगर पालिका परिषद नर्मदापुरम् कार्यालय में जमा करना होगा। संस्था द्वारा अपने अर्हता संबंधित समस्त अभिलेख निविदा के साथ संलग्न करना आवश्यक है, कोई भी अन्य अभिलेख निर्धारित तिथि के पश्चात् स्वीकार नहीं किये जाएंगे। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् प्राप्त होने वाली निविदाओं पर विचार नहीं किया जाएगा।
6. निविदा से संबंधित कोई भी संशोधन समाचार पत्रों में प्रकाशित न करते हुए केवल उल्लेखित बेवसाइड पर ही सूचित किये जाएंगे।
7. जिला स्तरीय समन्वय अनुश्रवण समिति नर्मदापुरम् के पास एक अथवा सभी निविदाओं को बिना कारण निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।
8. उपरोक्त के संबंध में समस्त जानकारी नगर पालिका परिषद नर्मदापुरम् की डेएनयूएलएम शाखा से कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है।
9. किसी भी विवाद की स्थिति में मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद नर्मदापुरम् का निर्णय ही अंतिम रूप से मान्य होगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद
नर्मदापुरम्

सीवर पाइपलाइन और सड़क रिस्टोरेशन कार्य का प्रशासनिक अधिकारियों ने नगरपालिका टीम के साथ किया निरीक्षण

नर्मदापुरम (निप्र)। जिले में शहर के विकास और बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से चल रहे सीवर पाइपलाइन प्रोजेक्ट के तहत किए जा रहे कार्यों की गुणवत्ता की जांच तेज हो गई है। कलेक्टर आशीष वशिष्ठ के निर्देशानुसार, जिला प्रशासन की विभिन्न टीमों ने शहर के अलग-अलग वार्डों में सीवर पाइपलाइन डालने के उपरांत रिस्टोर (सुधार) की गई सड़कों का सघन निरीक्षण किया।

इसी क्रम में, प्रशासनिक टीम ने वार्ड क्रमांक 01, 02 और 03 का दौरा किया। इस निरीक्षण दल में तहसीलदार सुनील शर्मा और सहायक आबकारी अधिकारी अभिलाष पाठक के साथ नगरपालिका की इंजीनियर रीना गुप्ता, ऋषभ कश्यप,नागेंद्र सोलंकी भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर सीवर लाइन डालने के बाद बनाई गई सड़कों की गुणवत्ता, मजबूती और वर्तमान स्थिति का बारीकी से जायजा लिया। इसके साथ ही, उन्होंने सड़क पर बनाए गए चैंबरों की स्थिति की भी विस्तृत जानकारी प्राप्त की और निर्माण कार्य में मानकों का पूरा पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी वैभव देशमुख ने जानकारी देते हुए बताया कि कलेक्टर महोदय के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन की अलग-अलग टीमें नगर के सभी वार्डों में नगरपालिका के दल के साथ लगातार निरीक्षण कर रही हैं। इसका मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सीवर लाइन बिछाने के बाद सड़कों की मरम्मत और रिस्टोरेशन का कार्य उच्च गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा हो, ताकि आम नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

न्यायालय सक्षम प्राधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), पिपरिया जिला नर्मदापुरम

प्ररूप-ख

(मध्यप्रदेश भूमिगत पाइप लाइन, केबल एवं डक्ट (भूमि की उपयोक्ता के अधिकारों का अर्जन) नियम, 2013 के नियम 5 का उपनियम (2) देखिए)

रा.प्र.क्र./0002/अ-82/2025-26 नर्मदापुरम, दिनांक

अतएव, राज्य सरकार को लोकहित में यह आवश्यक प्रतीत होता है कि भूमिगत पाईप लाईन के माध्यम से स्वचालित स्प्रिंकलर/ड्रिप प्रणाली से सिंचाई बावत् पानी परिवहन हेतु ग्राम आमगांव प.ह.नं. 17 तहसील बनखेडी जिला नर्मदापुरम में कार्यपालन यंत्री रानी अवंतीबाई लोधी सागर नहर संभाग नरसिंहपुर द्वारा भूमिगत पाईपलाईन, केबल एवं डक्ट बिछाई जाए।

और अतएव राज्य सरकार को उक्त भूमिगत पाइप लाइन, केबल एवं डक्ट बिछाने के प्रयोजन के लिए यह आवश्यक प्रतीत होता है कि उस भूमि में, जिसमें भूमिगत पाइप लाइन, केबल एवं डक्ट बिछाये जाने का प्रस्ताव है, जो इस अधिसूचना से संलग्न अनुसूची में वर्णित है, उपयोग के अधिकार का अर्जन किया जाए।

अतएव, मध्यप्रदेश भूमिगत पाइप लाइन, केबल एवं डक्ट (भूमि के उपयोक्ता के अधिकारों का अर्जन) अधिनियम, 2012 (क्रमांक 5 सन् 2013) की धारा 3 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार, उसमें उपयोग के अधिकार का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा करती है।

कोई व्यक्ति जो उक्त अनुसूची में वर्णित भूमि में हितबद्ध है, उस तारीख से जिसको उक्त अधिनियम की धारा 3 की उपधारा (1) के अधीन अधिसूचना राजपत्र में प्रकाशित होती है इक्कीस दिवस के भीतर, भूमि के नीचे पाइप लाइन, केबल एवं डक्ट बिछाये जाने के संबंध में सक्षम प्राधिकारी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पिपरिया जिला नर्मदापुरम मध्यप्रदेश को लिखित में आक्षेप भेज सकेगा।

-: अनुसूची :-

जिला	तहसील	ग्राम/पटवारी हल्का क्रमांक	खसरा क्रमांक	उपयोग के अधिकार के लिये जाने वाली भूमि (हेक्टेयर में)
01	02	03	04	05
नर्मदापुरम	बनखेडी	ग्राम आमगांव प.ह.नं. 17	141	0.024
कुल योग			01	0.024

जी/21029/26

(आकिप खान)
सक्षम प्राधिकारी एवं
अनुविभागीय अधिकारी राजस्व
पिपरिया, जिला-नर्मदापुरम

हेलमेट पहनकर वाहन चलायें, अपनी व दूसरों की जान बचायें

न्यायालय सक्षम प्राधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), पिपरिया जिला नर्मदापुरम

प्ररूप-ख

(मध्यप्रदेश भूमिगत पाइप लाइन, केबल एवं डक्ट (भूमि की उपयोक्ता के अधिकारों का अर्जन) नियम, 2013 के नियम 5 का उपनियम (2) देखिए)

रा.प्र.क्र./0003/अ-82/2025-26 नर्मदापुरम, दिनांक

अतएव, राज्य सरकार को लोकहित में यह आवश्यक प्रतीत होता है कि भूमिगत पाईप लाईन के माध्यम से स्वचालित स्प्रिंकलर/ड्रिप प्रणाली से सिंचाई बावत् पानी परिवहन हेतु ग्राम भैंरोपुर प.ह.नं. 19 तहसील बनखेडी जिला नर्मदापुरम में कार्यपालन यंत्री रानी अवंतीबाई लोधी सागर नहर संभाग नरसिंहपुर द्वारा भूमिगत पाईपलाईन, केबल एवं डक्ट बिछाई जाए।

और अतएव राज्य सरकार को उक्त भूमिगत पाइप लाइन, केवल एवं डक्ट बिछाने के प्रयोजन के लिए यह आवश्यक प्रतीत होता है कि उस भूमि में, जिसमें भूमिगत पाइप लाइन, केबल एवं डक्ट बिछाये जाने का प्रस्ताव है, जो इस अधिसूचना से संलग्न अनुसूची में वर्णित है, उपयोग के अधिकार का अर्जन किया जाए।

अतएव, मध्यप्रदेश भूमिगत पाइप लाइन, केबल एवं डक्ट (भूमि के उपयोक्ता के अधिकारों का अर्जन) अधिनियम, 2012 (क्रमांक 5 सन् 2013) की धारा 3 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार, उसमें उपयोग के अधिकार का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा करती है।

कोई व्यक्ति जो उक्त अनुसूची में वर्णित भूमि में हितबद्ध है, उस तारीख से जिसको उक्त अधिनियम की धारा 3 की उपधारा (1) के अधीन अधिसूचना राजपत्र में प्रकाशित होती है इक्कीस दिवस के भीतर, भूमि के नीचे पाइप लाइन, केबल एवं डक्ट बिछाये जाने के संबंध में सक्षम प्राधिकारी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पिपरिया जिला नर्मदापुरम मध्यप्रदेश को लिखित में आक्षेप भेज सकेगा।

-: अनुसूची :-

जिला	तहसील	ग्राम/पटवारी हल्का क्रमांक	खसरा क्रमांक	उपयोग के अधिकार के लिये जाने वाली भूमि (हेक्टेयर में)
01	02	03	04	05
नर्मदापुरम	बनखेडी	ग्राम भैंरोपुर प.ह.नं. 19	24/1	0.006
नर्मदापुरम	बनखेडी	ग्राम भैंरोपुर प.ह.नं. 19	23/1	0.016
नर्मदापुरम	बनखेडी	ग्राम भैंरोपुर प.ह.नं. 19	12/2	0.008
नर्मदापुरम	बनखेडी	ग्राम भैंरोपुर प.ह.नं. 19	12/3	0.024
नर्मदापुरम	बनखेडी	ग्राम भैंरोपुर प.ह.नं. 19	15	0.006
नर्मदापुरम	बनखेडी	ग्राम भैंरोपुर प.ह.नं. 19	16	0.024
नर्मदापुरम	बनखेडी	ग्राम भैंरोपुर प.ह.नं. 19	61/2	0.011
नर्मदापुरम	बनखेडी	ग्राम भैंरोपुर प.ह.नं. 19	64	0.005
नर्मदापुरम	बनखेडी	ग्राम भैंरोपुर प.ह.नं. 19	63	0.008
नर्मदापुरम	बनखेडी	ग्राम भैंरोपुर प.ह.नं. 19	62	0.013
नर्मदापुरम	बनखेडी	ग्राम भैंरोपुर प.ह.नं. 19	65/3	0.017
नर्मदापुरम	बनखेडी	ग्राम भैंरोपुर प.ह.नं. 19	65/5	0.019
कुल योग			12	0.157

जी/21036/26

(आकिप खान)
सक्षम प्राधिकारी एवं
अनुविभागीय अधिकारी राजस्व
पिपरिया, जिला-नर्मदापुरम

हेलमेट पहनकर वाहन चलायें, अपनी व दूसरों की जान बचायें

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एव ब्यूरों प्रमुख श्री कृष्णकांत सक्सेना की ओर से आलोक प्रेस,तलैया भोपाल एव श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित। स्थानीय ब्यूरों प्रमुख श्री बलराम शर्मा सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 (नर्मदापुरम मो. 9926434695) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com